डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹79900 10 ग्राम

₹98000 01 किलो

सेंसेक्स 76,171.08 -122.52

डॉलर 86.884 +0.095

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 13 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-120, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा...

## एक नजर

### सेना के जवानों की वीरता प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत : राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को कॉकरेल इकोलॉजिकल पार्क एवं प्रशिक्षण क्षेत्र, दीपाटोली, रांची में आयोजित ईस्टर्न कमांड अलंकरण समारोह-2025 में भाग लिया। उन्होंने वीरता पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों एवं उनके परिजनों से भेंट की तथा उनके साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रसेवा में समर्पित वीर जवानों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को नमन किया। राज्यपाल गंगवार ने कहा कि भारतीय सेना के वीर योद्धा देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए जिस अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हैं, वह प्रत्येक नागरिक के लिए प्रेरणास्रोत है।

### तमाड़ में पांच लाख की लूट, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के रंगामाटी तड़ाई रोड में बुधवार को अज्ञात तीन अपराधी दिनदहाड़े पांच लाख रुपये लूट कर फरार हो गए। एसबीआई के सीएससी संचालक शिवचरण महतो के तमाड़ सेंटर पर इस लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि अज्ञात अपराधियों ने सीएससी में लूट की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी मिलने पर पुलिस अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है। उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज | कल




# महाकुंभ: बुद्ध पूर्णिमा पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़, रेलवे प्रशासन रहा उदासीन

- रेलवे प्रशासन रहा उदासीन, पूछताछ के लिए भटकते रहे श्रद्धालु
- पुलिस की चौकसी नदारद, अव्यवस्था से यात्री परेशान

राणा अरुण सिंह



**मेदिनीनगर।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर संगम स्नान के लिए प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंगलवार रात डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उमड़ पड़ी। स्थिति यह थी कि स्टेशन पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची थी। ट्रेनों में चढ़ना तो दूर, प्लेटफॉर्म पर खड़े होने की भी मुश्किलें बढ़ गईं। स्टेशन पर चारों ओर श्रद्धालुओं का सैलाब नजर आ रहा था। हर कोई किसी भी तरह प्रयागराज पहुंचने की जल्दी में था। इस भीड़ के कारण रिजर्वेशन वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ी। ट्रेन में जगह न मिलने के कारण कई यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। इतनी भीड़ के बावजूद रेलवे प्रशासन की ओर से किसी भी तरह की सहायता या सूचना की उचित व्यवस्था नहीं थी। जब भी श्रद्धालु पूछताछ के लिए संबंधित रेलवे कर्मियों के पास जाते, उन्हें ऑनलाइन स्टेटस देखने की सलाह दे दी जाती। न तो उन्हें ट्रेनों की सही जानकारी दी जा रही थी और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की कोई सूचना मिल रही थी। रेलवे कर्मियों की इस उदासीनता के कारण श्रद्धालु परेशान और नाराज नजर आए। इतनी भारी भीड़ के बावजूद प्लेटफॉर्म पर पुलिस व्यवस्था नाममात्र की थी। प्रशासन की निष्क्रियता के चलते लोग इधर-उधर भटकते रहे। किसी तरह ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे यात्रियों को कोई सुरक्षा या मार्गदर्शन नहीं मिल रहा था। कई बार ट्रेन में चढ़ने के दौरान धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, जिससे हादसे की आशंका भी बढ़ गई। इस अव्यवस्था के बीच स्टेशन पर कई बार बिजली भी गुल हो गई। श्रद्धालु अंधेरे में असहज महसूस करने लगे। इस दौरान कई यात्री अपने सामान को लेकर चिंतित दिखे, क्योंकि स्टेशन की सीसीटीवी और अन्य सुरक्षा व्यवस्थाएं भी ठप हो गईं।

- शेष पेज 11 पर

## महाकुंभ जा रहे यात्रियों की वाहन हादसे का शिकार

# एनएच-75 पर इनोवा-ट्रक की भिड़ंत, एक की मौत, तीन गंभीर

नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** एनएच-75 पर लातदाग गांव के पास बुधवार तड़के ट्रक और इनोवा कार की टक्कर में रांची हटिया निवासी शंभू कुमार राय की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

महाकुंभ जा रहे थे यात्री

कार में सात लोग सवार थे और वे रांची हटिया से महाकुंभ के लिए प्रयागराज जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कोयला लदे ट्रक से टक्कर हो गई।



घायलों में राधा देवी (मृतक की पत्नी), अरविंद कुमार (46 वर्ष) - पिता उपेंद्र प्रसाद सिंह, आदित्य सिंह (13 वर्ष) - पिता अरविंद कुमार, संदीप कुमार राय (36 वर्ष) - पिता अवधेश कुमार सिंह और अखिलेश यादव (27 वर्ष) - पिता प्रमोद यादव के नाम शामिल हैं। घायलों को मेराल सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस और सीओ यशवंत नायक ने अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### वाहन की धक्के से एक की मौत, एक गंभीर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद के जपला-छतरपुर मुख्य पथ के खादी ग्रामोद्योग के समीप बुधवार की देर शाम अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार विशाल चौहान नामक युवक की मौत हो गई। युवक नोनिया बिगहा गांव का निवासी हैं। ग्रामीणों ने घायल अवस्था में उसे अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने विशाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि ललन चौहान की स्थिति गंभीर बताई जाती हैं। उसे प्रारंभिक इलाज के बद बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है।

# ईंट भट्ठा व क्रशर मालिकों से रंगदारी मांगने की योजना बनाते दो अपराधी गिरफ्तार

- एक रायफल, एक भरठुआ बंदूक, एक बैग, प्लास्टिक में लपेटा केन बम व अन्य समान बरामद
- पुलिस दोनों को रिमांड पर लेकर करेगी पूछताछ

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में ईंट भट्ठा, क्रशर मालिकों से रंगदारी मांगने की योजना बनाते दो अपराधियों को रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार दोनों अपराधियों की पहचान जिले के पाटन थाना क्षेत्र के मायापुर निवासी इतवारू भुइयां के 35 वर्षीय पुत्र उमेश भुइयां और चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी नयाजुद्दीन अंसारी के 25 वर्षीय पुत्र फिरोज अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से .315 बोर की एक राइफल, एक भरठुआ बन्दूक, एक केन बम, कपड़े, बैग और अन्य सामान बरामद की है। यह जानकारी बुधवार को पुलिस कप्तान के कार्यालय कक्ष में सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के पिपराही से सटे जंगल में दो व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहे हैं और किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी ओमप्रकाश साव के नेतृत्व में टीम बनाकर छापेमारी की। इस क्रम में उमेश भुइयां और फिरोज अंसारी को पकड़ा गया। उमेश के पास से .315 बोर की एक राइफल, एक काला रंग का पीठू बैग और फिरोज अंसारी के पास से एक भरठुआ बन्दूक बरामद हुआ। पीठू बैग खोलने पर एक काले रंग के प्लास्टिक में लपेटा हुआ केन बम मिला। केन बम को निष्क्रिय करने की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि उमेश और फिरोज पूर्व में उग्रवादी संगठन जेजेएमपी से जुड़े हुए थे। कुछ दिनों से आपराधिक संगठन बनाकर जेजेएमपी, माओवादी और आदित्य नाम से ईंट भट्ठा, क्रशर मालिक और अन्य लोगों से रंगदारी मांगते थे। दोनों ने रंगदारी मांगने की बात स्वीकार की है। इनमें से फिरोज - शेष पेज 11 पर

## प्रेमी ने दुपट्टे से गला घोंटकर प्रेमिका की हत्या की, बिहार में गिरफ्तार

**गुमला।** जिले के बिशुनपुर थाना क्षेत्र के कठठोकवा गांव की 24 वर्षीय अनुरिका कुमारी की बिहार के डेहरी में गला घोंटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने उसकी हत्या के आरोप में उसके प्रेमी, घाघरा निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह के अनुसार, अनुरिका और सोनू के बीच लगभग दो वर्षों से प्रेम संबंध था। अनुरिका ने शादी का दबाव बनाया था, जिसकी जानकारी उसने गुमला महिला थाना और बिशुनपुर थाना में भी दी थी। सोनू ने मार्च में शादी का वादा किया था, लेकिन अनुरिका के लगातार दबाव के कारण उसने हत्या की योजना बनाई। 5 फरवरी को दोनों प्रयागराज कुंभ मेले के लिए गए थे। डेहरी में अनुरिका के शौच जाने पर सोनू ने उसका गला दुपट्टे से घोंटकर हत्या कर दी और गर्दन पर चाकू से वार किया। इसके बाद सोनू अकेले कुंभ मेले में गया, स्नान किया और घर लौट आया। अनुरिका की मां ने बिशुनपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस पूछताछ में सोनू ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। बिहार पुलिस ने उसे बिशुनपुर थाने से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोनू, जो एक कूरियर बॉय है, ने बताया कि अप्रैल 2023 में अनुरिका को ऑनलाइन मंगवाया गया पार्सल देने के दौरान उनकी मुलाकात हुई और बाद में फोन पर बातचीत शुरू हुई। धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम संबंध विकसित हुआ, लेकिन अनुरिका के लगातार शादी के लिए दबाव बनाने और सोनू के परिवार को फंसाने तथा जान से मारने की धमकी देने से परेशान होकर उसने हत्या कर दी। वर्तमान में आरोपी बिहार पुलिस की हिरासत में है और मामले की जांच जारी है।

# जेजेएमपी का उग्रवादी हथियार के साथ गिरफ्तार




- ग्रामीण इलाकों में लेवी वसूली कर रहा था उग्रवादी, पुलिस ने छापेमारी कर पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पुलिस ने जेजेएमपी के सक्रिय उग्रवादी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 7.56 एमएम का ऑटोमेटिक पिस्टल, 5 जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद हुई है। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बुधवार को प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी।

एसपी ने बताया कि अर्जुन सिंह, पिता योगेंद्र सिंह, ग्राम बरियातू (थाना मनिका), लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र में सक्रिय था और ग्रामीण इलाकों में ठेकेदारों से लेवी वसूलने में लगा था। पुलिस को इसकी लगातार सूचना मिल रही थी। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (बरवाडीह) भरत राम के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी की गई।

मनिका थाना क्षेत्र के सनगडवा इलाके में संदिग्ध गतिविधियों के दौरान उसे पकड़ा गया। पुलिस जांच में सामने आया कि अर्जुन सिंह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। उसके खिलाफ मनिका थाना में 2024 और 2025 में दो मामले दर्ज हैं। इस छापेमारी में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, अवर निरीक्षक रणधीर कुमार सिंह, अरुण लकड़ा, अनुरंजन टोपनो, पप्पू यादव समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

मांडर रेफरल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन, शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा-

# हम और आप स्वस्थ रहेंगे तभी स्वस्थ समाज संभव



नवीन मेल संवाददाता

**मांडर (रांची)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य के प्रति काफी सजग हैं। इसके लिए योजनाएं भी चलाई जा रही हैं। हेमंत सोरेन सरकार योजनाओं का लाभ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचा रही है। स्वास्थ्य सेवा का बेहतर लाभ सभी को मिले, इसके लिए शासन-प्रशासन सक्रिय है।

इसी क्रम में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बुधवार को रांची के मांडर स्थित रेफरल अस्पताल के नए भवन का उद्घाटन किया। - शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# लुप्त होती भाषाएं और मिटती संस्कृतियां



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

कभी कहा जाता था चार कोस में पानी और पांच कोस में वाणी बदल जाती है पर अब उसके अवशेष मिलते हैं क्योंकि तेजी से विदेशी संस्कृति के प्रति आकर्षण और अपनी भाषा बोली के प्रति हीन भावना बढ़ी है। इसके मूल में राजनीति है जो भेदभाव में भविष्य ढूंढती है और अदृश्य बंधन संस्कृति है जो हमें जोड़ती है। मेरठ के सुभारती विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय स्तर पर चिति विमर्श पर खूब चर्चा हुई। वक्ताओं ने साबित किया कि हमारी एकजुटता की जड़ें तोड़क शक्तियों से अधिक मजबूती से जमी हैं। दार्शनिक में लुडविग विट्गेंश्टाइन ने भाषा को लेकर अनोखी बात कही है, 'मेरी भाषा की सीमा का अर्थ है, मेरी दुनिया की चौहद्दी।' इसका साफ मतलब यह है कि हर व्यक्ति की अपनी भाषा दरअसल उसकी दुनिया होती है। ऐसी दुनिया, जिसमें सिर्फ भूगोल ही शामिल नहीं है, इतिहास भी है और संस्कृति भी, जिसमें परंपरा भी शामिल है और सदियों का अपना एक्सक्लूसिव ज्ञान भी। जिस तरह नदियां अपने उद्गम और अपने प्रवाह वाले इलाकों की पूरी संस्कृति और पर्यावरण के अथाह गुणों को खुद में समाए रहती हैं, भाषाएं भी नदी की भांति ही अपनी परंपरा, अपनी सोच, अपने दर्शन, अपने भूगोल और अपने इतिहास के साथ ही समूची संस्कृति को लेकर प्रवाहित होती रही हैं। भाषाओं को लेकर ऐसी बातों का संदर्भ क्या है? दरअसल संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन यूनेस्को ने भाषाओं को लेकर जो ताजा रिपोर्ट जारी की है, उसमें कहा गया है कि हर दो हफ्ते बाद दुनिया की एक भाषा मर रही है। यूनेस्को के अनुसार, पहले जहां हर तीन महीने के अंतराल पर एक भाषा की मौत की खबर आती थी, वहीं साल 2019 के बाद इस गति में तेजी आई है। यूनेस्को के मुताबिक, इस दर से हर साल दुनिया से करीब नौ भाषाओं का अस्तित्व खत्म होते जा रहा है। साफ है कि अगर एक भाषा मर रही है तो दरअसल उस भाषा की अपनी विशिष्ट संस्कृति, उसकी अपनी सोच और उसका अपना परिवेशबोध मर रहा है। इन अर्थों में देखें तो भाषाओं का इस तरह मरते जाना दरअसल संस्कृतियों के बहुलवादी स्वरूप का संकुचित होते जाना है। यूनेस्को के अनुसार साल एक हजार ईस्वी तक दुनियाभर में नौ हजार से कुछ ज्यादा भाषाएं अस्तित्व में थीं। जिनकी संख्या घटते-घटते आज सात हजार के आसपास सिमट गई है। यूनेस्को को आशंका है कि भाषाओं के मरने की यही दर बनी रही तो 21वीं सदी के अंत तक दुनियाभर की करीब तीन हजार भाषाओं का अस्तित्व समाप्त हो चुका होगा। भाषाओं के जानकारों के अनुसार, यूनेस्को का यह आकलन उम्मीदों से भरा है। जबकि पश्चिम के कई भाषा और मानवशास्त्री मानते हैं कि अगर भाषाओं के मरने की गति ऐसी ही रही तो साल 2200 ईस्वी तक दुनियाभर में महज 100 भाषाएं ही जीवित रह पाएंगी। भाषाओं के लुप्त होने को लेकर भारत में एक अवधारणा यह है कि जो भाषा क्लिष्ट या




कठिन होती जाती है, वह लोकव्यवहार में खत्म होती जाती है। संस्कृत भाषा के बारे में नहीं कह सकते कि वह समाप्त हो चुकी है, लेकिन उसका चलन घट गया है। एक खास धारा की वैचारिकी और भाषा दार्शनिक संस्कृत के चलन से बाहर होने के लिए उसके गंभीर होते जाने का उदाहरण देते हुए भाषाओं के लुप्त होने का सिद्धांत गढ़ते रहे हैं। लेकिन क्या सचमुच भाषाएं सिर्फ इसी वजह से खत्म हो रही हैं कि वे क्लिष्ट या कठिन होती जा रही हैं? आधुनिक संदर्भों में देखें तो यह तर्क सही नहीं लगता। अंग्रेजी को ही लीजिए। कठिन अंग्रेजी बोलना शान का प्रतीक माना जाता है। इस लिहाज से तो उसे भी चलन से दूर होना चाहिए था। लेकिन उलटे वह बढ़ रही है।आधुनिक विश्व में सबसे बेहतरीन व्यवस्था लोकतंत्र को माना जा रहा है। लेकिन यह लोकतंत्र सिर्फ राजनीतिक संदर्भों तक ही सिमटता जा रहा है। विश्व ग्राम में बदली दुनिया में हर देश में एकरूपता बढ़ती जा रही है। संस्कृतियां और उनकी अपनी विशिष्ट परंपराएं रोजाना के व्यवहार का विषय नहीं रहीं। उदारीकरण और वैश्वीकरण की वजह से पूरी दुनिया तकरीबन एक तरह से खानपान, एक तरह के पहनावे और एक तरह की भाषा की ओर आकर्षित होती जा रही है। पश्चिमी सभ्यता और उसका सलीका ही मानक बनते जा रहे हैं। इस तरह दुनियाभर की बोलियों में भी एकरूपता कभी सामयिकता, तो कभी अनायास ही होती जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया में छोटे समुदायों की भाषाएं लगातार किनारे होते जा रही हैं। चूंकि रोजी और रोजगार के लिए छोटे समुदायों की भाषाएं सहयोगी नहीं रह पाई हैं तो उनका चलन रोजाना की जिंदगी से कम होता जा रहा है और भाषाएं मर रही हैं। इसमें हर देश की अपनी केंद्रीय भाषा जहां केंद्रीय भूमिका में हैं, वहीं उसके देसज रूप लगातार या तो कमजोर हुए हैं या फिर लुप्त हो रहे हैं। कथित आधुनिक सोच इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा दे रही है। भारत में अंग्रेजी इस आधुनिकता की वाहक है। इसी तरह कुछ प्रमुख भाषाएं अपने-अपने क्षेत्रों में आधुनिकता का केंद्रीय तत्व बन चुकी हैं। इस पूरी प्रक्रिया में बहुत ऐसी भाषाएं हैं, जो इतने कम लोगों द्वारा बोली जाती हैं कि निकट भविष्य में उनका अस्तित्व ही नहीं रहेगा। यूनेस्को की रिपोर्ट 'एटलस-लुप्तप्राय भाषाएं' के अनुसार भारत में तीन ऐसी भाषाएं हैं, जिनके अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। इसमें पहले नंबर पर कर्नाटक की कोरगा है, जिसे बोलने वालों की संख्या महज सोलह हजार ही है। इसी तरह हिमाचल प्रदेश की सिरमौरी भाषा है, जिसे महज 31 हजार लोग ही बोलते हैं। इस सूची में तीसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ की पारजी भाषा है, जिसे सिर्फ पचास हजार लोग बोल रहे हैं। जाहिर है कि इन भाषाओं के अस्तित्व पर संकट आ खड़ा हुआ है। एकीकरण के दौर में रोहिंग्या लोगों की भाषा हनीफी पर मरने के कगार पर है। यूरोप में ऐसे ही अस्तित्व के संकट से आयरिश, सिसिली और यिडिश भाषाएं भी जूझ रही हैं।

भाषाओं की गहन विविधता सांस्कृतिक विविधता को ना सिर्फ सुनिश्चित करती है, बल्कि अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को आकार देती है। अगर आज के दौर में किसी भाषा को पीछे धकेला जा रहा है या किनारे किया जा रहा है तो इसका मतलब यह भी है कि इसके जरिए एक तरह से उस भाषा विशेष के इलाके की संस्कृति का भाग भी विलुप्त हो रहा है। हर संस्कृति में सबकुछ लिखने की क्षमता नहीं होती, उसके कई तत्व श्रुति, स्मृति और चलन के सहारे जीवित रहती हैं।

### ब्रह्मलीन हुए अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास

**लखनऊ (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास बुधवार को ब्रह्मलीन हो गए। लखनऊ एसजीपीजीआई में बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे और एसजीपीजीआई में उनका इलाज चल रहा था। विगत 2 फरवरी को स्ट्रोक के चलते आचार्य सत्येंद्र दास को अयोध्या के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें पहले ट्रॉमा सेंटर और फिर लखनऊ एसजीपीजीआई रेफर किया गया था। अस्पताल प्रशासन द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार वह मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों से भी ग्रस्त थे। विगत 4 फरवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अस्पताल पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना था। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों से इलाज की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।

## एक नजर

### प्रमुख ने किया अनुमंडलीय अस्पताल का औचक निरीक्षण



**हुसैनाबाद।** प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने हुसैनाबाद अनुमडंलीय अस्पताल का बुधवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को मिल रही आवश्यक सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उन्होंने मैटरनिटी वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, कुपोषण उपचार केंद्र का विजिट कर कई दिशा-निर्देश दिए। साथ ही भर्ती मरीजों व उनके परिजनों का हाल जाना। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि मरीजों को गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आए मरीजों को किसी प्रकार का दिक्कत का सामना करना न पड़े,यह सुनिश्चित करें। अस्तपाल के साफ सफाई पर संतोष व्यक्त करते हुए , इसे अनवरत बनाये रखने की बात कही।

### बच्चे ने सिक्का निगला, रेफर

**हुसैनाबाद ।** बुधवार को तीन वर्ष के एक मासूम बच्चे ने खेलते हुए पांच रुपए का सिक्का निगल लिया। जानकारी के अनुसार जपला निवासी अखिलेश चौधरी बच्चे को लेकर हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सक ने अपने स्तर से काफी प्रयास किया, लेकिन सिक्का फंसने का अंदाजा नहीं लग पाया। जब बच्चे का गले का एक्सरे हुआ तो पता चला की सिक्का गले के बीच फंसा है। बच्चे की स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने तत्काल एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया ।

### महाकुभ स्नान के लिए 40 श्रद्धालु रवाना

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र बारी पंचायत मुखिया निरोत्तमा सिंह सहयोग 40 श्रद्धालु विंध्याचल, महाकुंभ , बाबा काशी विश्वनाथ के लिए बस से रवाना हुए। सभी श्रद्धालुओं को मुखिया निरोत्तम सिंह ने शुभकामना देते हुए रवाना किया। साथ ही सभी के सकुशल वापस आने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर पंचायत समिति सदस्य जुबैर खान, बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष विजय शर्मा, महेश्वर सिंह ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। श्रद्धालु निर्मल सिंह, उमा कांत सिंह, अजय सिंह, शेखर सिंह, सुनील शर्मा के साथ दर्जनों श्रद्धालु जयकारा लगाते महाकुंभ स्नान के लिए रवाना हुए।

### व्यापार मंडल अध्यक्ष ने संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनाई

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा के जपला धरहरा स्थित आवास पर बुधवार को संत गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। इसके पूर्व उनके चित्र पर माल्यार्पण कर चरणों में पुष्प अर्पित कर कोटि कोटि नमन किया । मौके पर हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि गुरु संत रविदास का जन्म 1376 ईस्वी में उत्तरप्रदेश के वाराणसी शहर के गोवर्धनपुर में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था । गुरु रविदास मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि संत गुरु थे । इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई । उन्होंने लोगों को बताया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा हैं ।अर्थात पुण्य के चक्र ज्यादा भटकने की जरूरत नहीं है । जरूरत मंद लोगों की सेवा करना ही सभी तीर्थों का सार है ।उन्होंने अपने जीवन में भक्ति कार्य के साथ अनेक सामाजिक कार्य किए हैं। मौके पर समाज सेवी राजेश्वर यादव , कोशी पंचायत के प्रमोद कुमार रजक ,जयश्री बैठा ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला ।इस मौके पर गुड्डू रजक रवि सहित कई लोग मौजूद थे।

# दहेज के लालच में युवती की हत्या

## पिता ने बेटी के पति, सास, ससुर व ननद पर हत्या का लगाया आरोप

◂◂ दहेज में दो लाख रुपए व बाइक मांग रहे थे ससुराल के लोग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र के हैदरनगर थाना अंतर्गत सिंघना गांव निवासी लल्लू यादव की 21 वर्षीय पुत्री इंदु देवी को ससुराल वालों में जहर देकर मार देने का आरोप लगाया है। मृतका का ससुराल पिपरा थाना के अंबा झरना गांव में हैं। घटना मंगलवार की शाम की बताई जा रही है। बुधवार की सुबह शव को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम के लिए लाया गया है। मृतका इंदु देवी के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना को लिखित आवेदन देकर कहा है कि उन्होंने अपनी पुत्री इंदु की शादी पिपरा थाना के अंबा झरना गांव निवासी भूखण यादव के पुत्र प्रवीण यादव के साथ मई 2022 में की थी। सामर्थ्य के मुताबिक दहेज में सारा सामान दिया था। बाद में इंदु देवी के भाई की नौकरी हो गई। इसके बाद से इंदु देवी के ससुराल के लोग मायके से मोटरसाइकिल मांगने का दबाव बनाने लगे। इस बीच उसके साथ मारपीट भी करते थे। कुछ माह पूर्व इंदु देवी व उसके पति सिंघना गांव उनके घर आए तो उन्होंने बिदाई में दामाद को 85 हजार रुपये दिया था। जाने के बाद फिर दो लाख रुपए नगद व बाइक की मांग वह करने लगे। उनसे थोड़ा समय की मांग की गई कि उन्हें देंगे। अचानक मंगलवार की शाम सात बजे एक शुभचिंतक ने फोन कर बताया कि उनकी पुत्री इंदु देवी को ससुराल के लोगों ने जहर देकर मार डाला हैं। तत्काल गाड़ी से इंदु देवी के ससुराल गए तो देखा कि आंगन में शव पड़ा है। परिवार के लोग फरार हैं। यह उनकी करतूत को प्रमाणित करता है। इंदु देवी के पिता लल्लू यादव ने पिपरा थाना को दिए आवेदन में समधी भूखण यादव, दामाद प्रवीण यादव, सास एवं ननद पर पुत्री को जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम के बाद इंदु देवी का शव स्वजनों को सौंप दिया गया है।

### फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल 15 को

**उंटारी रोड।** जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के जोगा जरही टोला में आजन वन विकास समिति व वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के सौजन्य से पोटो हो आजनवन खेल मैदान में पिछले दस दिनों से चल रहे फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 फरवरी (को नव चेतना फुटबॉल क्लब चंदनपुर बनाम डीएफसी फुटबॉल क्लब डाल्टनगंज के बीच खेला जाएगा। इसकी जानकारी वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट के संरक्षक सह वरिष्ठ समाज सेवी रामकृष्ण पाल ने दी। फाइनल मैच दोपहर 12 बजे से खेला जाएगा।

## बिजली विभाग की छापामारी में 6 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

▸▸ 54 हजार का जुर्माना भी लगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** एडीजीपी विजिलेंस एंड सोसायटी के निर्देश पर अवर विद्युत प्रमंडल जपला के अभियंताओं ने हैदरनगर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में बिजली चोरी को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान में 6 लोगों को बिजली का अवैध ढंग से उपयोग करते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर जुमार्ना लगाया गया उनमें, दीपक कुमार पर10 हजार, अजय कुमार सिंह पर 8 हजार, सरिता देवी पर 10 हजार, ईश्वरी सिंह पर 10 हजार, दिलीप कुमार सिंह पर 8 हजार व यमुना सिंह पर 8 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ हैदरनगर थाना में विद्युत अधिनियम के तहत सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने प्राथमिकी दर्ज करा दिया है। हैदरनगर के थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि सहायक अभियंता रामप्रसाद महतो के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो ने बताया कि छापामारी दल में उनके अलावा लवकेश कुमार महतो,जितेंद्र ठाकुर, रामानंद पांडेय, मनोज कुमार मानव दिवस कर्मी शामिल थे।

## पीपल के पेड़ में लगी आग, फायर बिग्रेड के टीम ने घंटों प्रयास के बाद आग पर पाया काबू



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 कुर्मी टोला संगत मुहल्ला में बूढ़ा पीपल के पेड़ में आग लग गयी। अग्निशमन विभाग द्वारा घटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि यह पीपल का पेड़ वार्ड नम्बर 11 निवासी प्रदीप मिश्रा के घर व चाहरदीवारी के अंदर हैं। जो लगभग सैकड़ों वर्ष पुराना हैं और अंदर से खोखला हो गया हैं। स्थानीय लोगों द्वारा उस पीपल के पेड़ के आस-पास कूड़ा कचरा फेंकते हैं। जहां पर किसी प्रकार कूड़े में आग पकड़ते हुए पीपल के जड़ व अंदर खोखले में फैल गयी। धीरे धीरे पूरा ऊपर तक आग फैल गया। तब स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन असफल साबित हुए। इसके बाद अग्नि शमन पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। गली संकीर्ण होने के कारण अग्निशामक के छोटी गाड़ी वहां पहुंची, जिससे ऊपर तक आग बुझाया। आशंका है कि पीपल के पेड़ के अंदर खोखले तना में आग अभी भी हो सकता हैं।

## नगर पंचायत में सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का मामला उजागर, जांच की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद ।** नगर पंचायत क्षेत्र के अनुमंडल गेट से अनुमंडलीय अस्पताल तक बनने वाली पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। उक्त सड़क का निर्माण नगर पंचायत विभाग द्वारा कराया जा रहा हैं, परंतु बिना जेई की उपस्थिति में संवेदक ने आधे से अधिक कार्य कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू की जगह डस्ट देकर इसकी ढ़लाई कर दी गई हैं। लोगों ने जांच की मांग की। सड़क निर्माण के नाम पर सरकारी राशि की बंदरबांट की जा रही हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण जयप्रकाश चौक के समीप से लेकर स्टेशन रोड में सड़क निर्माण है, जिसमें डस्ट से हुए ढ़लाई के कारण आज वह सड़क बद से बेदतर हो गया और वहां उस सड़क से आने जाने वाले राहगीर धूल व गढ़ा युक्त सड़क से परेशान रहते हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में सभी निर्माण कार्य केवल लूट खसोट किया जाता रहा है। सड़क की मिट्टी व गिट्टियां रैनकट से गायब होने लगी हैं। सड़क सिर्फ न टूट रही है, बल्कि उसमें गड्ढ़े बनने शुरू हो गए हैं। यदि समय रहते अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया तो,सड़क व नाला बद से बदतर हो जाएगा। साथ ही यह सड़क अनुमंडल से अस्पताल होते हुए नवीनगर रोड को जोड़ने वाली है। उधर जेई ने बताया कि सड़क में अनियमितता की शिकायत पर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई गई है तथा तत्काल कार्य पर रोक लगा दिया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया और मानक के अनुरूप कार्य कराने का निर्देश दिया गया है। अगर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित ठीकेदार पर कार्रवाई होगी।

## पर्यटन स्थल भीम चूल्हा में माघ पूर्णिमा पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** माघ पूर्णिमा पर बुधवार को स्नान, दान और पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का मुख्य केंद्र ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व का पर्यटन स्थल भीम चूल्हा बना। जहां श्रद्धालुओं ने दोपहर तक कोयल नदी के निर्मल जल में डूबकी लगाई। शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ ही पुजारी गंगा तिवारी के मुखारविंद से सामूहिक रूप में श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण किया। इसके अलावा पंसा में भी कोयल-सोन संगम स्थल पर स्नान और सूर्य व शिव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। घरों में स्नान कर स्थानीय के अलावा भजनियां, माली, सोनबरसा के देवीधाम सहित अन्य धार्मिक स्थलों में पूजा-अर्चना का दौर चला। रेलवे कैंपस के काली मंदिर और प्राचीन गीता भवन परिसर के महादेव-विश्वकर्मा मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका।

### महाकुंभ स्नान को लेकर विशेष महत्व दिया गया

पुजारी गंगा तिवारी ने कहा कि इस माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में महाकुंभ की वजह से कोयल नदी में स्नान, आराधना और दान-पुण्य को विशेष महत्व दिया गया। भीम चूल्हा में पूर्व की अपेक्षा अधिक संख्या में श्रद्धालुओं खासकर, महिलाओं ने कोयल नदी में डूबकी लगाई। मां गंगे, भगवान श्रीहरि, माता लक्ष्मी और शिव की स्तुति की। उन्होंने कहा कि इस पूर्णिमा को हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण और पवित्र माना जाता है। इस दिन के स्नान, दान और आराधना से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। मौके पर सुरक्षा के लिहाज से महिला कांस्टेबल शोभा कुमारी और रीमा कुमारी ने ड्यूटी को बखूबी निभाया। श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक स्थल के रख रखाव के लिए पुजारी के आग्रह पर दान पेटी में सहयोग राशि भी समर्पित किया।

## पीएलवी ने महिलाओं को किया जागरुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत सचिवालय में बुधवार को पीएलवी रजी अहमद (राजू खान) ने महिलाओं के साथ बैठक कर उनके हक व अधिकार की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संबधित क्षेत्र में किसी भी झगड़ा झंझट व अन्य विवादों को निपटारा पंचायत स्तर पर ही निपटाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इससे दोनों पक्षों व्यर्थ समय व पैसे की खर्च की परेशानी से बच पायेंगे। बेवजह कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंसने से उन्हें ही विभिन्न मानसिक व आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं इसमें शामिल मुखिया कमल कुमार पासवान व पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय ने महिलाओं से कहा कि सर्वप्रथम पारिवारिक, भूमि सहित अन्य विवादों को पंचायत में रखने का कर्य करें। पक्ष व विपक्ष के बीच फैसले से असंतुष्ट होने के बाद ही न्याय पाने के लिये कोई भी पक्ष किसी भी न्यायालय में जाने को स्वतंत्र हैं। इसके साथ ही कि किसी मामले में ऐसे आयोजन में उन्हें कानून की जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था सरकार ने की है। इसका लाभ सभी महिलाओं को लेने के साथ गांव टोलों के अन्य महिलाओं को जागरुक करने के प्रति प्रेरित किया।

**पहल**

## थाना दिवस का किया गया आयोजन

# प्रशासन भूमि विवादों को निष्पक्ष व त्वरित समाधान के प्रति प्रतिबद्ध



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के तीनों थाना क्षेत्र हुसैनाबाद, हैदरनगर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को लेकर अंचलाधिकारी संतोष कुमार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में विभिन्न भूमि विवादों की समीक्षा के बाद उनके समाधान पर आवश्यक निर्देश दिया गया है। इस दौरान संबंधित पक्षों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही आपसी सहमति से मामलों के निपटारे पर पहल की गई है। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन सभी भूमि विवादों को निष्पक्ष व त्वरित समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी सहित कई राजस्व विभाग के अधिकारी व संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करने के अलावे प्रशासन व जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है। इधर थाना दिवस के अवसर पर हुसैनाबाद थाना परिसर में पांच मामले आए । जिसमें तीन मामलों का निपटारा किया गया। और दो मामले थाना में ही अग्रसारित किया गया। मौके पर हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, एसआई कालिका राम, मनोहर प्रजापति, सीआई संतोष कुमार, राजस्व कर्मी शाने अली मौजूद थे।

### थाना दिवस पर भूमि विवाद निपटारा

**हैदरनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर हैदरनगर थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें भूमि संबंधी विवादों के निपटारे को लेकर अंचलाधिकारी संतोष कुमार, हैदरनगर व मोहम्मदगंज के राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति में विभिन्न भूमि विवादों की समीक्षा के बाद उनके समाधान पर आवश्यक निर्देश दिया गया है। इस दौरान संबंधित पक्षों को कानूनी प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ ही आपसी सहमति से मामलों के निपटारे पर पहल की गई है। अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन सभी भूमि विवादों को निष्पक्ष व त्वरित समाधान के प्रति प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर थाना प्रभारी अफजल अंसारी सहित कई राजस्व विभाग के अधिकारी व संबंधित कर्मी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि थाना दिवस का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय प्रदान करने के अलावे प्रशासन व जनता के बीच समन्वय स्थापित करना है।

## न्यूज बॉक्स

### संत रविदास ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का दिया संदेश : मुखिया



**नीलांबर पीताबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के पिपरा खुर्द पंचायत के ग्राम परशुराम खाप में नव युवक संघ के नेतृत्व में संत शिरोमणि रविदास जयंती बड़े धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया पूर्णिमा देवी ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुखिया पूर्णिमा देवी ने संत रविदास के आदर्शों और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। संत रविदास की विचारधारा आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। हमें उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम और एकता स्थापित करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में पंचायत के वार्ड सदस्य, समाज सेवी, ग्रामीणों और कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वक्ताओं ने संत रविदास जी के योगदान पर चर्चा की और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। स्थानीय लोगों की उत्साह जनक भागीदारी ने कार्यक्रम को भव्य बना दिया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिससे माहौल भक्तिमय हो गया। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में समरसता और भाईचारे को बढ़ावा मिलता हैं। संत रविदास जी की शिक्षाएं हमें यह सिखाती हैं कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होकर सभी को समान अवसर मिलने चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में शांति, सद्भाव और जागरूकता बनी रहे। मौके पर मुखिया पति सह समाज सेवी शैलेश कुमार सिंह,उप मुखिया राना देवी, वार्ड सदस्य रीना देवी, प्रकाश कुमार, लवकेश कुमार, सहित समित के अधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### संत रविदास ने भक्ति के साथ कर्मवाद का दिया संदेश : मुखिया

**नावाबाजार।** प्रखंड के कंडा शिव स्थान प्रांगण में नवयुवक छात्र संघ के द्वारा संत शिरोमणि रविदास जी की 648 वीं जयंती का आयोजन किया गया। जहां कंडा पंचायत के मुखिया नरेंद्र सिंह ने अपने समर्थकों के साथ पंडाल का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ हीं रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प माला डाल उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने संत रविदास जी महाराज को नमन करते हुए कहा कि संत शिरोमणि ने 648 वर्ष पहले अपने जीवन चरित्र के माध्यम से समूचे समाज, भारत व मानवता के लिए एक संदेश दिया कि मन चंगा तो कठौती में गंगा। सच्चे अर्थों में कठौती में गंगा का अर्थ यही है कि आपको भगवान को देखने कहीं नहीं जाना है अगर आपका मन पवित्र है तो आपमें ही ईश्वर का वास हो जाता है। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने कर्म करते हुए अपने धर्म, समाज, देश के लिए स्वाभिमान के साथ जीवन जीते हुए भक्ति की रसधारा बहाई। संत रविदास जी महाराज का दर्शन इतना विराट था कि वे जितना धन अर्जित करते थे उसमें से आधा धन वे दान कर देते थे। वे कहते थे कि हमारे साथ केवल हमारा पुण्य, कर्म, सद्भावना, समाज का विश्वास और जीवन का आनंद जाएगा। इसी भाव के कारण उन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अमरेश सिंह,वार्ड सदस्य विजय रवि, अध्यक्ष असरेश रवि, सचिव छोटू कुमार रवि के अलावा चंदन भारती,नीतीश चंद्रवंशी समेत कई लोग मौजूद थे।

### छुआछूत व अज्ञानता के खिलाफ संत रैदास जी ने किया था संघर्ष : शेर अली

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल क्षेत्र शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को संत शिरोमणि रैदास की 648 वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। इस मौके पर शहर के रविदास मोहल्ला, देवरी रोड कुसुआ,बराही, देवरी कला देवरी, खुर्द, समेत कई स्थानों में संत रैदास की प्रतिमा व उनके तस्वीरों के समक्ष लोगों ने पूजा अर्चना कर उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण किया। मौके पर बसपा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा कि फलक से उतरा एक सितारा फलक में समा गया, ऊंच नीच का भेद भाव मिटाकर उन्होंने मानवता और छुआछूत और अज्ञानता के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। उनका मानना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा मिलेगी। मौके पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि संत शिरोमणि रैदास ने समाज को एकता के सूत्र में बांधने के लिये जात पात से ऊपर उठकर समता मूलक समाज के निर्माण के लिये जो संदेश दिया, वह आज के युवा पीढ़ी को आत्मसात करने की जरूरत है, क्योंकि समाज बचेगा तो देश बचेगा। मौके डॉ. संतोष राम,मंदीप राम, देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती, दंगवार मुखिया नरेंद्र कुमार ठाकुर, सुदामा यादव, रामलखन सिंह यादव, राजनंदन प्रभाकर, पूर्व मुखिया रामाशंकर चौधरी, अमन कुमार भारती, बीरेंद्र राम, कृष्ण राम, उदेश्वर राम, रवि कुमार, इसरार खान, आरजू खान, नंदलाल राम, धर्मेंद्र राम, समेत कई लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### धूमधाम से संत शिरोमणि रैदास की जयंती मनाई गई

**मोहम्मदगंज।** माघ पूर्णिमा को भजनियां पंचायत के पोटो गांव में संत शिरोमणि रैदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर उनकी तस्वीर का माल्यार्पण कर उनका नमन किया गया। उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके सामाजिक समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की वचनद्धता दोहराई गई। वक्ताओं ने कहा कि संत रैदास ने जाति-पाति के भेदभाव को खत्म करने के लिए काम किया। मगर साम्यवादी व्यस्था में उनके सकारात्मक सामाजिक जीवन और संदेश को महत्व नहीं दिया गया। उनके जीवन के इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प पूरा करना उनकी जयंती मनाने की सार्थकता होगी। उनकी अमृत वाणी है कि जनम जात मत पूछिए, का जात अरू पात, रैदास पुत सब प्रभु के, कोय जात नहीं कुजात। संत रैदास ने कहा था- किसी की जाति नहीं पूछिए। क्योंकि संसार में कोई जाति-पाति नहीं है। सभी मनुष्य एक ही ईश्वर की संतान हैं। उन्होंने यह भी कहा था- मन चंगा तो कठौती गंगा, अर्थात मन शुद्ध और नीयत अच्छी है, तो वह गंगा के समान पवित्र है। उनकी यह अमृत वाणी आज भी उक्त संदर्भ में उदाहरण के रूप में प्रयोग किया जाता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सुरेश राम (सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता), विशिष्ट अतिथि कामता प्रसाद (सेवानिवृत्त शिक्षक), श्रीमती प्रभा देवी (पूर्व प्रत्याशी एएसपी) के अलावा रामजन्म राम वरिष्ठ कांग्रेसी), रामवचन बैठा (जेएमएम),केशव मेहता, जवाहर पासवान, विश्वनाथ मुन्ना चौधरी सहित पंचू रजवार, गणेश मेहता, मनोज सिंह, सिद्धार्थ कुमार,रामरेखा मेहता (राजद), सुमेश राम, गंगा राम और मुखलाल राम (आंबेडकर वादी) सहित काफी संख्या में महिलाएं व अन्य कई लोग शामिल थे। भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। अध्यक्षता शिक्षक रामनाथ राम ने की।

## दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न

# पारंपरिक परिधान में सजे कलाकारों के गीत-संगीत व नृत्य ने मोहा मन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुबियाखांड़ में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला मंगलवार को धूमधाम से संपन्न हो गया। दूसरे व अंतिम दिन पूरा माहौल सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर रहा। पारंपरिक परिधानों में सजे आदिवासी महिला-पुरुष कलाकारों ने गीत-संगीत और नृत्य से समा बांध दिया। मांदर की थाप पर लोग झूम उठे और मेला स्थल पर उल्लास का माहौल बना रहा।

### सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों को मिला सम्मान

मेला समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन व मेला आयोजन समिति की ओर से उन्हें मोमेंटो, शॉल और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सचिव हृदयानंद सिंह, बहादुर सिंह, अवधेश सिंह, निर्मल सिंह, नीरज सिंह, अजीत सिंह, उमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को यह सम्मान मिला।

इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क सेवा देने वाले वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। मेला आयोजन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

### उपायुक्त ने आयोजन समिति को दी बधाई

उपायुक्त शशि रंजन ने मेला के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस मेले को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाने के लिए जिला प्रशासन पूरी सजगता से काम कर रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले वर्षों में मेले का और विस्तार किया जाएगा, जिससे यह आयोजन और भव्य बने।

### सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई

मेले के दौरान जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। योजनाओं से जुड़ी पंपलेट व बुकलेट वितरित की गईं, ताकि लोग उनका अध्ययन कर योजनाओं का लाभ ले सकें। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी चिकित्सा शिविर लगाया गया, जहां चिकित्सकों ने लोगों की स्वास्थ्य जांच की और जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराईं।

सीबीएसई परीक्षा को लेकर सिटी को-ऑर्डिनेटर की अपील, कहा-

# तनावमुक्त वातावरण में दें परीक्षा



**मेदिनीनगर/गढ़वा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो रही है। परीक्षा को कदाचार मुक्त और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पलामू और गढ़वा जिले के सिटी कोऑर्डिनेटर, एम.के. डीएवी पब्लिक स्कूल, डाल्टनगंज के प्राचार्य डॉ. जी.एन. खान ने कहा कि इस वर्ष परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल और दंडाधिकारियों की तैनाती होगी, ताकि परीक्षा पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। उन्होंने छात्रों से तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की अपील की और कहा कि कदाचार से दूर रहें और अपनी मेहनत पर भरोसा करें। सभी परीक्षार्थियों को समय से परीक्षा केंद्र पहुंचने, केवल आवश्यक स्टेशनरी साथ रखने और बोर्ड के निदेशों का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। डॉ. खान ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह, फर्जी प्रश्नपत्र या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी से बचें। उन्होंने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर के बाद नगर निगम ने लिया संज्ञान

# धरती आबा प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण प्रारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्टेशन रोड स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसमें प्रतिमा स्थल का दायरा बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिमा का जीर्णोद्धार भी किया जाएगा। नगर निगम द्वारा करीब 5 लाख रुपए की लागत से इसे विकसित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि यह प्रतिमा स्थल 2002 में तत्कालीन विधायक इंदर सिंह नामधारी ने बनवाया था। पिछले दो दशक में कई बार प्रतिमा की रंगाई-पुताई हुई, लेकिन उचित रखरखाव के अभाव में प्रतिमा स्थल जर्जर स्थिति में पहुंच गया था।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने इस जीर्ण-शीर्ण अवस्था पर खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद नगर निगम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए होटल संचालकों को चेतावनी दी और अब सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है।

# नीलकंठ दिवस पर अखंड कीर्तन जरूरतमंदों के बीच वस्त्र बांटे गए



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आनंदमार्गियों ने नीलकंठ दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया। नई मुहल्ला, अवादगंज और सतबरवा स्थित जागृति केंद्रों में छह घंटे का बाबा नाम केवलम अखंड कीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान नारायण सेवा, जरूरतमंदों को वस्त्र वितरण और मेडिकल कैंप लगाया गया, जिससे दर्जनों जरूरतमंदों ने लाभ उठाया। वरिष्ठ आनंदमार्गी बैधनाथ जी ने बताया कि 12 फरवरी 1973 को आनंदमार्ग के संस्थापक श्री श्री आनंदमूर्ति जी को पटना बांकीपुर केंद्रीय कारागार में दवा के नाम पर विष दिया गया था। तत्कालीन इंदिरा सरकार की तानाशाही नीतियों के कारण उन्हें झूठे आरोपों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जेल में लंबे समय तक अस्वस्थ वातावरण में रहने से वे बीमार पड़ गए।

12 फरवरी की रात जेल के चिकित्सक डॉ. रहमतुल्ला खान ने उन्हें दवा के रूप में विष का कैप्सूल दिया, जिससे वे बेहोश हो गए, उनकी आंखों की रोशनी चली गई और शरीर कमजोर पड़ गया। हालांकि, किसी तरह उनकी जान बच गई। इसी घटना के विरोध में हर वर्ष 12 फरवरी को नीलकंठ दिवस मनाया जाता है, जो पाप के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक है।

इस अवसर पर भुक्तिप्रधान मधेश्वर जी, एडवोकेट लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ जी, गोपाल, रामस्वरूप, मनोज, सरोज, प्रदीप, मणिकांत, चंदन, सहज प्रिया, पूनम पुष्पा, मधुबाला, शारदा, मुन्नी, शुभकला समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकार आशुतोष रंजन के निधन पर शोक सभा

**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के निधन पर पत्रकारों ने डीपीआरओ कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नीलकमल मेहरा की। इस सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। नीलकमल मेहरा ने दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे निडर, निष्पक्ष और हंसमुख व्यक्तित्व के धनी थे, जिनकी पत्रकारिता की सराहना पूरे पलामू प्रमंडल में की जाती थी। महासचिव सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि आशुतोष रंजन सिन्हा से उनकी अंतिम मुलाकात बीसीसीएल रेहला में हुई थी, और अब उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकार दिलीप कुमार, अरुण शुक्ला, नीरज कुमार, श्रवण सोनी, प्रभुदयाल तिवारी समेत कई पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर केतन आनंद, श्याम किशोर पाठक, गजेंद्र कुमार, अमित कुमार भोला, करण कुमार, प्रेम प्रकाश सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

### गांव-गांव में पहुंचा 4 दिवसीय अभियान



**मोहम्मदगंज।** 18 से 35 आयु वर्ग के शिक्षित युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रचार-प्रसार का चार दिवसीय अभियान गांव-गांव में पहुंच रहा है। इस अभियान के संचालक जेएसएलपीएस के जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के माध्यम से उक्त आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य चलाए गए इस अभियान से ग्रामीणों में इसके प्रति जागरूकता पैदा हो रही है। शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवीं, मैट्रिक, इंटर एवं स्नातक पास रोजगार के लिए इच्छुक युवक-युवतियों और उनके गार्जियन सजग हो रहे हैं। जल्द ही इस अभियान का बेहतर परिणाम सामने आएगा। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों का भी अपेक्षित सहयोग मिल रहा है।

# संत शिरोमणि रविदास की 642वीं जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के कांदू मुहल्ला स्थित संत रविदास आश्रम में संत रविदास की 642वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। झारखंड प्रांतीय रविदास महासभा द्वारा अंबेडकर पार्क से संत रविदास आश्रम तक शोभायात्रा निकाली गई। जयंती समारोह का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, डॉ. संजय कुमार, नन्हू राम, मोती राम आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पूर्व संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गुरु गोविंद सिंह स्कूल की छात्राओं ने संत रविदास को समर्पित भजन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि गुरु रविदास भक्ति आंदोलन के महान संत और समाज सुधारक थे। उनके भक्ति गीतों और छंदों ने समाज पर स्थायी प्रभाव डाला। महासभा के संरक्षक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि 1376 में माघी पूर्णिमा को संत रविदास का जन्म काशी में हुआ था। उनके विचारों से गुरु गोरखनाथ, राजा वीर सिंह, अलाउद्दीन खिलजी, राजा सिकंदर लोदी प्रभावित हुए। मीरा बाई उनकी शिष्या थीं, जबकि संत कबीर उनके समकालीन थे। कार्यक्रम में डॉ. सीमा, सुदर्शन राम, आयुष कुमार, सुनील कुमार, दिग्विजय कुमार, विनोद राम, प्रदीप कुमार, सुदेश्वर राम, अनुराग कुमार भारती समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चियांकी मुसहर टोला में सावित्री बाई फुले-फातिमा शेख उत्प्रेरण केंद्र की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती के अवसर पर सदर प्रखंड के चियांकी मुसहर टोला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई।

इस मौके पर मुसहर समाज के बच्चों की शिक्षा के लिए सावित्री बाई फुलेझफातिमा शेख उत्प्रेरण केंद्र का उद्घाटन किया गया। भगत सिंह-अंबेडकर विचार मंच द्वारा शुरू किए गए इस केंद्र के माध्यम से बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

एटक के राज्य सचिव राजीव कुमार ने कहा कि आज भी मुसहर समाज शिक्षा से कोसों दूर है। उनके बच्चों को सरकारी स्कूलों तक पहुंचाने के लिए यह पहल की गई है। इस केंद्र में सुबह 7 से 10 बजे तक बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा और स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान टोले के 135 बच्चों को ड्रेस भी वितरित की गई।

इप्टा के राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र कुमार ने कहा कि दलित, वंचित और शोषित वर्ग की सेवा ही सच्ची मानवता है। संत रविदास, नानक और कबीर जैसे महापुरुषों ने समानता और बराबरी का संदेश दिया था।

इस अवसर पर पटना के रविंद्रनाथ राय, भाकपा नेता केडी सिंह, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, प्रेम भसीन, राजीव रंजन, प्रलेस के पंकज श्रीवास्तव, चंदू पांडेय, डॉ. गौरव श्रीवास्तव, नागमणि, अरविंद पासवान और ज्योति सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

### एमएमसीएच में चादर नहीं बदले जा रहे, संक्रमण का खतरा



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में मरीजों को प्रतिदिन चादर उपलब्ध नहीं कराई जा रही, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशानुसार रोज चादर बदलनी चाहिए, लेकिन लापरवाही के कारण गंदे चादर का उपयोग हो रहा है। जबकि प्रत्येक माह लाखों रुपये की लागत से चादर की धुलाई की जाती है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, मरीजों को रंग आधारित व्यवस्था के तहत चादरें दी जाती है। मरीजों ने मांग की है कि प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान करे।

### मानवरहित समपार में आरयूबी या एलएचएस निर्माण का मामला सांसद ने संसद में उठाया, खुशी

**मोहम्मदगंज।** पलामू सांसद वीडी राम ने संसद में संसदीय क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में मानवरहित समपार को बंद कर दिए जाने से एक ही गांव दो-भागों में विभक्त हो जाने से वहां के निवासियों को आवागमन में होने वाली अनेकों प्रकार की कठिनाईयों को दूर करने के लिए आरयूबी अथवा एलएचएस बनाने का मामला संसद में उठाया है। सांसद ने जिन स्थानों को इसके लिए चिन्हित किया है, उनमें इस प्रखंड के डाली, बेगमपुरा और सतबहिनी-मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशनों के बीच खंभा संख्या 340/33 के समीप के मानवरहित समपार भी शामिल हैं। बता दें कि डाली के ग्रामीणों ने इसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी थी। जबकि बेगमपुरा के ग्रामीणों ने विस चुनाव में वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया था। सांसद की इस दिशा में पहल से ग्रामीणों में खुशी है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह और भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने सांसद के इस दिशा में पहल की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार जताया है।

### मानव सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं : रामदास

**नीलांबर पीतांबरपुर।** संगम तट प्रयागराज में 144 साल बाद लगे महाकुंभ में स्नान,दर्शन के लिये श्रद्धालुओं का एक जत्था मनातू प्रखंड के पदमा से प्रयागराज के लिए समाज सेवी रामदास साहू ने अपने निजी खर्च से दो बस को भगवा झंडा दिखाकर व श्रद्धालुओं को अंग वस्त्र देकर रवाना किया। मौके पर उन्होंने कहा कि अपने गृह प्रखंड क्षेत्र के श्रद्धालुओं को 2 बसों में तीर्थ स्थल दर्शन हेतु भेजा जा रहा है। यह जत्था बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी, मां विंध्यवासिनी देवी के विंध्याचल, श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या होते हुए विश्व की सुप्रसिद्ध मेला महाकुंभ नगरी प्रयागराज पहुंचेगी। श्रद्धालुओं को कुंभ दर्शन सहित सभी धर्मनगरी काशी, विंध्याचल और अयोध्या के लिए भेजा गया है। मेरे पास भगवान का दिया जो भी धन है उसमें से धार्मिक कार्यों में कुछ अंश हमेशा धार्मिक कार्यों लगाने काम करते रहते हैं। मौके पर राजदेव राम ,पिंटू साहू ,लक्ष्मण साव, द्वारिका साव ,गुड्डू सिंह, सुनील मेहता, रविंद्र साहू, गौरी यादव, पूनम देवी, काजल देवी, मनोरमा देवी ,सावित्री देवी, पचु साव , भोला साव, धीरेंद्र कुमार ,सुरेंद्र सिंह, टेनी प्रजापति सहित सैकड़ो श्रद्धालु यात्री उपस्थित थे।

### आवास की राशि भुगतान में विभाग ने बरती भेदभाव की नीति

**नावाबाजार।** एनएच 39 फोरलेन निर्माण कार्य को लेकर भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की गई। जिसमें सैकड़ो परिवार का घर भी प्रभावित हुआ हैं। जिसका भुगतान एनएचएआई के द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद भवन निर्माण व कार्य विभाग के द्वारा एस्टीमेट तैयार कर भूअर्जन कार्यालय को सौंपी गई है। साथ ही प्रभावित लोगों को राशि भुगतान भू अर्जन कार्यालय के द्वारा किया गया। शेष लोगों की भुगतान प्रक्रिया लंबित है। अधिग्रहित आवासीय क्षेत्र के बदले राशि भुगतान में भू-अर्जन कार्यालय के द्वारा बड़े पैमाने पर भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। प्रभावित कुछ गृहस्वामियों को विभाग के द्वारा विशेष लाभ पहुंचाया जा रहा है।

# शहर में एक बार फिर गंदगी पसार रही पांव, निगम उदासीन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। नियमित कचरा उठाव नहीं होने के कारण कई स्थानों पर गंदगी का अंबार जमा हो चुका है। नगर निगम की उदासीनता से लोगों का सड़कों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दिनों तक कचरा नहीं उठाए जाने से सड़कों और मोहल्लों में गंदगी बढ़ती जा रही है। कूड़े के ढेर में बेसहारा पशु भोजन की तलाश में दिन-रात विचरण कर रहे हैं। इससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। नगर निगम द्वारा हाल ही में सफाई पर ध्यान दिया गया था, लेकिन अब फिर से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। आम लोग भी घर से कचरा उठाव न होने के कारण मजबूरी में सड़क पर ही फेंक रहे हैं। शहर के नवाटोली, अस्पताल रोड, हमीदगंज, स्टेशन रोड और बाजार क्षेत्र समेत कई जगहों पर कूड़े का जमावड़ा लग गया है। खासकर बाजार क्षेत्र में स्थिति इतनी खराब हो गई है कि राहगीरों, बाइक और टोटो चालकों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। लोग दुर्गंध से बचने के लिए नाक पर रुमाल रखकर निकलने को विवश हैं।

# हवन के साथ श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ की पूर्णाहुति

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना के तुलसी मानस मंदिर में विगत सात दिनों से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का समापन बुधवार को हवन के साथ हुआ। इस दौरान महायज्ञ की पूर्णाहुति की गई। यज्ञ महायज्ञ के मुख्य यजमान अभय सिन्हा, रंजुला सिन्हा सहित अन्य श्रद्धालुओं को यज्ञाचार्य पंडित विकास त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन कराया।

यह महायज्ञ का नौंवा अधिवेशन था, जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कथा प्रवचन के लिए वृंदावन से पधारी भागवताचार्य अलका किशोरी ने सात दिनों तक श्रद्धालुओं को भक्तिरस से ओतप्रोत कथा का श्रवण कराया।

अंतिम दिन महाप्रसाद का वितरण हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस यज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में देवी मंडप के महंत अभिमन्यु ओझा, भाजपा नेता परशुराम ओझा, रमाकांत पांडेय, राजा पाठक, अजय दुबे, नवल किशोर तिवारी, मनीष उपाध्याय, संतोष पांडेय, राजीव रंजन पांडेय, सुधीर सोनी, धनंजय सिंह, कालिंदी ओझा, सीनू पाठक, शोभा दुबे, रूपा अग्रवाल, शोभा गुप्ता, दीप्ति पांडेय, उमा देवी, इंदु देवी, प्रफुल्ल देवी समेत अन्य सदस्य सक्रिय रहे।

# मनरेगा में अनियमितताएं: 10,000 से अधिक योजनाएं पेंडिंग, फिर भी नई योजना लेने की होड़

### पुरानी योजनाएं अधूरी, अधिकारी नई स्वीकृतियों पर जोर दे रहे



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा की योजनाएं भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की शिकार हो गई हैं। हजारों योजनाएं अधूरी पड़ी हैं, लेकिन अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच नई योजनाओं की स्वीकृति को लेकर होड़ मची हुई है। वित्तीय वर्ष 2022-23 और इससे पहले की लगभग 10,875 योजनाएं या तो लंबित हैं या अधूरी पड़ी हैं। इनमें से 2,974 योजनाएं आंशिक रूप से कार्यान्वित हो रही हैं, जबकि 7,901 योजनाएं पूरी तरह पेंडिंग हैं। बावजूद इसके, वर्ष 2024-25 के लिए नई योजनाओं की स्वीकृति और क्रियान्वयन की तैयारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार, जिले के अधिकारियों ने निर्देश दिया था कि जब तक लंबित योजनाओं की संख्या 20 तक नहीं पहुंच जाती, तब तक नई योजनाओं को स्वीकृति नहीं दी जाएगी। लेकिन इसके बावजूद प्रखंड पदाधिकारी नई योजनाओं पर विचार कर रहे हैं। पंचायत सचिव नरेश ठाकुर ने बताया कि बीपीओ रंजन कुमार ने हर पंचायत में 10-10 डोभा की योजना स्वीकृत करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर मोहम्मद हनीफ शेख, राजेश मेहता, हसन अंसारी, फखरुद्दीन अंसारी, चंद्रशेखर प्रसाद, राजेश गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**प्रखंड क्षेत्र में पंचायतवार सक्रिय योजनाओं की संख्या**

| पंचायत | संख्या |
|---|---|
| डंडई पंचायत | 374 |
| जरही पंचायत | 437 |
| झोतर पंचायत | 250 |
| करके पंचायत | 290 |
| लावाही पंचायत | 306 |
| पचोर पंचायत | 347 |
| रारो पंचायत | 472 |
| सोनेहारा पंचायत | 317 |
| तसरार पंचायत | 203 |

# प्रतिशोध में की गई थी दंपती की हत्या

### पुलिस ने आरोपी फुलटन को किया गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव/कांडी।** गढ़वा थाना क्षेत्र के जतरो गांव में दिल दहला देने वाली घटना में एक दंपती की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी फुलटन रजवार उर्फ सुजीत रजवार को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को एसडीपीओ गढ़वा नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में यह बात सामने आया कि एक सप्ताह पहले हीरा रजवार (65) ने आरोपी फुलटन रजवार को शराब पीते हुए टेन बांध के पास देखा था और इसकी जानकारी परिवार वालों को दे दी थी। इस बात को लेकर फुलटन को परिजनों ने डांट लगाई थी। इस घटना के बाद दोनों के बीच विवाद भी हुआ था, जिससे आक्रोशित होकर फुलटन ने हीरा रजवार की हत्या की साजिश रची। 10 फरवरी की रात जब हीरा रजवार अपनी पत्नी कलावती देवी के साथ खेत में फसल की निगरानी कर रहे थे। आधी रात करीब 1 बजे फुलटन रजवार लोहे का सबल लेकर वहां पहुंचा। पहले उसने कलावती देवी के कान के पास सब्बल से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। फिर उसने हीरा रजवार के सिर पर वार कर दोनों की हत्या करने के बाद फरार हो गया। 12 फरवरी को पुलिस ने त्वरित जांच करते हुए फुलटन रजवार को गिरफ्तार कर लिया। उसने हत्या में अपनी संलिप्ता को स्वीकार कर लिया है। उसके निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त खून से सना सबल, घटना के समय पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं। अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### मृतक के परिजनों से मिले समाजसेवी दी सांत्वना

**केतार।** बाजार निवासी राकेश पाल के इकलौते पुत्र नीतिश कुमार पाल (16) की मंगलवार सुबह हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिवार से मिलने समाजसेवी पंकज सिंह पहुंचे और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया। पंकज सिंह ने कहा कि यह घटना विद्युत विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम है। यदि आवश्यक हुआ तो ग्रामीणों के सहयोग से मृतक के परिवार को मुआवजा दिलाने के लिए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। नीतिश के पिता गुजरात में मजदूरी करते हैं। उनके लौटने के बाद बुधवार सुबह पांडा नदी किनारे नीतिश का अंतिम संस्कार किया गया। घर में शोक का माहौल है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। खासकर मृतक की बड़ी बहन, जिसकी अप्रैल में शादी होनी थी, इस घटना से गहरे सदमे में हैं। मौके पर गौतम पाल, सुनील पाल, दीपक सिंह, सौरभ सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

### झामुमो का सदस्यता अभियान शुरू

**पांकी।** प्रखंड के थाना रोड स्थित बाबा मैरिज हॉल के प्रांगण में बुधवार की दोपहर झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्रखंड व पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संयोजक प्रमुख सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिंहा, सदस्य बालकिशन उरांव, बबलू सिंह, पूर्व केंद्रीय सदस्य इकबाल अहमद, युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष शशि शुक्ला को प्रखंड कमेटी ने फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। बैठक में जिला संयोजक प्रमुख राजेंद्र कुमार सिंहा ने उपस्थित सभी लोगों को सदस्यता अभियान चलाने का निर्देश दिया, ताकि संगठन को मजबूत बनाकर पूरे प्रदेश में झामुमो का विस्तार किया जा सके। बैठक में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन पर विचार-विमर्श भी किया गया।

# बंशीधर महोत्सव की तैयारियां शुरू, डीसी ने किया स्थल निरीक्षण



### राजकीय महोत्सव के रूप में होगा आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** बंशीधर महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने आयोजन स्थल और सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। मुख्य समारोह गोसाई बाग मैदान में होगा, जहां मुख्य मंच, डी-एरिया और दर्शकों के बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव 1 और 2 मार्च को हो सकता है, जिसमें मुख्यमंत्री और राज्यपाल के आगमन की संभावना है। बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य श्री बंशीधर नगर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इस दौरान एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, सीओ विकास सिंह, बीडीओ रौशन कुमार और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना का विवाद: रात्रि में गिराई दीवार, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत वार्ड नंबर 6 के लोहारपुरवा गांव में पीएम आवास योजना के तहत बन रहे मकान की दीवार को तोड़ने का मामला सामने आया है। मकान मालिक श्याम बिहारी प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। श्याम बिहारी प्रसाद ने बताया कि उन्होंने मझिआंव खुर्द निवासी सुरेंद्र सिंह से जमीन खरीदी थी, लेकिन उनके छोटे भाई महेंद्र सिंह और उनकी पत्नी कांति देवी लगातार निर्माण कार्य रोकने का दबाव बना रहे थे। मंगलवार की रात दीवार गिरा दी गई और निर्माण सामग्री चोरी कर ली गई।

**पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**

थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद एएसआई रणबीर कुमार को मौके पर जांच के लिए भेजा गया। दीवार गिराई गई पाई गई, और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। इस मामले में आरोपी महेंद्र सिंह से संपर्क नहीं हो सका है।



# एसडीएम ने किन्नर समुदाय संग की बातचीत, समस्याएं सुनी, समाधान का दिया भरोसा




**स्वरोजगार और मुख्यधारा में आने की इच्छा**

किन्नर समुदाय के कुछ सदस्यों ने कहा कि वे मजबूरी में बधाई मांगकर जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन अगर अवसर मिले तो वे भी रोजगार या नौकरी करना चाहते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि पहली बार उन्हें किसी सरकारी अधिकारी ने सम्मानपूर्वक बुलाकर उनकी समस्याएं सुनीं।

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) संजय कुमार ने बुधवार को 'कॉफी विद एसडीएम' कार्यक्रम में किन्नर (थर्ड जेंडर) समुदाय के सदस्यों को आमंत्रित कर उनकी समस्याओं पर संवाद किया। कार्यक्रम में समुदाय के सदस्यों ने शिक्षा, स्वरोजगार, पेंशन, पहचान पत्र, स्वास्थ्य और आवास जैसी समस्याएं रखीं। एसडीओ ने सभी मुद्दों पर गंभीरता दिखाते हुए सरकारी योजनाओं से जोड़ने और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

**किन्नरों की प्रमुख मांगें**

राधा किन्नर ने आवास योजना के तहत घर बनाने की मांग रखी। पिंकी किन्नर ने पहचान पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। मुस्कान और लिपि किन्नर ने आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की। सानिया किन्नर, जो 12वीं पास हैं, ने उच्च शिक्षा में मदद की इच्छा जताई। जूली किन्नर ने ब्यूटीशियन कोर्स कर स्वरोजगार की मांग रखी।

**कल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ :** एसडीओ ने सभी किन्नर सदस्यों से विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आवास योजना, पहचान पत्र, स्वास्थ्य कार्ड, स्वरोजगार और शिक्षा सहायता जैसी योजनाओं के लिए जल्द ही विशेष कैंप आयोजित किया जाएगा।

**जागरूकता अभियानों में भागीदारी की अपील :** एसडीओ ने किन्नर समुदाय से आग्रह किया कि वे मतदाता जागरूकता, सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भारत मिशन जैसे अभियानों में ब्रांड एंबेसडर बनकर समाज में सकारात्मक योगदान दें। कार्यक्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला समन्वयक समेत कई लोग मौजूद रहे।

### डीएवी विद्यालय में एकादश कुंडीय हवन महायज्ञ का आयोजन

**भवनाथपुर।** डीएवी विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार देने के उद्देश्य से एकादश कुंडीय हवन महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेल डीजीएम एस.यू. मेदा उपस्थित रहे। हवन महायज्ञ का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन के बाद विद्यालय के संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी ने गणपति वंदना प्रस्तुत की। संस्कृत शिक्षक प्रवीण पांडे ने वेदों के संदेश को दोहराते हुए कहा कि महर्षि दयानंद के विचारों को साकार करने के लिए डीएवी विद्यालयों में वैदिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में संस्कार, सद्गुण और सच्चरित्रता विकसित होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

# शतचंडी महायज्ञ की तैयारियां पूरी आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** मां चतुभुर्जी मंदिर प्रांगण में गुरुवार से प्रारंभ होने वाले श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर कलश शोभायात्रा आज भव्य रूप से निकाली जाएगी। मंदिर विकास समिति के संरक्षक रामविचार साहू ने बताया कि महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है, यज्ञ मंडप का निर्माण अंतिम चरण में है। समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी ने बताया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं और विद्वान पंडितों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। साथ ही भगवत कथावाचिका देवी प्रतिभा के प्रवचनों के लिए मंच तैयार किया जा रहा है।

**पहली बार मंदिर में सामूहिक विवाह आयोजन :** मंदिर विकास समिति के सचिव हेमंत पाठक ने बताया कि इस वर्ष पहली बार गरीब परिवारों की 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न होगा। वर-वधू पक्ष के लिए ठहरने, भोजन और अन्य सुविधाओं की पूरी व्यवस्था की गई है। समिति के सदस्य पूरी निष्ठा से आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने में लगे हैं। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, प्रमोद शुक्ला, राजकुमार पाठक, राम प्रवेश ठाकुर, जय शंकर, दिलीप गुप्ता, सुदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### रेड क्रॉस सोसाइटी ने आयोजित किया रक्तदान शिविर

**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय ट्रॉमा सेंटर के सभागार में बुधवार को रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला और स्थानीय कमिटी के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुआर, सिविल सर्जन अशोक कुमार, सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. मुरली प्रसाद यादव और सचिव डॉ. ज्वाला प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में अतिथियों को सम्मानित किया गया। शिविर में उपायुक्त सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे किसी की जान बचाई जा सकती है। सिविल सर्जन अशोक कुमार ने जिले में रक्त आपूर्ति की पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में रक्तदान करने वालों में उपायुक्त शेखर जमुआर, आयन खान, देवदत्त कुमार, बंटी दहका, ऋतिक कुमार, मनीष अग्रवाल, संजय कुमार, मनोज कुमार चौधरी, आकाश कुमार, शैलेश कुमार ठाकुर, ममता कुमारी, विशाल कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे। मौके पर एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, नप कार्यपालक पदाधिकारी राज कमल, बीडीओ रौशन कुमार, सीओ विकास सिंह, अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक सुचित्रा कुमारी, डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर रजिया और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### संत रविदास सामाजिक और आर्थिक समानता के प्रतीकः रघुराई राम

**मेराल।** गुरु रविदास आश्रम संगवरिया में बुधवार को गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और एससी-एसटी कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष रघुराई राम ने गुरु रविदास और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि ₹मन चंगा तो कठौती में गंगा₹, गुरु रविदास के विचारों को अपनाकर ही सामाजिक समरसता हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास हमेशा गैर-बराबरी के खिलाफ खड़े रहे, उनकी बातें आज भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, मनोज ठाकुर सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलियार राम ने की। इस अवसर पर लक्ष्मी राम, भरदुल राम, सुभाष कुमार रवि, सुबेश्वर राम, गणेश राम, संजय राम, अर्जुन राम, अमित कुमार, नारद राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### दिवंगत पत्रकार आशुतोष के परिवार से मिले पूर्व विधायक

**कांडी।** बिंदास न्यूज गढ़वा के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन से पूरा जिला शोक में है। इसी कड़ी में पूर्व मंत्री भानुप्रताप शाही उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। उन्होंने कहा, ₹यह केवल पत्रकारिता जगत की नहीं, पूरे समाज की अपूरणीय क्षति है। आशुतोष जी का जाना हम सभी के लिए पीड़ादायक है।₹ उन्होंने दिवंगत पत्रकार के पिता, वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह कठिन समय है, लेकिन आपको हिम्मत से काम लेना होगा। अब पूरे परिवार की जिम्मेदारी आप पर है। पत्रकारिता जगत को हुई अपूरणीय क्षति पूर्व विधायक ने याद करते हुए कहा कि जब आशुतोष जी 'हिंदुस्तान' में कार्यरत थे, तभी से उनके साथ गहरा पारिवारिक संबंध था। यह केवल एक नेता और पत्रकार का रिश्ता नहीं था, बल्कि इससे कहीं ज्यादा था। इस दौरान भाजपा हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष बिनोद बिहारी द्विवेदी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामलाला दुबे, पूर्व प्रमुख एवं प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय (पिंकू पांडेय), मुखिया विनोद प्रसाद, सिंदुरिया पंचायत के पूर्व मुखिया राजेश कुमार गुप्ता, पंकज जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 648वीं संत रविदास जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संत गुरु रैदास मंदिर परिसर में बुधवार को संत शिरोमणि रैदास जी महाराज की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। रविदास विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत संत गुरु रैदास, भगवान गौतम बुद्ध और डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पण से हुई। सुबह 8 बजे से निकली भव्य शोभायात्रा में श्रद्धालु नाच-गान और झंडे लेकर शामिल हुए। यह यात्रा संत गुरु रैदास मंदिर परिसर से निकलकर डंडई मुख्य बाजार, देवी धाम, डंडई पुरानी बाजार होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। यहां मंदिर के पुजारी जयरामदास महाराज द्वारा संत गुरु रैदास की प्रतिमा पर विशेष पूजा-अर्चना कराई गई। मुखिया प्रतिनिधि महेश्वर राम ने संत रैदास के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 1399 ईस्वी में वाराणसी के काशी घाट पर हुआ था, और उनकी जयंती पर हर साल लाखों लोग वहां एकत्र होते हैं। उन्होंने जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक असमानता के खिलाफ आवाज उठाई थी। रामकिशन ठाकुर ने कहा, ₹संत और महापुरुष किसी एक जाति या धर्म के नहीं होते, बल्कि उनके विचार संपूर्ण समाज के लिए होते हैं। आज जरूरत है कि हम उनके विचारों को आत्मसात करें और समाज में बदलाव लाएं।₹ मंगलवार भारती ने संत रैदास के विचारों को दोहराते हुए कहा, ₹जात-पात पूछे न कोई, हरि के भजे से हरि के होई।₹ मुखिया धनवंती देवी, सकलदीप राम, देवनाथ राम, अवकाश कुमार, आकाशदीप भारती, दिलबर कुमार, रामसागर राम सहित कई वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश्वर राम और संचालन रामदेव राम ने किया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, सचिन आकाशदीप भारती, इंद्रजीत राम, विनय कुमार, प्रवेश कुमार, दुर्गेश कुमार, श्रवण राम, ललन कुमार, सुरेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# समता मूलक समाज के पक्षधर थे संत रविदास : दिपांशु



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में बुधवार को अंबेडकर मुहल्ला, केतार में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने संत रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अंबेडकर युवा क्लब के अध्यक्ष दिपांशु कुमार ने कहा कि संत रविदास महान संतों में से एक थे, जिन्हें उनकी विद्वता और समाज सुधारक दृष्टिकोण के कारण 'शिरोमणि' की उपाधि दी गई। वे समता मूलक समाज के प्रबल समर्थक थे और जीवन भर अंधविश्वास, छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्षरत रहे। समरेश कुमार ने कहा कि संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके उपदेशों को अपनाकर ही समानता और समरसता पर आधारित समाज की स्थापना संभव है। इस अवसर पर अमृत कुमार, रवि कुमार रवि, संतोष कुमार, उत्तम, मुकेश, राजन, शिवपुजन राम, अजीत कुमार, रोशन कुमार, अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भक्ति

# 55वें रामचरितमानस महायज्ञ का समापन

## माघ पूर्णिमा पर खजूरी में श्रद्धा और आस्था का संगम



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के लगमा-खजूरी स्थित श्री ब्रह्मस्थान पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन हुआ। यह मेला श्रद्धा और आस्था का प्रतीक बन गया, जिसमें गढ़वा, पलामू, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने श्री ब्रह्मस्थान में पूजा-अर्चना कर भगवान सत्यनारायण की कथा का श्रवण किया। साथ ही, 55वें रामचरितमानस नवाह्न परायण महायज्ञ और लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का समापन हवन व ब्रह्मबाबा की महाआरती के साथ संपन्न हुआ। भक्तों ने अपनी मन्नत पूरी होने पर ब्रह्मबाबा को जनेऊ, चुनरी, मिट्टी का घोड़ा और नारियल अर्पित कर पूजा की। ट्रस्ट द्वारा मेले में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। मेले में झूले, मौत का कुआं और अन्य मनोरंजन साधनों ने बच्चों और युवाओं को आकर्षित किया। पुलिस और स्वयंसेवक भीड़ को नियंत्रित करने में तैनात रहे।

# अंतर जिला वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अंतर-जिला वाहन चोरों की गिरफ्तार करने में बारियातू पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया की 9 फरवरी की रात्रि चोरों ने बलराम गंझू के घर ग्राम गोनिया टोला छाताबार के बाहर खड़े ट्रैक्टर को चोरी कर ले जाया जा रहा था। इस क्रम में दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया गया। मौके पर से तीन अन्य चोर भागने में सफल रहे। पकड़े गए दोनों चोरों को गश्ती दल ने थाना लाया। दोनों चोरों से कड़ाई से पूछताछ करने पर चोरी की बात स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर लावालौंग, सिमरिया थाना क्षेत्रों से चोरी किए गये मोटरसाईकिल, मोटरसाइकिल का पार्ट्स को भी बरामद कर लिया गया है। दोनो चोरों के ही निशानदेही पर एक अन्य आरोपी मनु ठाकर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में विशाल कुमार साव, पिता मुन्ना साव, ग्राम टुनगुन, थाना लावालौंग जिला चतरा, बिरेन्द्र गंझू, पिता गुलाबी गंझू, ग्राम टुनगुन, थाना लावावौंग, जिला चतरा, मनु कुमार ठाकुर, पिता नान्हु ठाकुर, ग्राम टुनगुन, थाना लावावांग, जिला चतरा शामिल हैं। आरोपियों के निशानदेह पर तीन मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। साथ ही एक मोटरसाइकिल का पूरा पार्ट्स बरामद की गई। छापामारी दल में शामिल पुअनि देवेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बारियातू,पुअनि निर्मल कुमार मंडल, पुअनि जितेन्द्र कुमार,सअनि रवि किशोर तिवारी सहित थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बस स्टैंड में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जमाए 19 लोगों को प्रशासन ने भेजा नोटिस

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड व आसपास के सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 19 लोगों को चिन्हित कर नोटिस जारी कर अनुमंडल कार्यालय तलब किया गया है। नोटिस में चिन्हित कुल 19 लोगों को 25 फरवरी 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने का आदेश दिया गया है। नोटिस के अनुसार अतिक्रमणकारियों में कैलाश प्रसाद, शिवप्रसाद सोनी, दीपक प्रसाद, नौशाद आलम, मोहम्मद सादीक, रेहान राजा, रामप्रवेश गुप्ता, शुभम गुप्ता, आलमगीर खान, सद्दाम अंसारी, इश्तियाक खान, श्रवन कुमार, अजमत अंसारी, मुनिता देवी, अरशद अली, अशोक सोनी, एवं रफिक हवारी का नाम शामिल है।

## सॉलिड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि अपनाने की जरूरत : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधायक मनिका रामचंद्र सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक मनिका ने भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंट किया। मनिका विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही। सॉलिड एण्ड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में सी श्रीनिवासन ने अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि प्रसिद्ध पर्यावरणविद भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और सेवा संगठन में ठोस और तरल संसाधन प्रबंधन का स्थायी मॉडल विकसित किया गया है। कचरा प्रबंधन की अवधारणा के प्रति उनका दृष्टिकोण, वर्गीकरण और पुनरूउपयोग के मामले में क्रांतिकारी है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले के विभिन्न पंचायतों में कचरा जमा होने की ज्वलंत समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है। इस दिशा में कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कि जिले अंतर्गत ठोस एवं तरल संसाधन प्रबंधन (एसएलआरएम) अंतर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड स्थापित की गई हैं। जिसका आज शुभुभारंभ किया जायेगा। कम्पोस्टिंग यार्ड में एकत्र किए गए गीले कचरे से खाद बनाया जाएगा और सूखे कचरे को अलग करके पुनर्चक्रित किया जायेगा।

### एसएलआरएम प्रोजेक्ट अंतर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड का शुभारंभ

**लातेहार।** धरमपुर स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय, लातेहार में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) प्रोजेक्ट अन्तर्गत कम्पोस्टिंग यार्ड का शुभारंभ मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। 36 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) महिलाओं को एसएलआरएम मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम (एमटीटीपी) में शामिल किया गया। एसएचजी दीदियां मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी। अपने अपने पंचायतों में जाकर प्रशिक्षण देंगे। जिसके बाद इनका 90 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें बाकी जो ठोस कचरा है उसका प्रबंधन कैसे किया जाना है, उसके बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। हमारा लक्ष्य आगामी 26 जनवरी 2026 तक लातेहार जिला को कचरा मुक्त बनाना है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड क्षेत्र उत्साह से मनाई गई संत रैदास की जयंती

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में संत शिरोमणि रैदास की 648 वीं जयंती बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई। गाडिलौंग, टंडवा, कोयद, कसियाडीह, खधैया समेत अन्य जगहों में प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। किसुनपुर के दर्जनों श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। इस उत्सव में शामिल लोगों ने जयकारा लगाते हुए लुकुईया नदी से विधिवत पवित्र जल लाकर पूजा-अर्चना किया। संत शिरोमणि की मधुर अमृतवाणी से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। पूजा समिति के पदाधिकारियों पूजा पंडाल को आकर्षक साज सज्जा से सुशोभित करते हुए पूजा सफल बनाने हेतु पूरी तन्मयता से लगे रहे।

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया संत रविदास जयंती

**बारियातू।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों मे संत शिरोमणि रविदास की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाया गयां प्रखंड के राजगुरु, गाड़ी, चुंबा, डाढ़ा नावाटोला, मकरा, टोटी हेसला, फूलसु,बालूभांग, इटके कटहल टोला, टुंडाहाटू मे संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाया गया। राजगुरु में गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा निकाला गया। अध्यक्ष अर्जुन राम, सचिव ईश्वरी कुमार राम, कोषाध्यक्ष पिंटू राम सहित कमेटी के लोगों ने विधिवत दीप जलाकर व पुष्प अर्पित कर जयंती मनाया। इटके कटहल टोला में अध्यक्ष प्रदीप राम, सचिव विकास राम, रोहित राम, कोषाध्यक्ष अजय कुमार राम व रामचरित्र राम, महासचिव कुलदीप राम के अलावा समिति के सदस्यों का अहम भूमिका रही। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने लिखा कि 'रैदास जन्म के कारने होत न कोई नीच, नर कूं नीच कर डारि है, ओछे करम की नीच' यानी कोई भी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म से नीच होता है। जो व्यक्ति गलत काम करता है वो नीच होता है। कोई भी व्यक्ति जन्म के हिसाब से कभी नीच नहीं होता। लोगों को उनके बताये मार्गो पर चलने से ही मानव का कल्याण हो सकता है। मौके पर राजू राम, कमलेश भुइयां, गोपाल उरांव,रामजीत पंकज सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

### संत रविदास जयंती पर नव युवक संघ ने निकाली शोभा यात्रा




**लातेहार।** संत रविदास जयंती के मौके पर शहर के नव युवक संघ अमवाटीकर के द्वारा शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गयी। शोभा यात्रा अमवाटीकर के अंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई। इसके बाद अमवाटीकर के महावीर मंदिर पहुंची। इसके बाद शहर के मेन रोड होते स्टेशन रोड के बाइपास चौक पहुंची। इसके बाद फिर मुख्य पथ होते पुराना बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद पुनः अंबेडकर चौक पहुंची। इस दौरान लोगों ने संत रविदास का जयघोष किया। शोभा यात्रा के बाद अंबेडकर चौक पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने समाज को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने एवं नशापान से दूर रहने की सलाह दी। संत रविदास के बताये मार्गों पर चलने की अपील की गयी। कहा गया कि संत रविदास ने समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया था। उन्होने समाज से छूआछूत व उंच नीच के भेदभाव को मिटाने का प्रयास किया और कहा कि अगर मन चंगा हो तो कठौति का पानी भी गंगा हो सकता है। कार्यक्रम में मनोज राम, प्रवीण राम, मुंगेश्वर राम, बल्केश्वर राम, गिरधारी राम, शंभू राम, शिव राम, उपेंद्र कुमार, अजीत कुमार , नरेंद्र राम, पिंटू राम, अजय कुमार, गुड्डू कुमार, रामचंद्र राम, संतोष मेहरा, महेंद्र राम, शंकर राम, उदित राम, समेत कई लोग मौजूद थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मनायी गयी संत रविदास की जयंती



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में प्राथमिक तथा माध्यमिक दोनों खंडो में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओंकार नाथ सहाय, जयंती प्रमुख फूलचंद सिंह, रूपाली और शिप्रा ने संयुक्त रूप से संत रविदास व सरस्वती माता के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा आठ की छात्रा राधिका कुमारी ने संत रविदास की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि व्यक्ति पद ,जन्म से बड़ा या छोटा नहीं होता है। वह गुण या कर्मों से बड़ा या छोटा होता है। कार्यक्रम को कक्षा सात की छात्रा सेजल कुमारी, साक्षी ठाकुर, कक्षा छह की छात्रा अंजनी कुमारी ,प्रिया कुमारी व सौम्या कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने कविता ,भजन, जीवनी प्रेरक प्रसंग आदि प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य ओमकार नाथ सहाय ने इस अवसर पर कहा कि संत रविदास के जीवन से हमे कर्म प्रधानता की प्रेरणा लेनी चाहिए। रविदास भारतीय समाज में समरसता के प्रतीक थे। उन्होंने प्राणी मात्र के कल्याण की महत्ता बताया है। मंच संचालन कक्षा नौ की रूपाली राज, शिप्रा कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य व छात्र मौजूद थे।

# 16एकड़ में अवैध पोस्ता खेती को पुलिस ने किया नष्ट




**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस ने अभियान चलाकर बुधवार को थाना क्षेत्र के गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम नावाडीह में लगे लगभग 16 एकड़ में अवैध पोस्ता की खेती को पुलिस ने ट्रैक्टर व लाठी डंडे से पीटकर नष्ट किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि नावाडीह क्षेत्र में अवैध पोस्ता की खेती की गई है। पुलिस अधीक्षक लातेहार को मिली सूचना के आधार पर बालुमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल द्वारा उक्त स्थल नावाडीह मे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर से रौंदकर और लाठी-डंडों से पीटकर पूरी तरह नष्ट कर दिया। उन्होने कहा कि अभी अभियान जारी हैं। अवैध पोस्ता की खेती में शामिल माफियाओं और व्यापार से जुड़े लोगों को सख्त चेतावनी दी गई है। अवैध पोस्ता की खेती करने वाले स्वयं से अपनी खेती नष्ट कर लें अन्यथा पुलिस को खेती नष्ट करना पड़ा तो एक-एक को पहचान कर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## 10 एकड़ भूमि में लगे पोस्ता फसल नष्ट

**हेरहंज।** मंगलवार को हेरहंज पुलिस एवं कप्र्र के जवानों ने अभियान चलाकर हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खीराखाड़ एवं गटियरवा के गैरमजरूआ एवं वन भूमि में लगे अलग -अलग प्लॉट में करीब 10 एकड़ पोस्ता की फसल को ट्रैक्टर हल एवं लाठी डंडे से नष्ट किया गया। कृष्ण पाल सिंह पवैया ने बताया कि पोस्ता खेती करने वाले की पहचान की जा रही है। सत्यापन उपरांत सभी दोषियों के विरुद्ध अग्रेतर कार्रवाई करते हुए नामजद प्राथमिक की दर्ज की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वह पुलिस को गुप्त सूचना दें, ताकि समय रहते पोस्ता की फसल को नष्ट किया जा सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि जिन्होंने पोस्ता की खेती किया है वह स्वतः नष्ट कर दे और कानूनी कार्रवाई से बचें।

# सड़क दुर्घटना में घायल पारा शिक्षक का रिम्स में इलाज के दौरान निधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के जोबिया उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक जगदीश उरांव का रिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वह मंगलवार शाम को चंदवा से बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में रिम्स रेफर किया गया था। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनका निधन हो गया। जगदीश उरांव के मौत की खबर मिलते ही परिवार व शिक्षकों के बीच शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद, सचिव गोविंदा कुमार, बिगन राम समेत अन्य लोग रिम्स अस्पताल पहुंच कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर उनके शव को घर तक भेजवाने में मदद की। जगदीश उरांव सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड कोषाध्यक्ष होने के साथ साथ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन पर प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालो में संघ के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद,सचिव गोविंदा कुमार,बिगन राम, इबरार खान, विजय पासवान,सूरज प्रकाश, अनुराधा कुमारी, सत्यवान कुमार, पंचम यादव, त्रिवेणी गोप, मनोज पासवान, श्याम उरांव, चंद्रदेव सिंह, सरिता तिर्की, कमलेश्वर राम, अभिमन्यु मेहता समेत अन्य कई लोग शामिल हैं।

# नाबालिग अपहरण के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** पुलिस ने नाबालिग किशोरी के अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में प्रतापपुर थाना प्रभारी कासिम अंसारी ने बताया कि आरोपी द्वारा नाबालिग किशोरी को शादी के नियत से बहला फुसला कर दो फरवरी को भगा ले गया था। उक्त मामले को लेकर पीड़ित किशोरी के अभिभावक ने थाने में आवेदन देकर न्याय एवं उचित कार्रवाई की गुहार लगाई थी। जिसके आलोक में मामला दर्ज कर आरोपी के गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस लगी थी, लेकिन हर बार वह चकमा देकर भाग जा रहा था। इस बार गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी दल का गठन कर स्टेशन से उसे किशोरी के साथ गिरफ्तार किया गया। उसके बाद किशोरी को मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के साथ सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार सॉन्गा, जुएल गुड़िया व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव की तैयार में जुटा जिला प्रशासन

- **कार्यक्रम स्थल का डीसी और एसपी ने लिया जायजा, दिए अवश्यक दिशा निर्देश**



**नवीन मेल संवाददाता**

**इटखोरी (चतरा)।** जिले के इटखोरी स्थित ऐतिहासिक माता भद्रकाली मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय राजकीय इटखोरी महोत्सव के भव्य आयोजन की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप व एसपी विकास कुमार पांडये अधिकारियों संग महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मानस परिसर, सेमिनार स्थल में हो रहे तैयारियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों ने संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि महोत्सव भव्य आयोजन किया जाएगा। एसपी ने महोत्सव स्थल में सुरक्षा का जायजा लिया। बता दें कि 2015 से लगातार राजकीय इटखोरी महोत्सव का आयोजन हर वर्ष 19, 20 व 21 फरवरी को होते आ रहा है। उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव के लिए कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जायाजा लेने के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, एसडीओ सन्नी राज आदि साथ थे।

## प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना ठप

# चार किलोमीटर दूर से पानी लाने को विवश हैं कुकुद पाठ के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)।** गर्मी की आहट के साथ ही महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के लिए परेशानी शुरू हो गई है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग हर घर नल से जल पहुंचने का दावा करता है लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती है। प्रखंड अंतर्गत कई ऐसे गांव है जहां आज भी पानी के लिए लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। प्रखंड अंतर्गत ओरसा पंचायत का कुकुद पाठ गांव जहां विभाग ने बड़ी-बड़ी पानी की टंकी लगाकर हर घर में कनेक्शन करते हुए नल भी लगा दिया है। लेकिन लगभग 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी पानी की टंकी में पानी पहुंचाने के लिए बोरिंग ही नहीं किया गया। यहां विभाग द्वारा तीन जल मीनार का निर्माण करते हुए टंकीया लगाई है, जिम बोरिंग करते हुए पानी का कनेक्शन ही नहीं दिया गया। लोग आज भी तीन से चार किलोमीटर पहाड़ों से उतरकर पानी लाने को मजबूर है। छोटे-छोटे बच्चों को गोद में लेकर महिलाएं पहाड़ों पर उबड़ खाबड़ रास्तों और झाड़ियां को पार कर पानी घर ला पाती है। इसी तरह प्रखंड अंतर्गत पंचायत दुरूप, अक्सी, गढ़बुढ़नी, समेत अन्य पंचायत के दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत बड़ी-बड़ी मीनार लगाकर टंकियां बैठा दी गई है पानी का कनेक्शन भी कर दिया गया है लेकिन कई जगहों पर नल टूटे पड़े हैं तो कहीं मोटर में कनेक्शन बाधित होने की वजह से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। विभाग ने संवेदको को इसके निर्माण के साथ-साथ इसके देखरेख की जिम्मेवारी भी सौंपी थी। जिसके लिए प्रखंड में कुछ दिनों तक संवेदक द्वारा नियुक्त कर्मियों के द्वारा देखरेख किया जा रहा था। लेकिन हाल में इसकी देखरेख के लिए नियुक्त कर्मी भी प्रखंड में उपस्थित नहीं रहते। ऐसे में अगर विभाग जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं करता है तो आने वाले गर्मियों के मौसम में लोगों को और भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# शब-ए-बरात आज, तैयारी में जुटे मुस्लिम धर्मावलंबी





**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** इस्लाम में शब-ए-बरात त्योहार की काफी अहमियत है। मुस्लिम समुदाय में शब-ए-बारात इबादत, फजीलत, रहमत और मगफिरत की रात मानी जाती है। मुस्लिम समुदाय के लोग रात भर इबादत करते हैं और अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं। इसके लिए मुस्लिम धर्मावलम्बी अपने घरों,मस्जिदों व कब्रिस्तानों की साफ सफाई में जुटे हैं। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं। अपने पूर्वजों को याद करते हैं। अपने गुनाहों से माफी मांगते हैं। साथ ही साथ समस्त इंसानियत के लिए विश्व शांति और भाईचारे के लिए खुदा से दुआएं करते हैं। त्योहार को लेकर बड़ो और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। हाजी फिरोज अहमद चंदवा प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह वरिष्ठ समाज सेवी हाजी फिरोज अहमद कहते हैं कि शाबान के चांद का इंतेजार मुस्लिम समुदाय को बेसब्री से रहता है। शब-ए- बारात की रात इबादत करना अल्लाह को पसंद है। शब-ए-बारात के 15 दिन बाद ही रमजान की शुरूआत हो जाती है। मुस्लिम समुदाय में शब-ए-बारात के बाद ही त्योहारों का सिलसिला शुरू हो जाता है। दंत चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ. शम्स रजा कहते हैं कि शब-ए-बारात की रात रहमतों की रात होती है। इस रात सभी लोगों पर अल्लाह की नेयमत बरसती है। मो. मोजम्मिल समाजसेवी मो मोजम्मिल कहते हैं कि शब-ए-बारात की रात हर मुसलमान को इबादत करना चाहिए। जितना हो सके नफिल नमाज अदा करना,कुरान शरीफ पढ़ना चाहिए। इस रात की इबादत के बाद मांगी गई हर दुआ अल्लाह कुबूल करता है। मो. इरशाद युवा समाजसेवी इरशाद मुन्ना कहते हैं कि मुस्लिम समुदाय में शब-ए-बारात की रात का बड़ा अहम महत्व है।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन

# कंधे से कंधा मिलाकर चलना विकसित समाज की पहचान : डॉ रामेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** रविदास विकास मंच लोहरदगा इकाई के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का भव्य आयोजन स्थानीय नगर भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने बतलाया कि जिस समाज में महिलाएं पुरुषों से कंधा से कंधा मिलाकर के चलती है। वह समाज विकसित समाज कहलाता है। आज के समारोह में महिलाओं की संख्या अत्यधिक है अर्थात जागरूक समाज है। विशिष्ट अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा ने बतलाया कि संत रविदास ने कर्म को आधार बनाकर समाज सेवा करने का कार्य किया है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक है उनके विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। शिक्षा रूपी हथियार को अपनाने की आवश्यकता है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा ने बतलाया कि संत शिरोमणि रविदास जी महाराज भक्ति काल में जन्म लिए। भक्ति के माध्यम से ईश्वर से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने समाज में व्याप्त विषमताओं को दूर करने का प्रयास किया। उन्होंने भक्ति के माध्यम से मन चंगा तो कठौती में गंगा लोकोक्ति को चरितार्थ किया। उपविकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने कहा की कुरीतियों को दूर कर शिक्षा रूपी का हथियार को अपनाना होगा। युवा साथी अपनी आवाज बुलंद करें, संगठित होते हुए इंसानियत को बढ़ावा देने की पहल करें। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमा, उप विकास आयुक्त दिलीप सिंह शेखावत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर किया। समाज के बच्चों द्वारा स्वागत गीत, गणेश वंदना एवं संथाली नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयोजन समिति के अध्यक्ष बुध राम ने दिया। कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के सदस्य अरुण राम, धन्यवाद ज्ञापन संतोष कुमार रवि ने किया। इन्होंने भी अपना विचार व्यक्त किया लखन राम, गोपाल राम, कृष्णा राम, विश्व नारायण राम, संतन राम, शंकर राम, ईश्वर राम, अनिल रविदास। समारोह को सफल बनाने में लक्ष्मण राम, प्रताप राम, बरतू राम, अजय राम, बिंदेश्वर राम, राधेश्याम राम, अशोक राम, दयानंद राम, पंचम राम, सीता देवी, जगमनी देवी, रेणु देवी, उर्मिला देवी, हेमा देवी, मंजू कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या कुमारी, सौम्या वैष्णवी, नंदनी कुमारी, तन्नू कुमारी, अर्चना कुमारी, सुरभि कुमारी, आरती कुमारी, प्रिंसी सोनी, श्रुति कुमारी ने प्रस्तुत किया।



## भंडारे के साथ अखंड हरिकीर्तन हुआ संपन्न

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान मंदिर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरि कृतन भंडारे का साथ बुधवार को संपन्न हो गया। वही तोड़ार ग्राम के श्रद्धालु भक्तों द्वारा आयोजित अखंड हरि कृतन में क्षेत्र के महिला पुरुष भक्तों और बच्चे बच्चियों ने अखंड हरि कृतन में उत्साह के साथ शामिल हुए। तोड़ार ग्राम का कृतन मंडली के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया की माघ पूर्णिमा पर गांव में 15 वर्षों से लगातार अखण्ड हरि कृतन का आयोजन गांव के श्रद्धालु भक्तों द्वारा किया जा रहा है। जिस निमित इस बार भी मंगलवार से ग्राम के बीच स्थित हनुमान मंदिर में माघ पूर्णिमा के अवसर पर 24 घण्टे का आयोजित अखण्ड हरि कृतन विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। वही आयोजित अखंड हरि कीर्तन में बरही, सेन्हा, अरु, चारहु, आरेया, हेसवे, बाजार डांडू, चौकनी सहित विभिन्न गांवों के कृतन मंडली के साथ अन्य प्रखंडो के कृतन मंडली और महिला पुरुष भक्तजन शामिल हुए।

## न्यूज | बॉक्स

### बिजली चोरी मामले में छः नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** बिजली चोरी मामले में छः नामजद के विरुद्ध सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के विभिन्न गांव में बिजली विभाग द्वारा टीम गठित कर बिजली चोरी के विरुद्ध छापेमारी और सर्च अभियान चलाया गया। उसी दौरान सेरेंगहातू निवासी जहीर अंसारी का 26 वर्षीय पुत्र नसीम अंसारी के द्वारा व्यवसायिक कार्य हेतु एल टी तार से टोका फंसा कर बाइक एवं कार सर्विसिंग का कार्य करने के आरोप है। सीठीयो निवासी कैलाश ठाकुर का 45 वर्षीय पुत्र बंधन ठाकुर द्वारा घरेलू मीटर के पहले तार को वाईपास कर सैलून दुकान में विद्युत ऊर्जा चोरी कर इस्तेमाल किया जा रहा था। बरही निवासी संतोष प्रजापति का 28 वर्षीय पुत्र सुशील प्रजापति द्वारा बिजली ऊर्जा का अवैध उपयोग कर व्यवसायिक कार्य के रूप में मयंक हॉलसेल बैटरी एवं ऑटो मोटरसाइकिल सर्विस दुकान में विद्युत ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा रहा था। बरही चौक निवासी स्वर्गीय बनेश्वर साहू का 49 वर्षीय पुत्र रामभजन साहू द्वारा परिसर में स्थापित मीटर से पहले सर्विस तार में टैप कर अपने घर में बिजली ऊर्जा का अवैध इस्तेमाल किया जा रहा था। बरही चटकपुर निवासी बालेश्वर महतो का 35 वर्षीय पुत्र अमर महतो के द्वारा द्वारिका महतो के मीटर से पहले सर्विस तार में टैप कर अपने घर में टाइल्स मार्बल लगाने के कार्य में अवैध बिजली ऊर्जा का इस्तेमाल किया जा रहा था। इसके अलावे बरही चटकपुर निवासी स्वर्गीय कपिल महतो का 26 वर्षीय पुत्र आशीष महतो के विरुद्ध भी घरेलू कनेक्शन सर्विस तार में टैप कर विद्युत ऊर्जा का अवैध इस्तेमाल घरेलू कार्य में किया जा रहा था। इन सभी नामजद के विरुद्ध सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल पदाधिकारी अजू कच्छप का लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है.इस संदर्भ में एस आई मनीष कुमार महतो ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में सेन्हा थाना कांड संख्या 15/25 दिनांक 11 फरवरी 2025 को दर्ज कर बीएनएस धारा 135/137 के तहत सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कारवाई आरम्भ कर दिया गया है।

### लोहरदगा थाना परिसर में शब-ए-बारात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा।** सदर थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रत्नेश मोहन ठाकुर की अध्यक्षता में शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बातों को रखते हुए शांति और सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की बात कही। इस बैठक में पुलिस निरीक्षक रत्नेश मोहन ठाकुर, सब इंस्पेक्टर आदर्श कुमार, अंजुमन इस्लामिया के सदर रऊफ अंसारी, सेक्रेटरी शाहिद अहमद, चंद्रदीप मेहता, शाहरुख खान, शहादत हुसैन, एजाज अंसारी, युसूफ अंसारी, रफीक अंसारी, मनान खान, अल्ताफ कुरेशी, किशोर उरांव, समसुल अंसारी, संजू कुमार, मुकेश कुमार के अलावे काफी संख्या में बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

### प्रखंड स्तरीय पत्रकार संघ की हुई बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**भंडर।** जिले के भंडरा प्रखंड पत्रकार संघ की बैठक बुधवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में संपन्न हुई जिसमें पत्रकार एकता सहित पत्रकारिता के क्षेत्र में होने वाली परेशानियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई बैठक में प्रखंड कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें सर्वसमिति से भंडरा पत्रकार संघ के संरक्षक राजेश कुमार गुप्ता, अंगद प्रसाद गुप्ता,अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता, सचिव संदीप कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष कुलदीप कच्छप, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, संजय कुमार साहू, कार्यकारी सदस्य शकील अहमद, सोनू सोनी, दीपक अधिकारी, रंजन गुप्ता को बनाया गया वहीं इस मौके पर राजेश गुप्ता ने कहा सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया वहीं सभी ने एक स्वर मे संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की।

### आंगनबाड़ी केंद्र में गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन



**कैरो/लोहरदगा।** बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार प्रखंड मुख्यालय आदिवासी मुहल्ला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बुधवार को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोदभराई में लाभार्थी रानी कुमारी को सेविका सुगिया लकड़ा के द्वारा पौष्टिक कच्चा खाद्य पदार्थ दिया गया।वंही सेविका ने गर्वती महिलाओं को प्रसव से पूर्व होने वाली शाररिक समस्या व निवारण को लेकर विशेष जानकारी दिया साथ ही कहा कि एक गर्वती महिला को आराम से कोई भी घरेलू कार्य को करना चाहिए एवं खाने में आयरन युक्त भोजन हरा साग सब्जी, फल, अंडा, दूध जैसे पदार्थो का सेवन करना चाहिए।मुखिया बीरेंद्र महली ने कहा सरकार के द्वारा कई जनकल्याणकारी योजना का संचालन किया जाता है जिसमे एक महिलाओं के लिए प्रसव से पूर्व स्वस्थ्य जांच से लेकर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराती है। जिसके लिए नियम का पालन सभी को करना चाहिए और इसका लाभ लेना चाहिए।

### वीर बुधु भगत जयंती समारोह में जिला प्रशासन के द्वारा लगाया जाएगा विकास मेंला

**लोहरदगा।** लरका आंदोलन के प्रणेता अमर शहीद वीर बुधु भगत के जयंती के अवसर पर 17 फरवरी को मैंना बगीचा लोहरदगा में भव्य जतरा सह जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित विकास मेला में सरकार के विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल, प्रदर्शनी एवं परिसंपत्ति वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सुबे के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ सांसद, विधायक, जिला प्रशासन ,पुलिस पदाधिकारीगण ,पाहन पूजार, सभी समाज के अगुवा ,खोड़हा दल, नृत्य मंडली भी शामिल होंगे ।जिला प्रशासन के द्वारा जो विकास मेला लगाया जाएगा उसके लिए एनडीसी अभिनीत सूरज ,नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सांसद के निजी सहायक आलोक कुमार साहू मैंना बगीचा स्थल का जायजा लिए। नगर परिषद ने अपने कर्मचारियों को सफाई करने का निर्देश दिया। स्टॉल कहां लगेगा उस स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

## भंडरा में जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाया

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के तिलसिरी गांव में बुधवार की सुबह जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। जंगली हाथियों का झुंड एक नहीं बल्कि कई किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें गेहूं, आलू, सरसों का खेती को अधिक नुकसान हुआ है। इस दौरान जंगली हाथियों की झुंड ने तिलसिरी गांव के किसान बसिया लकड़ा के खेत में एक एकड़ में लगी सरसों फसल को भी पूरी तरह रौंद दिया है। साथ ही केला बागान को भी नुकसान पहुंचाया है। इसी तरह सुनीत मिंज के गेहूं फसल, गंगा उरांव का आलू को क्षति पहुंचाया है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार की सुबह की 18 हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश किया है। जिसे स्थानीय भंडरा थाना पुलिस की मदद से भंडरा व भरनो थाना क्षेत्र के सीमांत लोंगा पहाड़ पहुंचाया गया। क्षेत्र में हर एक दो माह में जंगली हाथियों के आगमन से किसान काफी परेशान है। जंगली हाथियों द्वारा फसल को काफी नुकसान पहुंचाया गया है। वन विभाग से मुआवजा को लेकर अंचलाधिकारी भंडरा को आवेदन सौंपा जाएगा।



## महाकुंभ स्नान और अयोध्या श्री राम लला के दर्शन कर सकुशल लौटे वैदिक अष्टांग योग परिवार के 85 सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** वैदिक विश्व मंगल ट्रस्ट द्वारा संचालित लोहरदगा में वैदिक अष्टांग योग परिवार के लगभग 85 सदस्य का एक जत्था 2 बस में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक का एक धार्मिक यात्रा निकाला गया था। जिसमें पहले विंध्याचल नगर में स्थित विंध्यवासिनी मंदिर का दर्शन किए और फिर 9 फरवरी को महाकुंभ में मंत्र के द्वारा योग साधकों ने 11 डुबकी लगाएं। रास्ते में सेजल व सरिता कर्मकार ने सबको भजन के द्वारा लाभान्वित किए। 10 फरवरी को अयोध्या में दशमेश पेट्रोल पंप से श्री राम जन्मभूमि तक ओम ध्वज के साथ प्रभात फेरी निकाले और फिर सभी लोग प्रभु श्री राम का दर्शन किए। सभी लोग यह संकल्प किये कि सनातन धर्म को अपने जीवन में आत्मसात करेंगे और इसके वैज्ञानिकता को लोगों को बताएंगे। अयोध्या से वापस होकर 11 फरवरी शाम को लोहरदगा सभी योग परिवार एवं सनातन प्रेमी सकुशल वापस लोहरदगा पहुंचे। इस योग परिवार का नेतृत्व डॉ अशोक आचार्य के साथ कुणाल, दीपक कर्मकार, दिलीप राज, राजेश्वरी, जया, मुकेश, रोहित, दीक्षांत, चंदन वर्मा, मदन, सरिता, जमशेदपुर से आए ग्रुप में बबलू कर्मकार,पालकोट से अवधेश साहू उड़ीसा से प्रभाकर मिश्रा यात्रा में हेल्थ के कोई समस्या आए तो डॉ जगजीवन साहू को साथ में रखा गया था। यात्रा का मुख्य विशेषता यह रहा कि इस ग्रुप में 5 साल के बच्चे से लेकर 88 साल के डीसी र्मकार भी कुशलता पूर्वक यात्रा किए।

## सेन्हा में डोर टू डोर भ्रमण कर फाइलेरिया की दवा खिलाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों में सोमवार को फाइलेरिया रोधी एमडीटी की दवा खिलाई गई। झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेर्शानुसार एमडीए कार्यक्रम के तहत 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। जिस निमित 10 फरवरी को प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों में फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई गई थी। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीत आनंद ने बताया कि एमडीए कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी तक 02 वर्ष से ऊपर उम्र के लोगो को फाइलेरिया की दवा खिलाई जायेगी। जिसे सोमवार को प्रखंड क्षेत्र के 116 बूथों में दवा खिलाई गई थी। उसी क्रम में 11 फरवरी से 25 फरवरी तक स्वास्थ्य कर्मी एएनएम,स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा स्वास्थ्य वोलेंटियरों द्वारा डोर टू डोर भ्रमण कर फाइलेरिया की दवा खिलाई जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के अंतर्गत 88 गाँवों में 92250 लोगो को दवा खिलाई गई थी। गर्भवती महिला,अधिक उम्र के व्यक्तियों और बीमार व्यक्तियों को छोड़ कर वंचित लोगों को दवा खिलना है।सभी लोगों से फाइलेरिया रोधी दवा का उपयोग करने के लिये अपील किया गया है। जिसे किसी व्यक्ति का पैर हाथी पांव नही बने और लोगों का फाइलेरिया बीमारी से बचाव हो सके फाईलेरिया रोग मच्छर के काटने से होता है। जिसका लक्षण काफी समय बाद दिखाई देता हैं। फाइलेरिया एक संक्रमित बीमारी है। जो पैर फूलने व हाईड्रोशील से भी हो सकती है। जिससे सभी को फाईलेरिया से बचाव करना आवश्यक है। मौके पर सीएचओ प्रियंका कुजूर, स्वास्थ्य सहिया शकुंतला देवी,सेविका मालती देवी समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया व सेविकाएं तथा वोलेंटियर मौजूद थे।

## माता-पिता व गुरुजन ईश्वर के समतुल्य हैं : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि दयानन्द सरस्वती आधुनिक भारत के चिन्तक तथा आर्य समाज के संस्थापक थे। उनके बचपन का नाम 'मूलशंकर' था। उन्होंने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए मुम्बई में आर्यसमाज की स्थापना की। 'वेदों की ओर लौटो' यह उनका ही दिया हुआ प्रमुख नारा था । उन्होंने कर्म सिद्धान्त, पुनर्जन्म तथा सन्यास को अपने दर्शन के स्तम्भ बनाये। विद्यार्थियों को स्वामी दयानंद के प्रकाशपुंज जीवन से परिचित कराने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि जी की तस्वीर के समक्ष प्राचार्य के साथ-साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई । इस अवसर पर शिक्षिका ज्योति पांडे के द्वारा मंच संचालन किया गया । शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ,प्रमित विश्वकर्मा ,रुचिर मृगेंद्र व छात्रा अनुपमा श्रद्धा मिश्रा के द्वारा मनोरम भजन की प्रस्तुति की गई। छात्राओं के द्वारा एक सामूहिक गीत भी गाया गया। छात्रा सेजल रंजन द्वारा हिंदी व शुभांगिनी द्वारा अंग्रेजी में स्वामी जी के जीवन पर भाषण के माध्यम से प्रकाश डाला गया। कक्षा सातवीं की छात्रा साक्षी कुमारी व छात्र विभोर शौर्य के द्वारा प्रेरणादायक कविता का पाठ किया गया। छात्रा पूजा ,प्रियंका एवं आरोही के द्वारा सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। मौके पर प्राचार्य के द्वारा बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा गया कि महर्षि जी का जीवन हमें यह सीख देता है कि माता-पिता व गुरुजन ईश्वर के समतुल्य हैं, इनका सदैव सम्मान करना चाहिए। मधुर वाणी ईश्वर द्वारा मानवों को दिया गया श्रेष्ठतम उपहार है । अतः हमें सत्य,मधुर ,न्यायपूर्ण वाणी का प्रयोग करना चाहिए। धर्मशिक्षक जितेंद्र मेहेर, शितेश कुमार पाठक, शिक्षिका आरती कुमारी के साथ -साथ सभी शिक्षकगणों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। वही सत्र 2024- 25 के 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों व यादों को सभी के साथ साझा किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व आगामी परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं गईं।

## जाति के आधार पर भेदभाव ना करें, ईश्वर की दृष्टि में सभी एक समान : बिपिन कुमार दास

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में हर साल की भांति माघ मास की पूर्णिमा को गुरु रविदास जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, मधुमिता शर्मा, प्रमेंद्र सिंह, श्वेता संदेश ,अमन कुमार ने संयुक्त रूप से संत शिरोमणि रविदास जयंती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर नमन किया। संत रविदास जयंती आज मनाई जा रही है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि जाति के आधार पर भेदभाव ना करें, ईश्वर की दृष्टि में सभी समान होते हैं। मन शुद्ध हो तो हर जगह पवित्रता होती है।



विद्यालय के भैया -बहनों ने भी रविदास जयंती के ऊपर अपना वक्तव्य दिया। आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने भैया - बहनों को संत रविदास जयंती के महत्व को बताते हुए रविदास जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने भैया -बहनों को बताया कि हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कम के बदले मिलने वाला फल की आशा नहीं छोड़नी चाहिए क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य। कार्यक्रम में मंच संचालन संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य - दीदी जी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर में संत रविदास की जयंती मनाई गई, बोले प्रधानाचार्य

# संत रविदास सामाजिक समरसता के संत थे



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में संत रविदास जी की जयंती बड़े ही उत्साह और भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्री सुरेश चंद्र पांडे द्वारा संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा, संत रविदास जी एक महान संत और समाज सुधारक थे। उनके संदेश हमें आज भी प्रेरित करते हैं। उन्हें लोदी वंश के शासक सिकंदर लोदी हिंदू से मुसलमान बनाने के लिए अनेक प्रकार की यातनाएं दी और उन्हें जेल में बंद कर दिया किंतु वह अपने धर्म पर अडिग रहे तथा सिकंदर लोदी को जेल खाने से मुक्त करने के लिए बाध्य किया उनकी प्रसिद्ध उक्ति मन चंगा तो कठौती में गंगा सब लोगों के जीवन के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

वह न केवल हिंदू धर्म की रक्षा की बल्कि उस समय समाज में व्याप्त उच्च नीच छुआछूत के भेदभाव को दूर करने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होने रविदासी समाज को एकत्रित करने के लिए एक संप्रदाय का भी संचालन किया। इसके अनुयायी आज भी समाज में है। कार्यक्रम का उद्देश्य संत रविदास जी के जीवन से उनके संदेशों को याद करना और उनके आदर्शों को अपनाना है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे सभी ने संकल्प लिया कि सामाजिक एकता और अखंडता के लिए हमें ऐसे महापुरुषों से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए।

### गुरु रविदास संत होने के साथ उत्कृष्ट कवि भी थे : प्रधानाचार्य

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में संत रविदास जी की 648 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया।वही कार्यक्रम की शुरूआत रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर प्रारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने भैया बहनों और आचार्य आचार्या को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरु रविदास जी जन्म माघ माह के पूर्णिमा तिथि को हुआ था।रविदास संत होने के साथ महान कवि भी थे। साथ ही उन्होंने कहा की समाज में कोई भी मनुष्य को जाति के आधार पर चिन्हित नही करना चाहिये बल्कि कर्म की प्रधानता होनी चाहिये। संत रविदास ने स्वयं कहा था।की मन चंगा तो कठौती गंगा इस लिये जाति का भेद भाव नही होना चाहिये सभी मनुष्य एक ही ईश्वर के संतान हैं। साथ ही भैया बहनों को बताते हुए प्रधानाचार्य ने कहा की महापुरुषों की जयंती मनाने से उनके सद्गुण,उच्च विचार के साथ त्याग की भावना मन में आती है। जिसे सबों को हृदय में आत्मसात करना चाहिये और देश समाज तथा असहाय गरीबों के लिये कुछ कर दिखाना चाहिये। मौके पर मीना देवी, संध्या कुमारी, जयप्रकाश सिंह, खुशी सहाय, रिंकी कुमारी, अंजनी कुमारी, सुधीर उरांव, सुभाषनी देवी समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

## संत रविदास और महर्षि दयानंद की जयंती आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में संत रविदास और महर्षि दयानंद की जयंती आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत वंदना सभा में संत रविदास और महर्षि दयानंद के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। हिंदी की आचार्या रेणु कुमारी ने संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु रविदासजी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। इन्होंने संत रविदास जी का मुख्य वक्तव्य 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का अर्थ स्पष्ट किया। प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि रैदास ने ऊँच-नीच की भावना तथा ईश्वर-भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन तथा निरर्थक बताया और सबको परस्पर मिलजुल कर प्रेमपूर्वक रहने का उपदेश दिया, हमें इनसे सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, नीतू कुमारी, कविता कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, सनोज कुमार साहू, आरती भगत, रितेश कुमार पाठक सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### चैनपुर प्रखंड में अवैध पत्थर तुड़ाई वन विभाग की मिली भगत फल फूल रहा

# बेखौफ दिन के उजाले में चल रहा पत्थर तुड़ाई व पत्थर धुलाई का धंधा

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में अवैध रूप से पत्थर तुड़ाई का कार्य लगातार जारी है, जिससे स्थानीय वन क्षेत्र और पर्यावरण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। कुरूमगाड़ वन क्षेत्र में दिन के उजाले में ही यह अवैध गतिविधियाँ तेजी से चल रही हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस कार्य में वन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिली भगत शामिल है।हाल ही में वन विभाग ने पत्थर तोड़ने वाले लोगों को चेतावनी दी थी, लेकिन इसके बावजूद यह कार्य फिर से बढ़ गया है। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का आरोप है कि जब भी अधिकारी स्थल पर पहुंचते हैं, तब पथर माफिया को पहले से सूचना मिल जाती है और वे मौके से भाग निकलते हैं। इस दौरान केवल वे मजदूर बचते हैं, जो किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों में शामिल नहीं होते, बल्कि सिर्फ अपनी आजीविका के लिए काम करते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बेंदोरा सारखी पातर के समीप स्थित चटानों को खोखला करने का कार्य धड़ल्ले से किया जा रहा है। यह स्थिति न केवल वन क्षेत्र के लिए खतरा है, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी को भी नुकसान पहुँचा रही है। अवैध पत्थर तुड़ाई के इस काम में माफिया सक्रिय रूप से शामिल हैं, जो बिना किसी रोकटोक के अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। इस मामले में स्थानीय निवासियों ने वन विभाग और प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि यह अवैध कार्य इसी तरह चलता रहा, तो न केवल वन क्षेत्र का विनाश होगा, बल्कि स्थानीय जलवायु और जीव-जंतु पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले में गंभीरता दिखाए और अवैध पत्थर तुड़ाई करने वालों के खिलाफ ठोस कदम उठाए। इसके साथ ही, वन विभाग को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए। स्थानीय लोग इस मुद्दे पर जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रयासरत हैं, ताकि इस समस्या का समाधान निकाला जा सके और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सके।





### भरनो में मिर्गी रोगियों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर

## एम्स दिल्ली के विशेषज्ञ ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में बुधवार को मिर्गी के नए रोगियों की जांच और उपचार के लिए एक विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सीएचसी भरनो और गुमला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से संचालित किया गया, जिसमें दिल्ली एम्स की प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. ममता भूषण सिंह और गुमला के डॉ. शारिब अहमद सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों का निशुल्क जांच और इलाज किया।

शिविर के दौरान डॉक्टरों ने मिर्गी रोग के कारणों, लक्षणों और उपचार के बारे में जानकारी दी। डॉ. ममता भूषण सिंह ने बताया कि यह रोग मुख्य रूप से आनुवंशिकी, सिर में चोट, ब्रेन ट्यूमर, अत्यधिक शराब या नशीली दवाओं के सेवन और जन्म के दौरान मस्तिष्क की विकृति के कारण हो सकता है। उन्होंने रोगियों को नियमित दवा लेने, संतुलित आहार अपनाने और वजन बढ़ाने से बचने की सलाह दी।



भरनो प्रखंड सहित सिसई, घाघरा, बिशुनपुर, कामडारा और बसिया से आए 128 मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर में डॉ. हेमंत तिवारी और डॉ. मयंक शर्मा ने उपस्थित लोगों को मिर्गी रोग से बचाव और प्रबंधन की महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस चिकित्सा शिविर को सफल बनाने में चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर, डॉ. सीमा प्रकाश, डॉ. मोनिका बाला, डॉ. आशुतोष कुमार सिंह, सुजीत कुमार, रतिम रॉय, मनीता कुमारी, बीपीएम रविंद्र कुमार, विजय नायक, सुमन कुल्लू सहित भरनो के सभी एनएम, सहिया और स्वास्थ्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अकेलेपन व मानसिक तनाव से जूझ रहे व्यक्ति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरिसा नकटी टोली गांव में 45 वर्षीय महावीर उरांव ने अपने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार दोपहर करीब 2 बजे की है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शाम 5 बजे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया। मृतक के पुत्र सुलेंद्र उरांव ने बताया कि घटना के वक्त वह नहाने गए थे और उनके पिता घर में अकेले थे। जब वे लौटे तो देखा कि उनके पिता ने पंखे के सहारे रस्सी से फांसी लगा ली थी। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, महावीर उरांव कुछ वर्षों से मानसिक तनाव में थे। उनकी पत्नी की मृत्यु के बाद उन्होंने अपने दोनों बेटों का पालन-पोषण किया, लेकिन अकेलापन उन्हें भीतर से तोड़ रहा था। चार साल पहले एक सड़क दुर्घटना में उनका पैर टूट गया था, जिससे वे विकलांग हो गए और मजदूरी का काम भी छूट गया। इसके बाद से वे घर पर ही रहने लगे और मानसिक तनाव से ग्रसित हो गए थे। घटना से गांव में शोक का माहौल है। परिजनों और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जरूरतमंद परिवारों के लिए मानसिक स्वास्थ्य और पुनर्वास संबंधी सहायता की मांग की है।

## सघन वाहन जांच अभियान, कई वाहन के कटे चालान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के चौक चौराहे पर बुधवार रूप से गाड़ी चलाने के खिलाफ आज एक सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह के आदेशानुसार पुलिस टीम द्वारा आयोजित किया गया। थानाप्रभारी कुंदन चौधरी की अगुवाई में हुए इस अभियान का उद्देश्य सड़क पर चल रहे वाहनों की जांच करना और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। पुलिस ने अभियान के दौरान चालकों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की, जिनमें ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन का इंश्योरेंस, प्रदूषण पंजीकरण, और अन्य सभी आवश्यक कागजात शामिल थे। जांच के दौरान कई चालकों के पास अनिवार्य हेलमेट और आवश्यक कागजात नहीं थे, जिसे लेकर उन्हें थाना में जमा करने के निर्देश दिए गए। इस अभियान में एएसई नंदूकिशोर कुमार और चैनपुर थाना के अन्य जवान भी शामिल थे, जिन्होंने अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने चालकों से अपील की कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें और अपने सभी आवश्यक दस्तावेज हमेशा साथ रखें। ध्यान रहे, इस तरह के अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं है, बल्कि सड़क पर सुरक्षा को बढ़ावा देना और लोगों में जागरूकता फैलाना है। पुलिस ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने का आश्वासन दिया है, ताकि चैनपुर प्रखंड में सड़क सुरक्षा पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सके।




## ट्रेन की चपेट में आने से एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के कुदरा पंचायत अंतर्गत निमडा गांव निवासी सेविका सुकरो देवी के 30 वर्षीय पुत्र विकास उरांव की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक के चचेरे भाई बबलू उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह पूर्व काम की तलाश में विजयवाड़ा गया हुआ था। काम नहीं मिलने के कारण दोनों भाई घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन में रात्रि 11 बजकर 14 मिनट में विकास कुछ सामान खरीदने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा तभी ट्रेन चलने लगी और वह छूट गया। वहीं परिजनों से फोन के माध्यम से लगातार बात होती रही परिजन लोकेशन के माध्यम से उसको लेने के लिए रात में ही घर से निकले थे परंतु मंगलवार की सुबह 7 बजकर 30 मिनट में ट्रेन की चपेट में आने से विकास की मौत हो गई। घटना के बाद से पत्नी मंजू उरांव, मां सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। दिन मंगलवार को सामाजिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया।



## गिरिडीह जिले के तिसरी में सबसे अधिक फाइलेरिया का केस

**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में सबसे अधिक फाइलेरिया केस मिलने के बाद बुधवार को स्वाथ्य विभाग की केंद्रीय टीम तिसरी पहुंची। जिले में सबसे अधिक तिसरी प्रखंड के भंडारी में फाइलेरिया के 9 केस और चंदौरी में 10 केस मिले हैं। जिसके कारण केंद्रीय टीम ने इन क्षेत्रों का दौरा किया। टीम में डॉ. जयंती सिंह, पिरामल फाउंडेशन से विकास सिन्हा, अविनाश कात्यायन, नीरज कुमार, एडमिन कुनाल,जिला स्वास्थ्य टीम से डीएमओ, वीबीडी कंसल्टेंट, डीए एवं डीए सुपरवाइजर शामिल थे। इसको लेकर दोनों पंचायतों के मुखियाओं से बैठक कर सहिया, सेविका, एसएचजी महिलाओं और युवाओं को जोड़कर फाइलेरिया उन्मूलन पर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. देवव्रत समेत अन्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

## सिसई में संत रविदास जयंती मनाई गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** रणजीत नारायण सिंह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुदरा में संत रविदास जयंती धूमधाम से मनाई गई इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य / दीदी जी ने प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा के साथ दीप प्रज्जवलन तथा पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत किए। भैया बहनों ने उत्साहपूर्वक रविदास साहित्य तथा जीवनी का उदाहरण दिया। इस मौके पर बोलते हुए जयंती प्रमुख मृत्यंजय कुमार मिश्र ने कहा कि संत रविदास, संत कबीर, संत तुलसीदास, गुरु नानक देव जी, सभी एक ही परंपरा के अनुयायी थे 'भक्ति परंपरा'। इन्हें आत्मज्ञान प्राप्त हुआ और 'प्रेम' इनकी रचनाओं का मूल बिंदु रहा। संत रविदास के बारे में कक्षा षष्ठम से भैया हर्ष, बहन दिव्या, बहन सृष्टि, कक्षा सप्तम से बहन कुमकुम व अन्य भैया बहनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संत गुरु रविदास के बारे में बोलते हुए प्रधानाचार्य देवेन्द्र वर्मा ने कहा कि कर्म ही पूजा है। संत रविदास ने इसे सिद्ध किया और अपना कर्म करते हुए ही अपने कठौती में मां गंगा को प्रकट होने के लिए मजबूर कर दिया। इसलिए कहा जाता है कि मन चंगा तो कठौती में गंगा । ममता दीदी जी ने धन्यवाद ज्ञापन दिए और शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## दिल्ली गोड्डा ट्रेन का शीशा तोड़ा, किया पथराव

**जमुआ।** बुधवार को चलने वाली ट्रेन गोड्डा दिल्ली ट्रेन जमुआ स्टेशन पहुंचते ही, प्रयागराज कुंभ स्नान के लिए जाने वाले यात्री जमुआ स्टेशन में दिल्ली गोड्डा ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों ने किया पथराव, शीशा तोड़ा। परीक्षा के लिए दिल्ली जा रहे एक दिव्यांग और एक छात्रा ट्रेन में नहीं जा पाने के कारण पटरी पर जाकर रेल को रोका। इस दौरान सैकड़ों यात्री पटरी पर आ गए। जमुआ पुलिस सूचना पर पहुँची। रेल पटरी से लोगों को हटाया तब रेल यहां से आगे बढ़ी। बता दें कि बुधवार को रेलवे स्टेशन जमुआ में प्रयागराज जाने वाले हजारों यात्रीयों की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेन के जमुआ स्टेशन पहुंचने के पूर्व ही सभी डिब्बे में खचाखच भरा हुआ था। इंतजार कर रहे यात्रियों के लिए गेट नहीं खोला गया। गुस्साए यात्रियों ने पत्थर से पीटकर और शीशा तोड़कर गेट खोला। बतादें पूर्व से ही भरा हुआ डिब्बे में किसी तरह से कुछ लोग चढ़े। वहीं कुछ लोगों के बोगी में चढ़ने के बाद उनके परिजन किसी तरह खींचकर निकाला और राहत का सांस लिया।

## करंज में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड स्थित करंज गांव में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। अम्बेडकर नगर करंज में आयोजित इस भव्य समारोह में करंज, कामडारा और मुरूमकेला से बड़ी संख्या में समाज के लोग पहुंचे और संत रविदास जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समारोह में महिलाओं ने संत गुरु रविदास जी की आरती उतारी और भक्ति गीतों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान समाज के अध्यक्ष भोला राम ने कहा कि संत रविदास जी ने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' जैसे आदर्श वचनों से समाज को भक्ति और नैतिकता की राह दिखाई। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और समरसता स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया।

इस मौके पर समाज के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अजय राम, बाबूलाल राम, सुरेंद्र राम, राजेश राम, रमेश राम, जुगल राम, श्यामलाल राम, रामलाल, बीरेंद्र राम, भूखला, परमेश्वर, संतोष, रमेश, जयनाथ, ब्रजेश, रामजतन, रंजित, प्रदीप, शिवचरण, सूरज, अंकित, राजा, छटू, दीपक, अमित, हरि, अंगनु, बजरंग और हर्ष सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## एमओ ने किया जनवितरण प्रणाली दुकान जाँच

**बिरनी।** बिरनी प्रखंड के जनवितरण प्रणाली के तहत चरघरा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित राशन दुकान की मंगलवार को आपूर्ति पदाधिकारी (एमओ) सुरेंद्र कुमार ने जांच की। जांच के दौरान कई अनियमितताएं पाई गईं। एमओ सुरेंद्र कुमार ने बताया कि डीलर की लापरवाही सामने आई है, क्योंकि 15 कार्डधारियों का अंगूठा नहीं लिया गया, जिससे उन्हें राशन नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि इस मामले की रिपोर्ट जिला आपूर्ति पदाधिकारी को भेजी जाएगी, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल की नगर परिषद प्रशासक से की मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में नगर परिषद के प्रशासक संजय मरांडी से औपचारिक भेंट की। इस दौरान सर्वप्रथम चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची प्रशासक को सौंपी गई। बैठक में नगर की साफ-सफाई और बुनियादी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। खासतौर पर बाजार टांड़ में पंजाबी गली से बाजार को जोड़ने वाले पीसीसी रोड को दीवार बनाकर बंद कर दिया गया है, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में कठिनाई हो रही है। प्रतिनिधिमंडल ने इस दीवार में एक द्वार खोलने की मांग की, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके अलावा, संकीर्ण गलियों में सफाई की समस्या को देखते हुए हाथ गाड़ियों से सफाई अभियान चलाने पर सहमति बनी। बैठक में अन्य शहरी विकास मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जिस पर प्रशासक संजय मरांडी ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, सह सचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक से नगर के व्यापारिक एवं नागरिक हितों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की उम्मीद जताई जा रही है।

### गुमला में लिजेंड कप सीजन-2 नाइट क्रिकेट मैच की जोरदार तैयारी

## दूधिया रोशनी में होगा रोमांचक मुकाबला




- *आकर्षक सजावट और कैंटीन की व्यवस्था*
- *नशामुक्त गुमला अभियान के तहत हो रहा आयोजन*
- *शहर की प्रतिष्ठित टीमों के बीच होंगे फैंसी मैच*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहर के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में लिजेंड कप सीजन-2 नाइट क्रिकेट मैच का आयोजन होने जा रहा है। फरवरी के अंतिम सप्ताह से मार्च के प्रथम सप्ताह तक चलने वाले इस रोमांचक टूर्नामेंट में गुमला के अलावा लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी और छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले की टीमें हिस्सा लेंगी।

यह टूर्नामेंट कैनवस बॉल से खेला जाएगा और सभी मैच दूधिया रोशनी में होंगे। मैदान में विशाल स्क्रीन लगाई जाएगी, जिससे दर्शक मैच को स्क्रीन पर भी देख सकेंगे। इसके अलावा, टूर्नामेंट के सभी मुकाबले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लाइव प्रसारित किए जाएंगे।

मैदान को आकर्षक रूप से सजाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। जगह-जगह फ्लेक्स और बैनर लगाए जाएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आयोजन का हिस्सा बन सकें। वहीं, मैदान में रात्रि कैंटीन की भी व्यवस्था होगी, जहां दर्शक और खिलाड़ी बाजार मूल्य पर भोजन और स्नैक्स का आनंद ले सकेंगे।

टूर्नामेंट के संयोजक रोहित उरांव उर्फ विक्की ने बताया कि गुमला में क्रिकेट को बढ़ावा देने और नशामुक्त गुमला अभियान के तहत 2024 में इस टूर्नामेंट की शुरूआत की गई थी। पिछले साल यह डे मैच के रूप में आयोजित हुआ था, लेकिन दर्शकों और खिलाड़ियों की मांग पर इस बार इसे नाइट क्रिकेट के रूप में आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के दौरान गुमला शहर की प्रतिष्ठित टीमों के बीच विशेष फैंसी मैच भी होंगे, जो टूर्नामेंट को और रोचक बनाएंगे। टूर्नामेंट हर दिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा।

आयोजन समिति के सदस्य अखिलेश कुमार, विजय नायक और मुकेश पांड्या ने बताया कि यह टूर्नामेंट सड़क सुरक्षा और नशामुक्ति अभियान के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। बैठक में मॉर्निंग क्रिकेट क्लब के कई पदाधिकारी और खिलाड़ी उपस्थित रहे। आयोजकों ने खेल प्रेमियों से स्टेडियम में आकर इस रोमांचक टूर्नामेंट का आनंद लेने की अपील की।

### तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दादा-पोते को मारी टक्कर

## दादा की हालत गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर दुम्बो गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दादा-पोते को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। इस हादसे में लापुंग थाना क्षेत्र के लालगंज गांव निवासी राजकुमार साहू (18) और उनके दादा चमरा साहू (65) गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकुमार साहू अपने दादा को स्कूटी पर बैठाकर भरनो प्रखंड के महादेव चैगरी गांव दवा दिलाने जा रहे थे। इसी दौरान दुम्बो गांव के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत एक ऑटो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भरनो पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चमरा साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रिम्स, रांची रेफर कर दिया, जबकि राजकुमार साहू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है, वे प्रशासन से फरार ट्रक चालक की जल्द गिरफ्तारी और इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रिय परमपिता, चाहे जो भी परिस्थितियां मेरे समक्ष आयें, मैं जानता हूँ कि वे मेरे उत्थान की अगली सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं सभी परीक्षाओं का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मुझमें उन्हें समझने की बुद्धि एवं उन पर विजय पाने की शक्ति विद्यमान है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**


## संपादकीय

# नि:शुल्क शिक्षा संकल्प व सपना

राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से अलग हटकर देखा जाए तो नि:शुल्क शिक्षा अपने आप में बहुत ही गंभीर मामला है और दुर्भाग्य से इस परिस्थिति के लिए इस देश के सभी राजनीतिक दल जिम्मेदार है। आज कोई भी राष्ट्रीय या बड़ा क्षेत्रीय दल सार्वजनिक शिक्षा और स्वास्थ्य की बदहाली के लिए अपने आपको जिम्मेदार से मुक्त नहीं बता सकता है क्योंकि लगभग सभी राजनीतिक दलों ने कभी न कभी सत्ता का सुख जरूर भोगा है। गठबंधन राजनीति के दौर में, देश की राजनीति में सक्रिय ज्यादातर राजनीतिक दल या तो केंद्र की सत्ता में भागीदार रहे हैं या किसी ना किसी राज्य में सरकार चला चुके हैं या वर्तमान में भी चला रहे हैं। भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है। मुफ्त शिक्षा में कई तरह की शर्तें लगा दी गईं हैं। सरकारी स्कूलों की हालत हर गुजरते दिन के साथ खराब होती जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में जब साइंस और मैथ्स जैसे विषयों के अध्यापकों की भारी कमी है तो देश के अन्य राज्यों के स्कूलों का अंदाजा आप लगा सकते हैं। देशभर के सरकारी स्कूलों में मिलने वाली ड्रेस की गुणवत्ता और किताबों पर लगातार सवाल उठते रहते हैं। एनसीईआरटी तो समय पर किताब छपवाना ही भूल गई। मिड डे मील ने तो स्कूलों में पढ़ाई की हालत और ज्यादा खराब कर दी है लेकिन इसके विकल्प की भी कोई तलाश नहीं की जा रही है। सरकारी अस्पतालों की हालत भी कितनी दयनीय हो चुकी है, यह सब जानते हैं। दिल्ली के एम्स जैसे अस्पताल में भी ऑपरेशन की डेट कई-कई साल बाद मिलने की खबरें लगातार आती हैं। एम्स और सफदरजंग जैसे अस्पतालों के इर्द-गिर्द खुल चुके सैकडों प्राइवेट लैब्स यह बताने के लिए काफी है कि इन दोनों सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की आस में आने वाले लोगों को हजारों रुपए खर्च कर बाहर से ही जांच करवाना पड़ता है। सरकारी अस्पताल में पूरी दवाई मिल जाए, इसकी उम्मीद तो अब लोग वर्षों पहले ही छोड़ चुके हैं लेकिन अब उचित जांच और उचित इलाज की उम्मीद भी दम तोड़ती नजर आ रही है। जब दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत इतनी खराब है तो आप देश के अन्य राज्यों के सरकारी अस्पतालों की दुर्दशा का अंदाजा बखूबी लगा सकते हैं। सरकारों ने इस बारे में अब सोचना तक छोड़ दिया है, कार्रवाई के बारे में तो भूल ही जाइए। आंकड़े बताते हैं कि देश में डॉक्टरों की बड़े पैमाने पर कमी है लेकिन एमबीबीएस जैसे बेसिक डॉक्टरी की पढ़ाई पर भी सरकार का फोकस नहीं है , जिससे इस कमी को दूर किया जा सकता है। पिछले साल 13 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा को क्वॉलिफाई किया था लेकिन देश में एमबीबीएस की सीटें एक लाख 8 हजार के लगभग ही है। इसमें से भी सरकारी सीटें सिर्फ 56 हजार के लगभग ही है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में एक साल की फीस एक से डेढ़ करोड़ के बीच है यानी एमबीबीएस की चार सालों की पढ़ाई के लिए प्राइवेट कॉलेजों में 4 करोड़ से लेकर 6 करोड़ तक सिर्फ फीस ही देनी होगी। अब इसमें बाकी हम खर्चों को भी जोड़ लीजिए। सोचिए, इस हालत में भला मिडिल क्लास का कौन सा परिवार अपने बच्चों को डॉक्टर बनाने के बारे में सोच सकता है?

*भारत जैसे कल्याणकारी राज्य में मुफ्त शिक्षा और मुफ्त इलाज जैसे बेसिक दायित्वों से लगभग सभी सरकारों ने पल्ला झाड़ लिया है।*

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन में भारत की गूंज




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विलक्षण नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने भारत को वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में एक प्रभावशाली शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित किया है। पेरिस में आयोजित एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता के दौरान भारत की तेज़ी से बढ़ती प्रौद्योगिकी क्षमता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक एवं विवेकपूर्ण उपयोग की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई। यह सम्मेलन केवल एक राजनयिक आयोजन नहीं, बल्कि नवाचार, उत्तरदायित्व और वैश्विक सहयोग का सशक्त मंच बना। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ सह-अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने यह दृढ़ संदेश दिया कि भारत केवल तकनीकी विकास का सहभागी भर नहीं, बल्कि नवाचार, नैतिकता और समावेशिता का ध्वजवाहक बन चुका है।

6-7 फरवरी को विज्ञान दिवस की गरिमा के साथ इस ऐतिहासिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ, जिसके उपरांत एक उत्कृष्ट सांस्कृतिक सप्ताहांत ने इसकी भव्यता को और बढ़ाया। 10 फरवरी को प्रतिष्ठित एलीसी पैलेस में उच्च-स्तरीय समापन सत्र आयोजित हुआ, जहाँ वैश्विक परिदृश्य के शीर्ष राजनेता, नीति-निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ एकत्र हुए। इस गौरवशाली सत्र की शुरुआत फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा आयोजित एक शाही रात्रिभोज से हुई, जिसमें विश्व के विशिष्टतम व्यक्तित्वों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह सम्मेलन केवल एआई के भविष्य पर विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भारत की निर्णायक भूमिका को वैश्विक पटल पर सुदृढ़ करने में सहायक सिद्ध हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्घाटन भाषण में स्पष्ट किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मात्र एक तकनीकी उपकरण नहीं, बल्कि 21वीं सदी की विश्व व्यवस्था का आधार बनने जा रही है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को पुनः परिभाषित कर रही है, और इसकी असीमित शक्ति को संतुलित व नैतिक दिशा देने के लिए वैश्विक सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि एआई की पहुंच केवल विकसित देशों तक सीमित न रहे, बल्कि इसे ग्लोबल साउथ तक विस्तारित करने के लिए न्यायसंगत पहल आवश्यक है। इस संदर्भ में, उन्होंने भारत के डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना मॉडल की भूमिका को रेखांकित किया।

इस शिखर सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय भारत द्वारा अगले एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की मेजबानी की घोषणा रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत, जो डिजिटल क्रांति और नवाचार के शिखर पर अपनी छाप छोड़ रहा है, अब एआई के वैश्विक विमर्श, नीति-निर्माण और उत्तरदायी विकास का केंद्र बनने को तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी सम्मेलन केवल चर्चा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि एआई के नैतिक, सुरक्षित एवं उत्तरदायी विकास के लिए ठोस रणनीतियाँ प्रस्तुत करेगा। इस पहल को और अधिक बल देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि भारत का एआई मिशन नवाचार की असीम संभावनाओं को ठोस वास्तविकता में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांसीसी निवेशकों को भारत की प्रगति यात्रा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया और भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में भाग लेकर दोनों देशों के बीच आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी को नए आयाम देने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की सफलता को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे 1.4 अरब नागरिकों के लिए खुली, सुलभ और समावेशी तकनीक की नींव रखी गई है। साथ ही, उन्होंने भारत के स्वदेशी एआई भाषा मॉडल के विकास पर भी प्रकाश डाला, जो तकनीकी लोकतंत्रीकरण का प्रतीक बनेगा।

आज की बात



**प्रो. आर.के. जैन "अरिजीत"**

साइबर सुरक्षा और डीपफेक जैसी उभरती डिजिटल चुनौतियों पर प्रधानमंत्री मोदी ने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए ठोस और निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि भारत ने साइबर अपराधों को रोकने के लिए कड़े कानून लागू किए हैं और जल्द ही नई तकनीकों को अपनाकर अपनी डिजिटल सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस सम्मेलन को भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में एक नया मील का पत्थर करार दिया और बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस से हुई बैठक में डिजिटल और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करने पर सहमति बनी। साथ ही, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों के बीच मार्सिले में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता की संभावना भी जताई गई, जिससे भारत-फ्रांस संबंध और प्रगाढ़ होंगे।

एआई एक्शन शिखर सम्मेलन केवल तकनीकी विमर्श तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण संदेश का वाहक बना—अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भविष्य उन देशों के हाथों में होगा जो समावेश, उत्तरदायित्व और नवाचार को प्राथमिकता देते हैं। भारत की भूमिका इस संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसी डिजिटल क्रांति का केंद्र बन चुका है, जो न केवल नवाचार को बढ़ावा देती है, बल्कि तकनीकी विकास को समावेशी और सार्वभौमिक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की मेजबानी में होने वाला आगामी एआई एक्शन शिखर सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति निर्माण में भारत की अग्रणी भूमिका का प्रमाण होगा।

1.4 अरब नागरिकों को डिजिटल रूप से सशक्त करने वाले भारत ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब तकनीक को जनहित में उपयोग किया जाए, तो वह सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी साधन बन सकती है। आगामी एआई शिखर सम्मेलन केवल कृत्रिम बुद्धिमत्ता की तकनीकी दिशा तय करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एआई को वैश्विक भलाई और मानव कल्याण का प्रभावशाली साधन बनाने के लिए ठोस कार्ययोजनाएँ प्रस्तुत करेगा। केंद्र सरकार की दूरदृष्टि, निष्कलंक नीति-निर्माण और अत्याधुनिक डिजिटल अवसंरचना के बल पर भारत न केवल एआई नवाचार का केंद्र बनेगा, बल्कि दुनिया को एक न्यायसंगत, सुरक्षित और उत्तरदायी एआई परिदृश्य की ओर अग्रसर करने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# जब शर्म पर बजती हैं तालियाँ

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

एक बार का ज़िक्र है, एक देश था जहां गंभीरता और व्यंग्य एक साथ चलते थे, जैसे दो सहेली जो एक-दूसरे की चुटकी लेती हैं। वहां मैं, एक साधारण वक्ता, अक्सर बड़ी-बड़ी बातों पर बोलने के लिए बुलाया जाता था-देश का भविष्य, युवा का असंतोष, संस्कृति की उलझनें, और छात्रों की निरंतर पीड़ा। आमंत्रण ऐसे होते थे जो आमंत्रण कम धमकी ज्यादा लगते थे। शब्द बेतरतीब, व्याकरण खराब। लेकिन उस देश में जहां भाषा की शुद्धता एक विद्रोह की तरह थी, मैंने कभी इन गलतियों की ओर इशारा नहीं किया। क्या मैं मूर्खता और गद्दारी का ठप्पा मोल लेना चाहता था? नहीं। बस, मैं अपने भाषण देता और वहां से आगे बढ़ जाता। धार्मिक सभाएं मेरी नियमित ठिकानों में शामिल हो गई थीं। अजीब बात थी कि आयोजकों और उपस्थित लोगों को न तो धर्म की परवाह थी और न ही ज्ञान की। उनका एक ही लक्ष्य था-एक "सफल" कार्यक्रम का आयोजन, जहां तालियों की गूंज सोच-विचार से अधिक हो। उन्हें पता था कि मेरा हास्य और शब्द साधारण सभा को एक अद्भुत मंच में बदल सकते हैं। मुझे उचित धन दिया जाता, ताकि मेरी उपस्थिति उनके लिए मूल्यवान बनी रहे। और अगर कोई दुष्कर्म की आशंका होती, तो मैंने हमेशा पुलिस को नजदीक रखा। पवित्रता के इस झूठे आवरण के पीछे, सुविधाओं की मशीनरी चुपचाप चलती रही। फिर एक दिन एक संत की स्मृति में आयोजन आया-एक ऐसा क्रांतिकारी विचारक जिसने कहा था कि सत्य बहुआयामी है और प्रश्न पूछना अंधी स्वीकृति से बेहतर है। इस संत ने वैज्ञानिक सोच की नींव रखी, जिसने महान विद्वानों को जन्म दिया। लेकिन समय के साथ, उनकी विरासत महज भगवान के स्वरूप और काव्य की बहसों में खो गई थी। मंच पर एक भयंकर विडंबना थी। मैं, एक थका हुआ वाचक, दिगंबर और श्वेतांबर भिक्षुओं के बीच बैठा था। दोनों के बीच की नफरत स्पष्ट थी। मैंने एक मजाक किया: "जब बुनाई कम थी और राजा सबसे अच्छे वस्त्र पहनते थे, तब हमारे विचारक सच्चाई के कपड़े पहनते थे। आज हम बेहतरीन तर्कों का बुनाई करते हैं, लेकिन फिर भी विचारों को नग्न छोड़ देते हैं। क्या यह पाप नहीं है?" "देखिए," मैंने आगे कहा, "अब तो हर कोई खुद को बुद्धिजीवी समझता है, लेकिन जब सच्चाई की बात आती है, तो सबके मुंह पर ताले लग जाते हैं। क्या यह नहीं है कि हम ज्ञान का जश्न मनाते हैं, जबकि असली समझ हमें कहीं खोई हुई लगती है? जब अज्ञानता पर सबसे महंगे वस्त्र धारण किए जाते हैं, तो क्या यह पाप नहीं है कि हम अपनी आँखें बंद कर लेते हैं?"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# दिल्ली से आम आदमी पार्टी की विदाई

देश की बात



**हर्षवर्धन पाण्डे**

दिल्ली की राजनीति में भाजपा की हालिया जीत और आम आदमी पार्टी की हार ने मौजूदा दौर में कई सवाल खड़े किए हैं। दिल्ली में जब चुनावी डुगडुगी बजी तो भाजपा और आप दोनों ही दलों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। पहले केजरीवाल दिल्ली के चुनावों में हमेशा नरेटिव बनाया करते थे और विपक्ष उसकी काट नहीं ढूंढ पाता था लेकिन इस बार भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए सशक्त प्रचार की रणनीति अपनाई। मोदी ने चुनावी रैलियों में आप के खिलाफ दिल्ली का पैसा लूट लिया का बेहतर नरेटिव बनाकर भाजपा को प्रचार में आगे किया और केजरीवाल की रेवड़ी के नहले पर बड़ी रेवड़ी का दहला मारकर आप के कामकाज पर सवाल उठाए। साथ ही दिल्ली की जनता से वादा किया कि भाजपा सरकार बनने पर विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मोदी और अमित शाह का प्रचार अभियान बड़े पैमाने पर था, जो स्थानीय मुद्दों को लेकर जनता से जुड़ा हुआ था।

आप के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह रही कि उसने पिछले कुछ वर्षों में जिन विकास कार्यों को सबसे बड़ी सफलता के रूप में प्रस्तुत किया था, वे अब जनता के लिए उतने प्रभावी नहीं रहे। शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली-पानी के मुद्दों पर भले ही आप ने दिल्ली के लोगों को आकर्षित किया हो लेकिन यह महसूस किया गया कि अब कुछ नया नहीं है। लोगों ने यह देखा कि आप की सरकार दिल्ली में कुछ बड़े मुद्दों को सुलझाने में विफल रही जैसे रोजगार, महिला सुरक्षा और प्रदूषण नियंत्रण। इसके साथ यमुना की सफाई नहीं हो सकी। आप में आंतरिक कलह और नेतृत्व की कमी भी हार का एक बड़ा कारण बनकर सामने आई। पार्टी के भीतर लगातार आपसी विवाद और संगठन के भीतर असंतोष ने आम आदमी पार्टी की छवि को प्रभावित किया। रही-सही कसर शराब घोटाले और इस मामले में उसकी टॉप लीडरशिप के जेल जाने ने पूरी कर दी। अरविंद केजरीवाल का नेतृत्व इस बार उतना प्रभावी नहीं था, जितना पहले था। दिल्ली में भाजपा ने एक बड़ी रणनीति के तहत पूर्वांचल समुदाय के लोगों के वोट बैंक के साथ महिला वोट बैंक और कुछ झुग्गियों के वोट बैंक को अपने पाले में खींचने में सफलता हासिल की। भाजपा ने अपनी रैलियों में स्थानीय मुद्दों को बेहतर तरीके से उठाया और यह संदेश देने की कोशिश की कि केवल वे ही दिल्ली के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में यह रणनीति काम आई क्योंकि भाजपा ने हर वर्ग को आकर्षित करने के लिए अपनी विचारधारा को मजबूती से प्रस्तुत किया इसमें कोई संदेह नहीं है कि केजरीवाल को मात देने के लिए भाजपा और संघ ने पूरा दम लगाया। उसने धारणा के स्तर पर केजरीवाल की कट्टर ईमानदार की छवि भंग कर दी थी और माइक्रो मैनेजमेंट किया।

अरविंद केजरीवाल अन्ना की टोपी पहनकर ईमानदारी की राजनीति करके सत्ता में आए थे। दिल्ली की जनता उनसे संपूर्ण ईमानदारी की उम्मीद कर रहा था। तभी शराब नीति से जुड़े घोटाले में नाम आने और जांच शुरू होने के साथ अगर वे इस्तीफा देते तो यह उनका मास्टर स्ट्रोक साबित हो सकता था लेकिन कुर्सी से चिपके रहना उन्होंने पसंद किया। वह जेल में रहकर दिल्ली की सत्ता में बने रहना चाहते थे जिसने लोगों के मन में उनके प्रति धारणा बदली। जेल से छूट गए तो खुद को सीएम के रूप में मतदाताओं के बीच प्रोजेक्ट करने लगे, इससे सीएम बनने की उनकी महत्वाकांक्षाएं फिर से जगी।

जेल जाकर सीएम बने रहना उनको भारी पड़ गया और शराब घोटाले में उन पर गंभीर आरोप लगे जो प्रकरण अभी भी न्यायालय में विचाराधीन है और वह जमानत पर हैं। केजरीवाल के जेल जाने से दिल्ली पूरी तरह से ठहर-सी गई। केजरीवाल ने पिछले वर्ष के बजट में महिलाओं को नकद पैसे देने की घोषणा की थी लेकिन इस साल फरवरी के चुनाव तक महिलाओं को कोई पैसा नहीं मिला। उल्टा ये देखा गया महिलाओं से जो फार्म भरवाए गए वो कूड़े के ढेर में पाए जाने के वीडियो खूब वायरल हुए। दिल्ली के रामलीला मैदान में समाज के हर तबके ने अन्ना आंदोलन में हिस्सा लिया था। बाद में जब केजरीवाल ने आप के रूप में राजनीतिक दल बनाया तो समाज के हर तबके को फ्री की रेवड़ियों से आकर्षित किया। हालांकि शराब घोटाले के बाद दिल्ली के हर वर्ग में उन्हें लेकर असंतोष बढ़ने लगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मन कोपल सा कांपता, तन कांपे ज्यों डाल।
जीवन हिलते पेड़ सा, यह कैसा भूचाल।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है

आपकी बात



**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर भारत प्राकृतिक संसाधनों में सर्वगुण संपन्न वाला एक ऐसा अनोखा देश है जहां सृष्टि की की अपार रहमत बरसी है,बस जरूरत है हमारे अपार समृद्ध जनसांख्यिकीय तंत्र को अपनी विश्व प्रतिष्ठित बौद्धिक क्षमता, कौशलता का उपयोग कर इन्हें विलुप्तता या नष्ट होने से बचाएं, क्योंकि जिस तरह प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है, उससे हम अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए विपत्तियों की स्थिति पैदा कर रहे हैं।आज हमें सबसे अधिक संरक्षण की जरूरत जल, भूमि और मिट्टी की है और उस भूमि, मिट्टी में हमारी कृषि होती है इसलिए श्लोकों में भी आया है।जीव जीवनम् कृषि अर्थात जीव का जीवन ही कृषि पर आधारित है क्योंकि मानव का भाग्य और भविष्य जल, भूमि, मिट्टी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर निर्भर है।

साथियों बात अगर हम भारत में भूमि की करें तो हम उसे अपनी माता मानते हैं इसलिए श्लोक में आया है कि माता भूमिः पुत्रो अहम पृथव्या - अर्थात भूमि हमारी माता है और मैं भूमि का पुत्र हूं इसलिए यह श्लोक मनीषियों को अपने जीवन में रेखांकित कर भूमि की सेवा और संरक्षण करना वर्तमान समय की मांग है क्योंकि इस भूमि से हमारी कृषि जुड़ी हुई है वैसे भी भारत एक कृषि प्रधान देश है और 70 फ़ीसदी जनसंख्या कृषि परनिर्भर है इसलिए भूमि की रक्षा, सेवा, संरक्षण करना हर भारतीय का परम कर्तव्य है इसमें हम अन्नदाता द्वारा कृषि के रूप में किए गए यज्ञ में अपने सहयोग रूपी आहुति समझना हम आध्यात्मिक रूपी मनीषियों के लिए बेहतर होगा। साथियों बात अगर हम घटती कृषि भूमि,बढ़ते भूमि क्षरण, पड़ित भूमि, शहरीकरण, वनों की कटाई, प्रदूषण जैसे अनेक मुद्दों की करें तो हालांकि सरकार द्वारा इन्हें रेखांकित कर उस अनुरूप अपने रणनीतिक रोडमैप बनाकर क्रियान्वयन करने के क्रम पर कार्य शुरू है और कृषि मंत्रालय सहित अनेक संबंधित मंत्रालयों द्वारा समय समय पर अनेक वेबीनार, अंतरराष्ट्रीय सम्मिट,सेमिनार कृषि विशेषज्ञों की सेवाएं लेना इत्यादि क्रम किया जाता है परंतु हमें इस क्षेत्र के लिए तात्कालिक प्रौद्योगिकी की सेवाओं से जल, भूमि और मिट्टी को संरक्षित करने को रेखांकित करना होगा। साथियों बात अगर हम माननीय पूर्व उपराष्ट्रपति द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा, यह समझना होगा कि प्राकृतिक स्त्रोत जैसे जल, मिट्टी, भूमि अक्षय नहीं हैं, न ही इन्हें फिर से बनाया जा सकता है। मानव का भाग्य और भविष्य इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ही निर्भर है।वैज्ञानिक अनुमान के अनुसार देश के अधिकांश राज्यों में अधिकांश भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। देश के एक बड़े भाग में, विशेषकर पश्चिमी और दक्कन के क्षेत्र में मिट्टी सूख कर रेतीली बन रही है। फसलों की सिंचाई के लिए भूजल का निर्बाध दोहन हो रहा है। भूजल का स्तर नीचे आ गया है और मिट्टी की नमी कम हो गई है जिससे उसके जैविक अवयव समाप्त हो रहे हैं। नमी और सूक्ष्म जैविक पदार्थों की कमी के कारण मिट्टी रेत में बदल रही है।मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए, प्राकृतिक जैविक खेती आशा की नई किरण है।पारंपरिक ज्ञान के आधार पर स्थानीय संसाधनों, जैसे गोबर, गौ मूत्र आदि की सहायतासे न केवल कृषि की बढ़ती लागत को कम किया जा सकता है बल्कि भूमि की जैविक संरचना को बचाया जा सकता है। देशी खाद और कीटनाशक, पारंपरिक पद्धति से कम लागत में ही बनाए जाते हैं जिससे किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।समय के साथ, भूमि की पैदावार को बढ़ाने के लिए रासायनिक खादों, कीटनाशकों आदि की खपत बढ़ती गई है। विगत दशकों में उर्वरक की खपत अस्सी गुना और कीटनाशकों का प्रयोग छह गुना बढ़ा है जिससे कृषि, भूमि क्षरण के दुष्चक्र में फंस गई है और किसान कर्ज़ के। हमारा दायित्व है कि अपनी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ हम धरती माता का भी स्वास्थ्य सुनिश्चित करें। उसकी जैविक उर्वरता बनाए रखें।प्राकृतिक जैविक खेती ही इसका समाधान देती है। यह संतोष का विषय है कि मिट्टी के स्वास्थ्य को बचाने के लिए सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर, आप जैसी संस्थाओं द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## महाकुंभ : माघ पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा जयकारों से गूंजा तीर्थराज



**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)**

महाकुंभ 2025 में माघ पूर्णिमा पर बुधवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की परंपरा को जारी रखा। सभी घाटों पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं, साधु-संतों और कल्पवासियों पर फूलों की बारिश की गई। पुष्प वर्षा की शुरुआत सुबह 8 बजे से ही हो गई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न तटों पर स्नान कर रहे थे। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद संतों और श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर-हर महादेव के नारे लगाए। अपनी धार्मिक आस्था को सम्मान दिए जाने पर श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। स्नान पर्व के दौरान पुष्पवर्षा से साधु संत और श्रद्धालु गदगद नजर आए। जैसे ही आसमान में हेलीकॉप्टर की गड़गड़ाहट सुनाई दी, सभी को आभास हो गया कि योगी सरकार द्वारा उन पर पुष्पवर्षा होने वाली है। जैसे ही गुलाब की पंखुड़ियां श्रद्धालुओं पर पड़ीं, पूरा वातावरण हर-हर महादेव, गंगा मइया की जय और जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया। सुबह 8 बजे पहली बार हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरी और लगभग सभी घाटों पर जहां-जहां श्रद्धालु स्नान कर रहे थे, वहां पुष्प वर्षा की गई। सबसे ज्यादा पुष्प वर्षा स्वाभाविक रूप से संगम नोज पर हुई, जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। एक बार में सभी श्रद्धालुओं पर पुष्प नहीं पहुंच पाने के कारण हेलिकॉप्टर बार-बार संगम नोज पर पुष्प वर्षा करता नजर आया, ताकि हर एक श्रद्धालु पर फूलों की बारिश की जा सके।

महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा की परंपरा रही है। इसी क्रम में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भी योगी सरकार ने परंपरा का निर्वहन करते हुए पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं के लिए इस अवसर को यादगार बना दिया। सीएम योगी के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पुष्प वर्षा की पुख्ता तैयारी की थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से बारिश की जा रही है।

## माघी पूर्णिमा स्नान

### जल, थल और नभ से चप्पे-चप्पे पर नजर, सीएम खुद कर रहे निगरानी

माघी पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को स्नान शुरू हो चुका है। आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा है। भीड़ को देखते हुए मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश एक दिन पहले से ही रोक दिया गया। जल, थल और नभ से चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह से ही नजर बनाए हुए हैं। प्रयागराज के डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि माघी पूर्णिमा के अवसर पर स्नान के लिए जनसैलाब उमड़ा है। भीड़ नियंत्रण में है। सभी जगह शांतिपूर्ण ढंग से स्नान शुरू है। पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन से लेकर सब कुछ सक्रिय है। श्रद्धालु अनुशासन का पालन कर रहे हैं। कहीं कोई दिक्कत नहीं है। संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़ पाए। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी सुबह से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की निगरानी कर रहे हैं। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद भी मौजूद हैं। ज्ञात हो कि महाकुंभ में माघ पूर्णिमा स्नान के मद्देनजर बड़ी संख्या में आ रहे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ क्षेत्र के साथ ही शहर और मंडल के सभी अस्पताल हाई अलर्ट मोड में रहेंगे। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल, थल और नभ से निगरानी की जा रही है। जिसके तहत 133 एंबुलेंस को तैनात किया गया है, जो किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाने का काम करेंगी।

## महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 46 करोड़ के पार, माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर बन सकता है नया रिकॉर्ड

विश्व के सबसे बड़े धार्मिक सांस्कृतिक समागम 'महाकुंभ 2025' ने दुनिया को अचंभित कर रखा है। दुनियाभर के बड़े धार्मिक आयोजनों में यह अपनी विशेष पहचान बना चुका है। प्रयागराज में मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के पावन संगम में बीते 30 दिनों में आस्था का अटूट रेला उमड़ रहा है। इसी के साथ-साथ महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी उम्मीद की थी। बुधवार सुबह 8 बजे तक महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 92.13 लाख है तो वहीं, 1.02 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया है। महाकुंभ में कल्पवास करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख से अधिक हो गई है। 11 फरवरी तक कुल 46.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। संभावना जताई जा रही है कि माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर नया रिकॉर्ड बन सकता है।



## माघ पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई : योगी आदित्यनाथ

माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर चल रहे महाकुंभ में शामिल होने आए श्रद्धालुओं, संतों और प्रदेशवासियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत कई नेताओं ने बधाई दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा की सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई! महाकुंभ-2025, प्रयागराज में आज पवित्र त्रिवेणी में पुण्य स्नान हेतु पधारे सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! भगवान श्री हरि की कृपा से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य का वास हो। मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती सभी के मनोरथ पूर्ण करें, यही कामना है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, "माघे मासि सिते पक्षे, यः कुर्यात् स्नानदानकम्। स याति परमं स्थानं, यत्र गत्वा न शोचति॥ स्नान, दान एवं यज्ञ के पावन पर्व माघी पूर्णिमा की पूज्य संत-महात्माओं, श्रद्धालुओं एवं समस्त देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी शुभकामनाएं देते हुए लिखा, "स्नान, दान और लोक आस्था के पावन पर्व माघ पूर्णिमा की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं!

## महाकुंभ जा रही बोलेरो ट्रक से टकराई,दो श्रद्धालुओं की मौत, सात घायल

**पटना।** बिहार के रोहतास जिले में शिवसागर के घोरघट में एनएच पर महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। यहां प्रयागराज जा रही बोलेरो और ट्रक की जोरदार टक्कर में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए हैं। मृतकों में पश्चिम बंगाल 24 परगना के तीरोंगा की रहने वाली जीतू दास और लक्ष्मी चक्रवर्ती है जबकि सात लोग घायल हैं। सभी लोग पश्चिम बंगाल से प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे, तभी शिवसागर के पास बोलेरो की जोरदार टक्कर ट्रक से हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास के निधन पर कई महंतों ने जताया दुख

**एजेंसी। लखनऊ**




महंत कमल नयन दास और जगतगुरु महंत बालक देवाचार्य महाराज ने अयोध्या स्थित राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर दुख जताया है। दोनों महंतों ने कहा कि जिस तरह से सत्येंद्र दास ने भगवान राम की सेवा की, वो अपने आप में अविस्मरणीय है। महंत कमल नयन दास ने आचार्य सत्येंद्र दास के निधन पर आईएएनएस से बातचीत के दौरान दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह एक दुखद घटना है, लेकिन विषम परिस्थितियों के बावजूद भगवान भगवान राम की सेवा निरंतर होती रही। लगभग 35 वर्षों तक उन्होंने भगवान की सेवा की और वह भी बहुत मनोयोग और खुशी के साथ। इस सेवा का फल यह हुआ कि भगवान का मंदिर सुरक्षित रहा और अब वह मंदिर स्थिरता और विजय के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जीवन यात्रा हमेशा भगवान के चिंतन से जुड़ी रहती है। भगवान के चिंतन से उनकी आत्मा की यात्रा अंधकार से निकल कर प्रकाश की ओर होती है। महापुरुषों के प्राण कभी समाप्त नहीं होते, वे हमेशा भगवान की सेवा करते रहते हैं। जगतगुरु महंत बालक देवाचार्य महाराज ने भी सत्येंद्र दास के निधन पर दुख जताया। उन्होंने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि उनकी सेवा भावना और भगवान श्री राम के प्रति नष्ठिा अद्भुत थी। उन्होंने राम मंदिर आंदोलन में जो योगदान दिया, वह महत्वपूर्ण था। जब भगवान राम हमारे पंडाल में थे, तब भी उनकी निष्ठा लगातार बनी रही। वह आंदोलन से जुड़े रहे और राम मंदिर के निर्माण तक उनका योगदान निरंतर रहा। उन्होंने कहा कि उनकी कीर्ति को संजोकर रखना हम सबका कर्तव्य है।

## भाजपा ने मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती

**फारबिसगंज/अररिया ।** ओम नगर वार्ड नंबर 8 स्थित भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा नगर अध्यक्ष संजीव पासवान के दरवाजे पर संत रविदास की जयंती भारतीय जनता पार्टी अररिया जिला के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा के अध्यक्षता में मनायी गयी। उन्हीं का कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा इस तरह से समाज को दिशा देने के लिए संत रविदास ने सामाजिक विद्वेषता को मिटाने सामाजिक विषमता को मिटाने के लिए कई तरह का मार्गदर्शन समाज को दिया है। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष संतोष सुराणा, अररिया नगर के अध्यक्ष संजय कुमार अकेला, अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष गंगा ऋषि देव सहित बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धीरे-धीरे ठीक कर ली जाएगी यातायात व्यवस्था : बिहार पुलिस महानिदेशक

**एजेंसी। पटना**

बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में लगे जाम को लेकर बुधवार को कहा कि महाकुंभ में जिस दिन शाही स्नान होता है, उससे पहले बिहार से यूपी जाने वाले बड़े वाहनों को रोक दिया जाता है, ताकि उत्तर प्रदेश में 'प्रेशर' नहीं पड़े। इस कारण कुछ समय के लिए यातायात में व्यवधान पड़ता है, लेकिन धीरे-धीरे यातायात को व्यवस्थित कर लिया जाएगा। दरअसल, पिछले दो-तीन दिनों से रोहतास और कैमूर के तीन-चार जगहों पर लंबा जाम लगा हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रोहतास के शिवसागर इलाके में कैमूर के मोहनिया और दुर्गावती क्षेत्र से निकलना लोगों के लिए मुश्किल भरा हो गया है।बताया जा रहा है कि जाम की यह स्थिति दोनों लेन की है। महाकुंभ जाने और वहां से लौटने वाले वाहनों की संख्या इतनी ज्यादा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने डायवर्जन भी जाम हो जा रहे हैं। इस इलाके से गुजरने वाले ज्यादातर वाहन महाकुंभ जाने वाले होते हैं। इसी तरह कैमूर के मोहनिया में भी जाम के हालात कमोबेश ऐसे ही हैं। दोनों लेन पर पिछले दो दिनों से भीषण जाम है। जाम में फंसने वाले यात्रियों में बिहार के अलावा झारखंड के भी लोग हैं। सड़कों पर जाम के कारण गाड़ियां धीरे-धीरे सरक रही हैं। बिहार में बीमार पुलिसकर्मियों को नौकरी से रिटायर करने के सवाल पर पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि सेवा संहिता में यह प्रावधान है। समय-समय पर समीक्षा की जाती है और जो सेवा, कर्तव्य उनसे अपेक्षित है, उसे पूरा नहीं करने की स्थिति में उन्हें सेवानिवृत्त करके पेंशन का प्रावधान है।

## सोशल मीडिया पर विडियो वायरल करने वाला युवक हथियार के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर।** एसएसपी कार्यालय के हवाले से बुधवार को बताया गया कि जिले के मधुसुदनपुर थाना अंतर्गत हथियार का प्रदर्शन कर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाला युवक को हथियार एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।यह जानकारी बुधवार को एसएसपी कार्यालय की ओर से दी गयी है। उल्लेखनीय है कि बीते 26 जनवरी को मधुसुदनपुर थाना को सोशल मीडिया पर हथियार लहराते एक वायरल वीडियो प्राप्त हुआ।

## 'अश्लील जोक्स' पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष बोलीं- उठाएंगे सख्त कदम

**एजेंसी। मुंबई**

पेरेंट्स पर किए गए अश्लील जोक्स को लेकर रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना समेत अन्य की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही। आरोपियों को राष्ट्रीय महिला आयोग ने समन भेजा है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया किशोर रहाटकर ने मामले को लेकर कहा कि यह सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। विजया किशोर का मानना है कि सोशल मीडिया का यदि सही इस्तेमाल किया जाए तो यह काफी फायदेमंद होता है और गलत इस्तेमाल हो तो यह काफी खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा, "सोशल मीडिया के बारे में मेरा कहना है कि यदि हम इसका सही इस्तेमाल करें, तो यह समाज के लिए वरदान साबित हो सकता है। लेकिन जब इसका गलत इस्तेमाल होता है, तो यह समाज के लिए हानिकारक हो सकता है।




सोशल मीडिया पर जो भी बातें की जाती हैं, उन्हें समाज के हित में होना चाहिए। यदि वे समाज के लिए लाभकारी नहीं हैं, तो नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं।"समय रैना के शो में रणवीर इलाहाबादिया समेत अन्य के किए गए अश्लील जोक्स और गाली को लेकर उन्होंने कहा, "कुछ लोगों की हाल ही में किए गए कमेंट्स बेहद खराब थे और हम राष्ट्रीय महिला आयोग के तौर पर कड़ी निंदा करते हैं। हमने उन लोगों को समन भेजा है और उन्हें आयोग के सामने उपस्थित होने के लिए कहा है। हम इस पर कार्रवाई करेंगे और ऐसी टिप्पणियों या हरकतों के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।" दर्शन के लिए जगन्नाथ मंदिर पहुंची विजया किशोर ने महाकुंभ पर भी बात की। उन्होंने कहा, "महाकुंभ में स्नान चल रहा है और यह मेरे लिए एक बहुत सौभाग्यपूर्ण दिन है क्योंकि आज के दिन मुझे भगवान जगन्नाथ के दर्शन का अवसर मिला।.

## विज्ञान इस बात की पुष्टि करता है, रात में कम खाना बेहतर

# सेहत के लिए फायदेमंद है रात्रि में हल्का भोजन

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● जिनका कैलोरी इनटेक सुबह व दोपहर में ज्यादा होता, वे घटा सकते हैं अधिक वजन

अगर आप वजन घटाने या सेहतमंद रहने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपने सुना होगा कि रात का खाना दिन का सबसे हल्का भोजन होना चाहिए। हालांकि, अधिकतर लोग रात 9 बजे या उससे भी देर से खाना खाते हैं। देर रात में भूख की समस्या आम है लेकिन क्या सच में रात को कम खाना फायदेमंद है?

विज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि सुबह और दोपहर में अधिक खाना और रात में हल्का भोजन करना सेहत के लिए बेहतर होता है। विशेषज्ञ बताते हैं कि शरीर में दो ऐसे हार्मोन होते हैं जो आपकी भूख को बढ़ाते या नियंत्रित करते हैं। भूख और वजन बढ़ने के पीछे दो अहम हार्मोन होते हैं: लेप्टिन (स्टार्वेशन हार्मोन) और ग्रेलिन (हंगर हार्मोन)। लेप्टिन शरीर की वसा कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है और मस्तिष्क को संकेत देता है कि शरीर को भोजन की जरूरत नहीं है। वहीं, ग्रेलिन भूख को बढ़ाने वाला हार्मोन है, जो पेट में बनता है और मस्तिष्क को ज्यादा खाने का संदेश भेजता है। खाने से पहले ग्रेलिन का स्तर बढ़ जाता है और खाने के बाद कम हो जाता है, जिससे हर चार घंटे में भूख लगना स्वाभाविक है। सुबह के समय ग्रेलिन का स्तर सबसे अधिक होता है, क्योंकि पूरी रात बिना कुछ खाए शरीर उपवास की स्थिति में रहता है। शोध बताते हैं कि जिनका कैलोरी इनटेक सुबह और दोपहर में ज्यादा होता है, वे अधिक वजन घटा सकते हैं। इससे ग्लूकोज, इंसुलिन और ग्रेलिन के स्तर में सुधार होता है, जिससे भूख नियंत्रित रहती है और देर रात ज्यादा खाने की संभावना कम होती है। अगर आपको सुबह भूख नहीं लगती, तो दोपहर का भोजन पोषण से भरपूर होना चाहिए। इसमें साबुत अनाज, फलियां, स्टार्च वाली सब्जियां, लीन प्रोटीन और हरी सब्जियां शामिल करनी चाहिए, ताकि शाम को अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बचा जा सके। उत्तर प्रदेश के हरदोई में शतायु आयुर्वेदा एवं पंचकर्म केंद्र चलाने वाले डॉक्टर अमित कुमार हेल्दी डाइट की सलाह देते हैं। वे कहते हैं, "रात में हल्का और पौष्टिक भोजन करना बेहद जरूरी है। वजन घटाने के लिए सबसे अच्छा तरीका यह है कि रात के खाने में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाई जाए। चिकन, मछली जैसे लीन प्रोटीन और फाइबर से भरपूर सब्जियां खाने से भूख नियंत्रित रहती है और इंसुलिन लेवल स्थिर रहता है। दूसरी ओर, उच्च वसा और उच्च कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थ रक्त शर्करा और इंसुलिन के स्तर को असंतुलित कर सकते हैं, जिससे रात में भूख बढ़ सकती है।" उन्होंने कहा, "अगर आप देर रात खाने की आदत से बचना चाहते हैं, तो अपने खाने का समय सर्केडियन लय (शरीर की आंतरिक घड़ी है जो 24 घंटे के चक्र में होने वाले शारीरिक, मानसिक, और व्यवहारिक बदलावों को नियंत्रित करती है) के अनुसार तय करें। हमारा शरीर प्राकृतिक जैविक घड़ी के अनुसार काम करता है, इसलिए सूर्यास्त के बाद खाने को सीमित करना बेहतर होता है। कोशिश करें कि रात के खाने और अगले दिन के नाश्ते के बीच कम से कम 12 घंटे का अंतर हो। इसके अलावा, अच्छी नींद लेना भी बेहद जरूरी है, क्योंकि खराब नींद से लेप्टिन और इंसुलिन का संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे वजन बढ़ने की संभावना बढ़ जाती है।

## मेट्रो के किराए में वृद्धि की खबरें झूठीं, डीएमआरसी ने जारी किया स्पष्टीकरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के किराए में इजाफे की अफवाह सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने के बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने इन खबरों का खंडन किया है। डीएमआरसी ने स्पष्ट किया है कि किराए में इजाफे का कोई प्रस्ताव नहीं है और न ही किराए में कोई वृद्धि की गई है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "यह सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट के संदर्भ में है, जिसमें दावा किया गया है कि दिल्ली मेट्रो के किराए में संशोधन किया गया है। दिल्ली मेट्रो के किराए में संशोधन केवल एक स्वतंत्र किराया निर्धारण समिति द्वारा किया जा सकता है, जिसे सरकार द्वारा नामित किया जाता है। वर्तमान में किसी भी किराया निर्धारण समिति के गठन का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## नीरज चोपड़ा ने मोटापे से लड़ने का दिया संदेश, पीएम मोदी ने किया समर्थन




**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के एक सोशल मीडिया पोस्ट को कोट करते हुए एक प्रेरणादायक संदेश दिया। नीरज चोपड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था कि स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। पोस्ट में नीरज ने एक लेख साझा किया था। नीरज चोपड़ा के इसी पोस्ट को कोट करते हुए पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि नीरज चोपड़ा द्वारा लिखा गया एक ज्ञानवर्धक और प्रेरक लेख, जो मोटापे से लड़ने और स्वस्थ रहने की आवश्यकता पर जोर देता है। इससे पहले नीरज चोपड़ा ने अपने एक्स अकाउंट पर एक लेख शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था, "स्वस्थ रहने के लिए आपको एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है।

## हिट है यह लीग, लीजेंड 90 पर शिखर धवन



**रायपुर (आईएएनएस)।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन इन दिनों शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही लीजेंड 90 लीग में एक बार फिर बल्ले से आग बरसाते नजर आ रहे हैं। अपने पिछले मैच में उन्होंने बिग ब्वायज के खिलाफ नाबाद 50 रनों की शानदार पारी खेली। 8 फरवरी से 18 फरवरी तक चलने वाली इस लीग में शिखर के अलावा लेंडल सिमंस, तिषारा परेरा, रॉस टेलर और मार्टिन गुप्तिल जैसे कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे हैं। 90 गेंदों के अनूठे प्रारूप वाली यह एक ऐसी लीग है, जिसने दुनिया भर के कई बड़े नामों को एक साथ ला खड़ा किया है और सबसे प्रमुख बात तो यह कि दर्शकों से लेकर खिलाड़ी तक सभी इसका पूरा लुत्फ उठा रहे हैं।

## सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में अदिति, प्रणवी सहित चार भारतीय



**रियाद (आईएएनएस)।** प्रणवी उर्स और अदिति अशोक, दीक्षा डागर और त्वेसा मलिक के साथ 5 मिलियन अमरीकी डॉलर की छठी सऊदी लेडीज इंटरनेशनल में भाग लेंगी। ये चारों 112 खिलाड़ियों के साथ इस इवेंट में भाग लेंगी, जिसमें व्यक्तिगत और टीम इवेंट का संयोजन होगा। 36-होल टीम प्रतियोगिता के साथ-साथ 54-होल व्यक्तिगत स्ट्रोक प्ले होगा। इस क्षेत्र में आठ टूर्नामेंट आमंत्रण, 62 एलईटी खिलाड़ी और रोलेक्स महिला विश्व गोल्फ रैंकिंग में शीर्ष 300 में से 42 खिलाड़ी शामिल हैं। इस सप्ताह बहुत बड़ी पुरस्कार राशि प्रस्तावित है।

### भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से तीसरा वनडे हराया

# सीरीज 3-0 से जीती, शुभमन गिल की सेंचुरी, हर्षित-अर्शदीप को 2-2 विकेट

**एजेंसी । मुंबई**

भारत ने इंग्लैंड को तीसरे वनडे में 142 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बुधवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। भारत ने 356 रन बनाए। जवाब में इंग्लिश टीम 34.2 ओवर में 214 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से ओपनर शुभमन गिल ने सेंचुरी लगाई।

श्रेयस अय्यर ने 78, विराट कोहली ने 52 और केएल राहुल ने 40 रन बनाए। हर्षित राणा, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल और अर्शदीप सिंह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड से एक भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका, आदिल रशीद ने 4 विकेट लिए।




इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने वनडे सीरीज में 3 टॉस जीते, लेकिन टीम मैच एक भी नहीं जीत सकी

### भारत की इंग्लैंड पर दूसरी सबसे बड़ी जीत

भारत की यह इंग्लैंड पर दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम इंडिया ने 2008 में इंग्लैंड को राजकोट में 158 रन से हराया था। रोहित शर्मा की टीम ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ कर चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपना दम दिखा दिया है। 19 फरवरी से टूर्नामेंट का आगाज होगा जिसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी से करेगी।

### रोहित एक रन बनाकर आउट हुए

पिछले मैच में शतक लगाने वाले कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में सस्ते में आउट हुए, लेकिन गिल और कोहली ने पहले भारत को संभाला, फिर शुभमन ने श्रेयस के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की।




## आकाश चोपड़ा ने चैंपियंस ट्रॉफी में कुलदीप का समर्थन किया

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने भारतीय टीम प्रबंधन से आग्रह किया है कि आगामी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कुलदीप यादव एक प्रमुख स्पिनर बने रहें। चोपड़ा की टिप्पणी भारत द्वारा टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम को अंतिम रूप देने के बाद आई है, जिसमें तमिलनाडु के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में शामिल किया गया है। भारत के सभी मैच दुबई में खेले जाने हैं, वरुण के शामिल होने का मतलब है कि टीम टूर्नामेंट में पांच स्पिनरों को लेकर जाएगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर चोपड़ा ने भारत की टीम के चयन पर अपनी राय व्यक्त की, विशेष रूप से वरुण के पक्ष में कुलदीप को बेंच पर बैठाने के खिलाफ चेतावनी दी।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025

## भारतीय क्रिकेट टीम को बड़ा झटका, चोट के कारण जसप्रीत बुमराह हुए बाहर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के अपडेटेड स्क्वॉड का ऐलान किया। जसप्रीत बुमराह और यशस्वी जायसवाल टीम से बाहर हो गए हैं, जबकि वरुण चक्रवर्ती को मौका मिला है। बीसीसीआई के मुताबिक, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह युवा गेंदबाज हर्षित राणा को टीम में जगह मिली है। इसके अलावा यशस्वी जायसवाल की जगह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है। बीसीसीआई ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत की टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया है।

चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होने वाली है, जिसमें दुनिया की शीर्ष आठ वनडे टीमें हिस्सा लेंगी। भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, क्योंकि उसने पाकिस्तान जाने से इनकार कर दिया है, इसके कारण आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दी है। भारत के ग्रुप-स्टेज अभियान में बांग्लादेश (20 फरवरी), पाकिस्तान (23 फरवरी) और न्यूजीलैंड (2 मार्च) के खिलाफ मैच शामिल हैं।




## संदिग्ध एक्शन के लिए कुहनेमैन की रिपोर्ट




**गाले।** बाएं हाथ के स्पिनर मैट कुहनेमैन की श्रीलंका में ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट सीरीज़ के बाद संदिग्ध एक्शन के लिए रिपोर्ट की गई है। कुहनेमैन ने गाले में दो मैचों में 16 विकेट लिए थे। उनको अब ब्रिसबेन के आईसीसी मान्यता प्राप्त केंद्र में स्वतंत्र परीक्षण से गुजरना होगा। गेंदबाज़ों को अपने एक्शन में 15 डिग्री लचीलेपन की अनुमति होती है। 2017 में शुरू हुए पेशेवर करियर में यह पहली बार है कि कुहनेमैन के एक्शन पर सवाल उठाया गया है। उनके एक्शन का आकलन होने तक वह घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रख सकते हैं। यदि वह आने वाले सप्ताह में अपने मूल्यांकन में विफल रहते हैं तो उन्हें एक्शन में सुधार करने और सुधारों को मंजूरी मिलने तक गेंदबाज़ी करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। सीए के प्रवक्ता ने कहा, "ऑस्ट्रेलियाई टीम को गाले में श्रीलंका के ख़िलाफ़ दूसरे टेस्ट के बाद मैच अधिकारियों के रेफरल के बारे में सूचित किया गया था और वह इस मामले को निपटाने की प्रक्रिया में मैट का समर्थन करेंगे।

## भारत ने बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप में मकाऊ को 5-0 से रौंदा

**किंगदाओ (चीन) (आईएएनएस)**

पिछले संस्करण के कांस्य पदक विजेता भारत ने बुधवार को किंगदाओ स्पोर्ट्स सेंटर कॉन्सन जिमनैजियम में ग्रुप डी में मकाऊ को 5-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप 2025 में अपने अभियान की शुरुआत की। इस शानदार जीत ने भारत के नॉकआउट चरण में प्रवेश की पुष्टि भी कर दी है। 2023 के कांस्य पदक विजेता गुरुवार को अपने दूसरे ग्रुप चरण के मैच में दक्षिण कोरिया से भिड़ेंगे, जिसमें ग्रुप स्टैंडिंग का निर्धारण होगा। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट चरण में पहुंचेंगी। राष्ट्रीय




खेलों के मिश्रित युगल स्वर्ण पदक विजेता सतीश करुणाकरण और आद्या वरियाथ ने टाई के पहले मिश्रित युगल मैच में लियोंग इओक चोंग और एनजी वेंग ची पर 21-10, 21-9 से जीत के साथ भारत की बढ़त की शुरुआत की। लक्ष्य सेन ने इसके बाद पुरुष एकल में पुई पैंग फोंग पर 21-16, 21-12 से जीत के साथ

## गिल और रोहित नंबर 1 वनडे रैंकिंग के करीब

**दुबई (आईएएनएस)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बस एक सप्ताह बचा है, भारत के कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान के करीब पहुंच रहे हैं। ताजा रैंकिंग अपडेट में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने नंबर 1 पर अपना स्थान बनाए रखा, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान अच्छे प्रयासों के बाद भारतीय जोड़ी नंबर 1 के करीब पहुंच गई है। इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो अर्धशतकों के बाद गिल एक स्थान ऊपर उठकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और बाबर से सिर्फ पांच रेटिंग अंक पीछे हैं, जबकि तीसरे स्थान पर बैठे रोहित कटक में अपने शानदार शतक के बाद पाकिस्तान के दाएं हाथ के बल्लेबाज से 13 रेटिंग अंक पीछे हैं। कई अन्य प्रमुख बल्लेबाजों ने आईसीसी के इस बड़े आयोजन की तैयारी के दौरान वनडे रैंकिंग में फिर से प्रवेश किया है।

## चैंपियंस ट्रॉफी से हटे स्टार्क कप्तानी करेंगे स्मिथ

**मेलबर्न (आईएएनएस)।** मिचेल स्टार्क ने व्यक्तिगत कारणों से चैंपियंस ट्रॉफी से अपना नाम वापस ले लिया है और ऑस्ट्रेलिया ने एक अलग दिखने वाली 15 खिलाड़ियों की टीम चुनी है जिसकी कप्तानी स्टीवन स्मिथ करेंगे। मार्कस स्टॉयनिस के संन्यास के साथ-साथ पैट कमिंस, जॉश हेज़लवुड और मिशेल मार्श की चोटों के कारण ऑस्ट्रेलिया को पहले ही अपनी स्थायी टीम में कई बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। स्टार्क की अनुपस्थिति का मतलब है कि वे पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फ़रवरी से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में अपने पूरे विश्व कप विजेता फ़्रंटलाइन तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण के बिना उतरेंगे। स्टार्क ने अपने फ़ैसले के बारे में गोपनीयता की मांग की है। वह गॉल में दूसरे टेस्ट के बाद के समय में कुछ असुविधा में दिखे थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

### महंगाई के मोर्चे पर बड़ी राहत


# जनवरी में खुदरा महंगाई दर घटकर 4.31 प्रतिशत पर आई

- पांच महीने के निचले स्तर पहुंची

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत में महंगाई के मोर्चे पर आम लोगों के लिए खुशखबरी है। जनवरी में खुदरा महंगाई दर गिरकर पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर पहुंच गई। इससे पहले, दिसंबर में यह 5.22 प्रतिशत पर थी। यह जानकारी सरकार द्वारा बुधवार को जारी किए गए डाटा में दी गई। महंगाई में कमी ऐसे समय पर आई है, जब बीते हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रेपो रेट को 25 आधार अंक या 0.25 प्रतिशत की कमी करके 6.25 प्रतिशत कर दिया गया है।

महंगाई में गिरावट की वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में कमी होना है। जनवरी में खाद्य महंगाई दर 6.02 प्रतिशत रही है। यह दिसंबर में 8.39 प्रतिशत थी। यह खाद्य महंगाई दर



का अगस्त, 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। बीते महीने खाद्य महंगाई दर ग्रामीण इलाकों में 6.31 प्रतिशत और शहरी इलाकों में 5.53 प्रतिशत रही है। ग्रामीण इलाकों में समग्र महंगाई दर जनवरी में 4.64 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 5.76 प्रतिशत पर थी। वहीं, शहरी इलाकों में समग्र महंगाई दर बीते महीने 3.87 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 4.58 प्रतिशत पर थी। हाउसिंग महंगाई दर जनवरी 2025 में 2.76 प्रतिशत रही है, जो कि दिसंबर में 2.71 प्रतिशत थी।

सरकार द्वारा जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, जनवरी महीने के दौरान सकल महंगाई दर और खाद्य महंगाई दर में मजबूत गिरावट का मुख्य कारण सब्जियों, अंडा, दालें, अनाज, शिक्षा, कपड़े और स्वास्थ्य महंगाई दर में गिरावट है।

जनवरी में पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले नारियल तेल की कीमत में 54.20 प्रतिशत, आलू के दाम में 49.61 प्रतिशत, नारियल की कीमत में 38.71 प्रतिशत, लहसुन की कीमत में 30.65 प्रतिशत और मटर (सब्जी ) की कीमत में 30.17 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है।

वहीं, सालाना आधार पर जीरे की कीमत में -32.25 प्रतिशत, अदरक की कीमत में -30.92 प्रतिशत, सूखी मिर्च की कीमत में -11.27 प्रतिशत, बैंगन में -9.94 प्रतिशत और एलपीजी (वाहन को छोड़कर) की कीमत में -9.29 प्रतिशत की कमी आई है। ईंधन और बिजली की कीमत में महंगाई दर जनवरी में -1.38 प्रतिशत रही है। दिसंबर 2024 में यह -1.33 प्रतिशत थी। यह दिखाता है कि ईंधन की कीमतों में कमी आ रही है।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में खुला, रियल्टी शेयरों में बिकवाली

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में बड़ी गिरावट के साथ खुला। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सुबह 9:33 बजे, सेंसेक्स 428 अंक या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,864 और निफ्टी 130 अंक या 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,958 पर था। बिकवाली का सबसे अधिक दबाव



मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में देखने को मिल रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 904 अंक या 1.78 प्रतिशत गिरकर 49,983 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 341 अंक या 2.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,728 पर था। निफ्टी के रियल्टी इंडेक्स में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी जा रही है। ऑटो, फार्मा, मीडिया, एनर्जी और इन्फ्रा में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट बनी हुई है केवल आईटी इंडेक्स ही हरे निशान में बना हुआ है। बाजार का रुझान नकारात्मक है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 338 शेयर हरे निशान में और 1977 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स पैक में टीसीएस, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, एचयूएल, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे।

## नोएडा प्राधिकरण में शुरू होगी ई-फाइल प्रक्रिया, खुद का डाटा सेंटर भी बनेगा

**नोएडा (आईएएनएस)**

नोएडा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाने के लिए अब ई-फाइल प्रक्रिया को अपनाया जाएगा। इसके लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर विकसित कर लिया गया है और अब डेटा अपलोड की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण अपना खुद का डेटा सेंटर बनाने की योजना बना सकता है। हालांकि, डेटा सेविंग के लिए प्राधिकरण ने नेशनल इंफॉर्मेशन सेंटर (एनआईसी) को पत्र लिखा है, लेकिन अभी तक वहां से कोई जवाब नहीं मिला है। प्राधिकरण के पास डेटा को क्लाउड पर रखने का विकल्प भी है, लेकिन



प्राथमिक रूप से खुद का डेटा सेंटर बनाने की योजना है। इस नई प्रणाली से नोएडा प्राधिकरण का कार्य डिजिटल रूप में परिवर्तित हो जाएगा और फाइलिंग प्रक्रिया भी अधिक तेज होगी। अब फाइलों को ढूंढने और उन्हें एक मेज से दूसरी मेज तक पहुंचाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## ब्लैक बॉक्स को तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 56 करोड़ का शुद्ध मुनाफा, साल-दर-साल 37 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एस्सार समूह की टेक्नोलॉजी कंपनी ब्लैक बॉक्स ने मंगलवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 56 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 144 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध मुनाफे के मार्जिन में 1.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह तीसरी तिमाही में 3.7 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने के लिए शुद्ध मुनाफे का मार्जिन




1.3 प्रतिशत बढ़कर 3.3 प्रतिशत हो गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि बेहतर परिचालन प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, विशेष मदों में खर्च बढ़ने के बावजूद मुनाफा बढ़ा है। तीसरी तिमाही के लिए राजस्व 1,502 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि (वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही) में यह 1,655 करोड़ रुपये था।




# राज्यपाल ने शहीद कैप्टन को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट जाकर जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए विस्फोट में हजारीबाग के शहीद कैप्टन सरदार करमजीत सिंह बक्शी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि भारत माता के इस वीर सपूत का बलिदान व्यर्थ नहीं जायेगा।

### वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025

# परीक्षा में 2,790 गृह रक्षकों की होगी प्रतिनियुक्ति

- *पहली बार पूर्व में ही मानदेय की राशि स्वीकृत*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, सरकार के संयुक्त सचिव राधेश्याम प्रसाद ने महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा को झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक/इन्टरमीडिएट परीक्षा-2025 के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण के निमित्त गृहरक्षक उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र लिखा था। जिसमें ग्यारह फरवरी से तीन मार्च तक कुल 21 दिनों के लिए रांची जिला में 500, खूंटी में 125, कोडरमा में 100, दुमका में 250, साहेबगंज में 250, सिमडेगा में 200, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में 300, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा में 265, सरायकेला-खरसावॉं में 200, धनबाद में 200, पाकुड़ में 100 और बोकारो में 300 कुल मिलाकर 2,790 गृह रक्षकों की प्रतिनियुक्ति करें। इस प्रतिनियुक्ति पर होने वाले व्यय 6,37,45,920 रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

'राष्ट्रीय नवीन मेल' के संवाददाता से विशेष बातचीत में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव तिवारी ने कहा कि यह पहली बार है जब वार्षिक माध्यमिक/इन्टरमीडिएट परीक्षा में तैनात किये जाने वाले होमगार्ड जवानों को मानदेय भुगतान करने को लेकर अग्रिम रूप से सरकार ने राशि आवंटित किया है। वहीं पूर्व में होमगार्ड जवानों के द्वारा किए गए परीक्षा ड्यूटी का भुगतान अभी तक लंबित है।

### कांग्रेस ने गुरु रविदास की 648 वीं जयंती मनाई

# गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता : केशव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648 वीं जयंती कांग्रेस भवन रांची में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की ओर से केदार पासवान की अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गुरु रविदास से हमें सीखने की आवश्यकता है। खासकर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को उनके विचारों के अनुसार संगठित होकर समाज में आगे बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। आज अनुसूचित जाति के लोगों को अपने बारे में सोचने की आवश्यकता है, समाज का अन्य वर्ग उन्हें आगे बढ़ना चाहता है लेकिन कोशिश उन्हें स्वयं करना होगा। समाज के मुख्य धारा में आगे रखने के लिए संविधान में उन्हें अधिकार प्रदान किए गए हैं उन अधिकारों के बारे में उन्हें जानना होगा, संगठन को मजबूत बनाने के लिए समाज के बीच जाना होगा और उन्हें जागरूक करना होगा। कांग्रेस हमेशा से दलित वर्ग के उत्थान के लिए आवाज उठाती है, कांग्रेसनीत सरकारों में कई कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत की गई थी जिसने अनुसूचित जाति समाज के आर्थिक स्तर को मजबूत किया।

***संत रविदास की जयंती उनके योगदान को याद करने का अवसर : राधा कृष्ण***

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि संत रविदास की जयंती समाज में उनके योगदान को याद करने का अवसर है यह समाज में समानता प्रेम और भाईचारे को बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उनका जीवन सीखाता है कि हमें जाति, धर्म और समाज के हर वर्ग से ऊपर उठकर एकता और प्रेम में विश्वास करना चाहिए। अनुसूचित जाति के अंदर 66 उपजातियां आती हैं और हम एक होने की जगह इन्हीं उपजातियों में विभक्त होकर रह गए हैं। विभाजन का परिणाम है कि संविधान में अधिकार मिलने के बाद भी हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं है। अधिकारों के व्यापक संघर्ष के लिए एकजुटता आवश्यक है। कार्यक्रम को विधायक सुरेश बैठा सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, किशोर शाहदेव, निरंजन पासवान, सोनाल शांति रियाज, अहमद विनय सिन्हा, दीपू कमल ठाकुर, अमूल्य नीरज खलको, जगदीश साहू सहित अन्य शामिल थे।

### संत रविदास की जयंती भाजपा कार्यालय में मनाई गई

# कर्मयोग के सच्चे उपासक रहे संत रविदास : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित मोर्चा के कार्यकर्ता, पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। सभी ने संत रविदास के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।



प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि संत रविदास कर्म योग के सच्चे उपासक थे। रविदास जी भक्ति मार्ग के लिए अपने कर्म को शुद्ध पवित्र बनाकर ईश्वर के चरणों में अर्पित करना ही भक्ति मानते थे। उन्होंने मन और विचार की शुद्धि पर जोर दिया तथा बाह्य आडंबरों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा संत रविदास ने रविदासिया पंथ की स्थापना की थी। इन्हें संत शिरोमणि की उपाधि दी गई थीं। संत रविदास बेहद धार्मिक स्वभाव के थे। वे भक्तिकालीन संत और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने भगवान की भक्ति में समर्पित होने के साथ-साथ अपने सामाजिक और पारिवारिक कर्तव्यों का भी बखूबी निर्वहन किया। संत रविदास ने लोगों को बिना भेदभाव के आपस में प्रेम करने की शिक्षा दी और इसी तरह से वे भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास कहलाए।

संत रविदास जी अपना अधिकांश समय भगवान की पूजा में लगाते थे और धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए, उन्होंने एक संत का दर्जा प्राप्त किया। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' रविदास जी का ये दोहा आज भी प्रसिद्ध है। रविदास जी का कहना था कि शुद्ध मन और निष्ठा के साथ किए काम का हमेशा अच्छा परिणाम मिलता है।

इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र नायक, सीमा पासवान, शिवपूजन पाठक, हेमंत दास, आरती सिंह, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, राकेश राम, संदीप कुमार, सुचिता सिंह, पंकज सिन्हा, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, संजय जायसवाल एवं अन्य ने भी पुष्प अर्पित किया।

## न्यूज | बॉक्स

### एचईसी के मामले में मंत्री के बयान का श्रमिक नेताओं ने किया विरोध

**रांची।** एचईसी के मामले में भारी उद्योग मंत्री के बयान का एचईसी के श्रमिक संगठनों ने आलोचना की है। श्रमिक नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार संसद में सही जानकारी नहीं दे रही है। श्रमिक नेता भवन सिंह ने कहा कि पूर्व में सारस्वत कमेटी ने एचईसी के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव तैयार किया था। यह प्रस्ताव पीएमओ में भेजा गया था, लेकिन इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका है। एचईसी में शत-प्रतिशत हिस्सेदारी केंद्र सरकार की है। ऐसे में सरकार बकाया भुगतान का दायित्व यहां के प्रबंधन पर डाल कर नहीं बच सकती। श्रमिक नेता लालदेव सिंह ने कहा है कि भारी उद्योग मंत्री ने इस तरह का पहले भी बयान दिया है। एचईसी का बकाया बढ़ता जा रहा है। बैंक का खाता फ्रीज हो रहा है। प्रबंधन अपने स्तर से सभी बकाया नहीं दे सकता। ऐसे में सरकार को इस पर निर्णय लेना चाहिए।

### झारखंड आंदोलनकारी का प्रतिनिधिमंडल मंत्री और विधायकों को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को सत्ता पक्ष के मंत्रियों, विधायकों और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की। वित्तमंत्री राधा कृष्ण किशोर से अशोक नगर स्थित आवास में मिलकर संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित कराने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से मिले। इस दौरान आंदोलनकारियों के आश्रितों को शीघ्र नियोजन देने की दिशा में काम करने की मांग की गई। इसके बाद झामुमो महासचिव विनोद पांडे से मिले, जिन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों के चिह्नितिकरण के सवाल पर कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। आज यह राज्य आंदोलनकारियों के त्याग और बलिदान, संघर्ष के कारण ही बन पाया हैं। मौके पर पुष्कर महतो सहित अन्य मौजूद थे।

## आयुष्मान योजना को लेकर हेमंत सरकार ले रही अव्यावहारिक फैसला : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड की धरती से विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत की शुरूआत की थी, लेकिन अब झारखंड सरकार की एक अव्यवहारिक फैसले ने आमजनों के लिए समस्याएं उत्पन्न कर दी हैं। कहा कि आयुष्मान भारत के तहत झारखंड सरकार ने नया नियम जारी किया है, जिसमें केवल 50 बेड (शहरी) और 30 बेड (ग्रामीण) वाले निजी अस्पताल ही योजना में शामिल होंगे। इससे सैकड़ों छोटे अस्पताल बाहर हो जाएंगे, जिससे गरीब मरीजों को इलाज में दिक्कत होगी। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां छोटे अस्पतालों पर निर्भरता ज्यादा है, मरीजों को महंगे और दूर के बड़े अस्पतालों में जाना पड़ेगा। इससे स्वास्थ्य सेवाएं गरीबों के लिए और सीमित हो जाएंगी। कहा कि राज्य सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करें और इसे तुरंत वापस लें, ताकि कोई भी व्यक्ति आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित न हो। कहा कि अगर कहीं गड़बड़ी हो रही है, तो उसकी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।लेकिन ऐसा आदेश न दें जिससे किसी को आयुष्मान योजना के लाभ से वंचित होना पड़े।



# ट्रेड फेयर में लोगों को पसंद आ रही तुर्की की मिठाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (हि.स.)।** झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में आयोजित 16वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में लगातार लोग पहुंच रहे हैं। बुधवार को भी लोग खरीदारी करने के लिए ट्रेड फेयर पहुंचे। हर स्टॉल पर खरीदारों की भीड़ दिखी। फेयर में इंटरनेशल हैंगर नंबर दो टर्कीस बकलावा स्टॉल पर तुर्की के पारंपारिक मिठाइयों की अलग अलग वैराइटी बिक रही थी। यहां शुद्ध घी, शहद और नट्स से बनी 30 वैराइटी की मिठाइयां उपलब्ध है, जिसमें कैशियो कुनाफा, पिस्ता चॉकलेट कुनाफा, अखरोट बकलावा आदि मिठाइयां शामिल हैं। आधा किलो का डब्बा 1500 रुपए में उपलब्ध है। लोग इन मिठाइयों को पंसद कर रहे हैं। इसके अलावा अफगानी ड्राई फ्रूट्स की मांग भी अधिक है। यहां अखरोट 1800, बदाम तीन हजार, किशमिश 1400, बड़ा खजूर 1800, ब्लैक बेरी 1800, ब्लू बेरी 2100, ड्राई मैंगो 1600, ड्राई स्ट्रोबेरी 1600 रुपए प्रति किलो बिक रहा है।



इसके अलावा बंगाल का मशहूर संदेश मिठाई भी लोगों को भा रहा है। रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा अपनी पत्नी संग ट्रेड फेयर पहुंचे। उन्होंने मेगा ट्रेड फेयर में आयोजित कुकरी शो स्वीट डिश कुकिंग प्रतियोगिता में बने स्वीट डिश का स्वाद चखा और तारीफ की। उन्होंने प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। उन्होंने फेयर के विभिन्न स्टॉलों का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर चैंबर के अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, प्रवीण लोहिया समेत अन्य लोग मौजूद थे।


### नेशनल कुकरी प्रतियोगिता में झारखंड की सुमोना उपविजेता

**रांची।** नोएडा में आयोजित नेशनल कुकरी प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। भारत में पाक कला प्रतिभाओं के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इसमें कन्याकुमारी की फातिमा शीबा नेशनल विनर बनीं। झारखंड की सुमोना देब उपविजेता रहीं। जम्मू की चरणजीत कौर ने तीसरा स्थान हासिल किया। शीर्ष तीन विजेताओं को क्रमशः ₹51, ₹31 और ₹21 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में पूरे देश से 50 फाइनलिस्ट शामिल हुए। उन्होंने लाइव कुकिंग डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से अपनी पाक-कला कौशल का प्रदर्शन किया।

### डिलिस्टिंग के नाम पर आदिवासी जमीन पर कब्जा : मुंडा धर्मसभा

**रांची।** खूंटकटी मुंडा धर्मसभा और सरना संगोम खूंटी के द्वारा बुधवार को अदिवासी मुंडा समाज और धार्मिक अगुवाओं का महाजुटान पिठोरिया सुतियाम्बे गढ़ में हुआ। इसमें ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, असम सहित स्थानीय खोड़हा मंडली शामिल हुए। कार्यक्रम की अगुवाई मुख्य पाहन अरविंद पाहन ने की। वक्ताओं ने कहा कि आज पाहनों पर ही धार्मिक हमला किया जा रहा है। भोले-भाले आदिवासी समाज को डिलिस्टिंग कराकर और गोयतिया को आपस में लड़वा कर भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से लूटा जा रहा है। मुंडा समाज के नेतृत्वकर्ता को चिन्हित कर उनकी हत्या तक की जा रही है। साथ ही मुंडा समाज की राजनीतिक शक्ति को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमशाही मुंडा, कुंदरसी मुंडा, खूंटकटी मुंडा सभा के अध्यक्ष शैलेश पाहन, सचिव देवेंद्र पाहन और मनीष मुंडा ने संयुक्त रूप से कहा कि तेजी से मुंडहर पहाड़ पर माफियों के द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है।

### गाली-गलौज करने से मना किया तो युवक को मारा चाकू



**रांची।** कोकर भाभा नगर में युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल युवक बिरसा लकड़ा को रिम्स में भर्ती कराया गया। घटना सात फरवरी की है। इस संबंध में सोनू लकड़ा ने गोलू और पिंकी देवी के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोनू लकड़ा ने पुलिस को बताया कि भाभा नगर रोड नंबर छह में सात फरवरी की शाम गोलू गाली-गलौज कर रहा था। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे। बिरसा उसे गाली-गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने बिरसा के पेट में चाकू मार दिया। चाकू के वार से बिरसा जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद गोलू पिंकी समेत अन्य लोग मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में पड़े बिरसा को मौके पर मौजूद लोगों ने रिम्स में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### एयरो इंडिया में संजय सेठ ने किया नौसेना के सेमिनार का उद्घाटन, कहा

# रक्षा उत्पादों में स्वदेशी उपकरणों ने बड़ी छलांग लगाई

- *60 जहाजों का शिपयार्ड में निर्माणाधीन होना, भारत की बड़ी उपलब्धि*
- *मित्र देशों के साथ साझेदारी से और सशक्त हो रही नौसेना*

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेंगलुरु/रांची।** बेंगलुरु में आयोजित एयरो इंडिया में बुधवार को तीसरे दिन भारतीय नौसेना के द्वारा आयोजित सेमिनार का उद्घाटन रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने किया। इस सेमिनार का आयोजन आत्मनिर्भर भारतीय नौसेना विमानन -2047 प्रौद्योगिकी रोडमैप विषय पर किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए नौसेना द्वारा रक्षा निर्माण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य और इनकी प्रतिबद्धताएं प्रशंसनीय हैं। यह बहुत ही सुखद और बड़ी बात है कि भारतीय शिपयार्ड में 60 जहाज निर्माणाधीन हैं। यह भारतीय नौसेना की बड़ी उपलब्धि है। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में मेक इन इंडिया में अग्रणी रहने व आत्मनिर्भरता के साथ रक्षा उत्पादों को बढ़ाने की दिशा में रक्षा मंत्रालय का हर कार्य और प्रयास सराहनीय है।

श्री सेठ ने कहा कि विमानवाहक पोत, छोटे गश्ती जहाज, पनडुब्बियों के साथ अन्य रक्षा उत्पादों के स्वदेशीकरण में नौसेना ने एक बड़ी छलांग लगाई है। यह रक्षा क्षेत्र में भारत की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह गौरव करने वाली उपलब्धि है कि भारतीय नौसेना के साथ दुनिया के कई मित्र देश अपनी साझेदारी निभा रहे हैं। भारत के आर्थिक पुनरुत्थान, सरकार की पहल और रक्षा उत्पादों को बढ़ाने के लिए अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण विगत एक दशक में नौसेना ने किया है। भारत दुनिया के साथ अनुसंधान, विकास और रक्षा उत्पादन में संयुक्त साझेदारी के साथ काम कर रहे हैं। नौसेना के ये कार्य व उपलब्धियां अद्वितीय हैं। आने वाले दिनों में भारतीय नौसेना मेक इन इंडिया के साथ रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देगी यह विश्वास हम सबको है। इस अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, एडमिरल जे०बी० सिंह सहित नौसेना के सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।



### कई देशों के रक्षा मंत्री व रक्षा प्रतिनिधियों से मिले संजय सेठ

**रांची/बेंगलुरु।** एरो इंडिया 2025 में 81 देशों के 162 से अधिक प्रतिनिधि अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देशों के 15 रक्षा मंत्री, 11 उप रक्षा मंत्री, 15 सचिव, 17 सेवा प्रमुखों ने अपनी सशक्त भागीदारी निभाई है। बुधवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आर्मेनिया के उप रक्षा मंत्री, चाड के सेवा प्रमुख और रक्षा मंत्रालय के निदेशक, श्रीलंका के रक्षा सचिव, फ्रांस के रक्षा प्रतिनिधि, वेनेजुएला के उप मंत्री सहित कई देशों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि एयरो इंडिया 2025 कार्यक्रम रक्षा के क्षेत्र में दुनिया में भारत के बढ़ते प्रभाव का परिचायक है। भारत की कई देशों के साथ रक्षा क्षेत्र में साझेदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री से नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी के कुशल नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है।

## पृष्ठ एक के शेष

**महाकुंभ : बुध पूर्णिमा पर...**

**प्रशासन ने नहीं किए वैकल्पिक इंतजाम, नाराज दिखे श्रद्धालु :** श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए भी रेलवे प्रशासन ने अतिरिक्त ट्रेनों या कोचों की व्यवस्था नहीं की, जिससे स्थिति और अधिक बिगड़ गई। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की सुविधा के लिए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए गए थे। स्थानीय यात्री और श्रद्धालु रेलवे प्रशासन की इस लापरवाही से खासा नाराज दिखे। उनका कहना था कि हर वर्ष महाकुंभ और संगम स्नान के अवसर पर यह स्थिति बनती है, फिर भी रेलवे और प्रशासन इससे कोई सीख नहीं लेता। यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर प्रशासन की इस बेरुखी से लोग असंतुष्ट और हताश नजर आए। रेलवे प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचा जा सके।

**ईंट भट्ठा व क्रशर मालिकों से...**

पर चैनपुर थाना में दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। आगजनी और रंगदारी मामले में भी इसके शामिल रहने की जानकारी मिली है। रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। पूछताछ में फिरोज ने बताया है कि उसे 20 हजार रूपए महीना कर्ज देना पड़ता है। समूह से ऋण ले रखा है। इसके लिए वह लगातार रंगदारी मांगता था और कर्ज की भरपाई करता था।

**हम और आप स्वस्थ रहेंगे...**

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस रेफरल अस्पताल ने ना जाने कितने लोगों को नया जीवन दिया है। समय के साथ अस्पताल भवन का भी कायाकल्प जरूरी था। उन्होंने कहा, जब से मांडर की जनता ने मुझे अपना जनप्रतिनिधि चुना है, तब से मैं अस्पताल परिसर को नया रूप, नया जीवन देने के प्रयास में लगी थी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में मांडर रेफरल अस्पताल नजीर साबित होगा।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा, अगर आप और हम स्वस्थ रहेंगे, तभी स्वस्थ समाज का भी निर्माण संभव है। मेरा इस रेफरल अस्पताल को समय के साथ अपग्रेड करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

कृषि मंत्री तिर्की ने कहा, आज नौ करोड़ 21 लाख 15 हजार रुपए से ज्यादा की लागत से नवनिर्मित भवन सबके सामने है। मांडर रेफरल अस्पताल स्वास्थ्य के क्षेत्र में नजीर साबित होगा। इस रेफरल अस्पताल के साथ भले ही मांडर का नाम जुड़ा हो, पर हकीकत ये है कि इस अस्पताल में खलारी, बुढ़मू, चान्हो जैसे सीमावर्ती प्रखंड और उसके गांव के लोग बेहतर इलाज के लिए यहां प्रतिदिन आते हैं। अस्पताल के नए भवन के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य के लिए उपकरण की भी व्यवस्था जरूरी है। आज लोग गंभीर बीमारियों के लिए भले ही बड़े अस्पताल या बड़े शहरों की तरफ रुख करते हों, पर कोशिश यह होनी चाहिए की गंभीर बीमारी को छोड़ बाकी का इलाज इसी अस्पताल में हो सके।

# अदाणी डिफेंस और एयरोस्पेस ने दिखाए आधुनिक हथियार एवं भविष्य की टेक्नोलॉजी




**एजेंसी। बेंगलुरु**

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा एशिया के सबसे बड़े एयर शो 'एयरो इंडिया 2025' में भविष्य की टेक्नोलॉजी और आधुनिक हथियार दिखाए गए।

अदाणी ग्रुप की डिफेंस कंपनी के स्टॉल, एयरो इंडिया के 15वें संस्करण में प्रमुख आकर्षक केंद्रों में से एक थी, जहां आधुनिक हथियार और भविष्य की डिफेंस टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया गया है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के स्टॉल पर मुख्य आकर्षण 'व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम' था, जिसे कंपनी ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर विकसित किया है। स्टॉल पर डिफेंस की चार लेयर में भविष्य के हथियार प्रस्तुत किए गए हैं, जिसमें सुरक्षा, पता लगाना, निष्क्रिय करना और राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा में एआई का उपयोग शामिल है। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष रघुवंशी ने आईएएनएस से कहा, "हम जिन भी क्षमताओं को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्हें यहां प्रदर्शित किया गया है। इसमें ड्रोन से लेकर छोटे हथियार, गोला-बारूद, मिसाइलें, सतह-निर्देशित मिसाइलें और सबसे महत्वपूर्ण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और उन्नत मशीनरी शामिल हैं।" लैंड सिस्टम्स के प्रमुख अशोक वाधवान ने कहा, "हमारा लक्ष्य रक्षा बलों का रणनीतिक भागीदार बनना है। हमारा ध्यान भविष्य की टेक्नोलॉजी, ऐसे उत्पाद विकसित करने पर है, जो उनकी अपेक्षाओं से परे हों। यदि वे किसी क्षमता की कल्पना कर सकते हैं, तो हम इसे वास्तविकता में बदलना चाहते हैं और भारत में उन उन्नत प्रणालियों का निर्माण करना चाहते हैं।" डिस्प्ले के बारे में विवरण प्रदान करते हुए, वाधवान ने विस्तार से बताया, "हमने अपनी तकनीक को चार परतों में स्ट्रक्चर किया है। पहली परत सुरक्षा पर केंद्रित है, जिसमें प्रारंभिक निगरानी और खतरे का पता लगाने के लिए डिजाइन किए गए मानव रहित वाहन और मानव रहित पानी के नीचे की प्रणालियां शामिल हैं।" उन्होंने आगे कहा, "दूसरी परत पहचान है, जिसमें हवाई निगरानी प्लेटफार्मों में परिवर्तित विमान शामिल हैं, जो आकाश में हमारी आंखें हैं। हम जमीन, हवा और पानी के नीचे के क्षेत्रों में डिटेक्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। तीसरी परत न्यूट्रीलाइजेशन है, जिसमें घूमती हुई वस्तुएं, मिसाइलें और अन्य गोला-बारूद शामिल हैं। अंतिम परत में उन्नत हथियार शामिल हैं।" वाधवान के मुताबिक, इसके अलावा हम बलों की सुरक्षा के लिए डिजाइन किए गए एआई संचालित समाधानों का प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारा प्राथमिक ध्यान भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना पर है, हालांकि, निर्यात भी हमारी रणनीति का हिस्सा है। हालांकि, हमारी प्राथमिकता हमारी देश की सेनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम सरकारी डिफेंस कंपनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की बजाय उनके साथ साझेदारी कर रहे हैं।

### भारत-फ्रांस सीईओ फोरम में पीएम मोदी बोले

# आज दो देशों के बेस्ट बिजनेस माइंड का हो रहा संगम

**एजेंसी। पेरिस**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस में भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं इस रूम में एक अद्भुत ऊर्जा, उत्साह को महसूस कर रहा हूं। ये सिर्फ एक बिजनेस इवेंट नहीं है, बल्कि भारत और फ्रांस के बेस्ट बिजनेस माइंड का संगम है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए इनोवेट, कोलैबोरेट और इंटीग्रेटेड का मंत्र दिया। उन्होंने कहा, "मैं शिखर सम्मेलन की रिपोर्ट का स्वागत करता हूं। मैं देख रहा हूं कि आप सभी इनोवेट, कोलैबोरेट और इंटीग्रेटेड के मंत्र के साथ काम कर रहे हैं। आप सिर्फ संबंध ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत कर रहे हैं। राष्ट्रपति मैक्रों के साथ इस शिखर सम्मेलन में शामिल होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। पिछले दो वर्षों में यह हमारी छठी बैठक है। पिछले साल राष्ट्रपति मैक्रों हमारे गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि थे। आज सुबह हमने एक साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। मैं इस सफल शिखर सम्मेलन के लिए राष्ट्रपति मैक्रों को हार्दिक बधाई देता हूं।" उन्होंने 2047 रोडमैप का जिक्र करते हुए कहा, "भारत और फ्रांस केवल लोकतांत्रिक मूल्यों से ही नहीं जुड़े हैं। हमारी दोस्ती की नींव डीप ट्रस्ट, इनोवेशन और जन कल्याण की भावना पर आधारित है। हमारी साझेदारी केवल दोनों देशों तक ही सीमित नहीं है। हम वैश्विक समस्याओं और चुनौतियों के समाधान में मिलकर सहयोग दे रहे हैं। मेरी पिछली यात्रा के दौरान हमने अपनी साझेदारी के लिए 2047 रोडमैप बनाया था। उस पर चलते हुए हम हर क्षेत्र में सहयोग को व्यापक तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं।" प्रधानमंत्री ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम के दौरान कहा, "हमने स्थिर और पूर्वानुमानित नीति का एक इको-सिस्टम स्थापित किया है।

## मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन, भारत-फ्रांस संबंधों का नया अध्याय

**मार्सिले (फ्रांस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का खुलना एक 'ऐतिहासिक क्षण' है और यह भारत-फ्रांस संबंधों में एक 'नया अध्याय' है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "मार्सिले में एक ऐतिहासिक क्षण! राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मैंने इस जीवंत शहर में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया, जो भारत-फ्रांस संबंधों में एक नया अध्याय है। यह वाणिज्य दूतावास एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में काम करेगा, जो हमारे सांस्कृतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करेगा।" प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "भारत के साथ मार्सिले के संबंध सर्वविदित हैं। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान यह भारतीय सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण बेस था। इस शहर का वीर सावरकर से भी गहरा संबंध है। इस विशेष उद्घाटन पर मैं फ्रांस सरकार को धन्यवाद देता हूं और भारतीय प्रवासियों को बधाई देता हूं।" प्रधानमंत्री मोदी ने 2023 में फ्रांस की यात्रा के दौरान इस दूतावास की योजना का ऐलान किया था।

## फ्रांस में दिखी पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की गहरी दोस्ती की झलक

**पेरिस।** प्रधानमंत्री मोदी की फ्रांस यात्रा का एक अनूठा पहलू राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा उन्हें दिया गया समय और सम्मान है। यह दोनों नेताओं की बेहतर आपसी समझ और गहरी दोस्ती को दर्शाता है। पीएम मोदी की यात्रा के पहले दिन राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से आयोजित रात्रिभोज में दोनों नेताओं ने बातचीत की। अगले दिन 'एआई एक्शन समिट' में भी यह सौहार्दपूर्ण माहौल जारी रहा। भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। अपने घनिष्ठ संबंधों को दर्शाते हुए दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की मेजबानी की, जो आर्थिक सहयोग के लिए उनके साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है। दोस्ती के एक असाधारण संकेत में, दोनों नेता एक संयुक्त काफिले में और एक ही विमान में मार्सिले पहुंचे। राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी के लिए मार्सिले में रात्रिभोज की मेजबानी की। पीएम मोदी के लिए यूं तो सभी विश्व नेताओं ने सम्मान और महत्व दिखाया लेकिन जो निकटता और अपनापन मैक्रों ने दर्शाया उसका अन्य उदाहरण मिलना दुर्लभ है।

## ब्रिटेन : भारतीय मूल की महिला के साथ ट्रेन में नस्लीय दुर्व्यवहार

**लंदन।** ब्रिटेन की एक ट्रेन में कथित नस्लीय दुर्व्यवहार का एक और मामला सामने आया है। आरोप है कि 26 वर्षीय भारतीय मूल की महिला के साथ नशे में धुत एक शख्स ने क्रूरतापूर्ण व्यवहार किया। इस घटना से सार्वजनिक स्थानों पर हेट स्पीच को लेकर चिंता बढ़ा दी है। यह घटना रविवार को उस समय हुई जब महिला, लंदन से मैनचेस्टर जा रही थीं। एक सहयात्री के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान, उन्होंने आप्रवासियों का समर्थन करने वाले एक संगठन के साथ अपने काम का जिक्र किया। ऐसा लगता है कि दोनों की बातचीत से एक अन्य यात्री भड़क गया। यह शख्स एक कैन से शराब पी रहा था और नस्लीय टिप्पणी करने लगा। घटना के एक वीडियो, जिसे बाद में हटा दिया गया।

# असद के सत्ता से हटने के बाद 2,70,000 सीरियाई शरणार्थी लौटे स्वदेश

**एजेंसी। दमिश्क**



दिसंबर 2024 में बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद से अब तक 2,70,000 से अधिक सीरियाई शरणार्थी अपने देश लौट चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचआरसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अभी भी लाखों सीरियाई विदेश में हैं, लेकिन आने वाले महीनों में और अधिक लोगों के लौटने की उम्मीद है। सीरिया में यूएनएचआरसी मिशन के उप प्रतिनिधि असीर मदाईन ने कहा कि 8 दिसंबर को जब असद सरकार पतन हुआ, तब से शरणार्थियों की वापसी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि यदि सीरिया में बुनियादी सेवाओं में सुधार होता है, तो यह संख्या और बढ़ सकती है। यूएनएचआरसी के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, विदेशों में रह रहे 27 प्रतिशत सीरियाई शरणार्थियों ने अगले साल के भीतर अपने देश लौटने की इच्छा जताई है। पिछले साल यह संख्या केवल 1 प्रतिशत थी, जिससे साफ होता है कि अब अधिक लोग अपने घर वापस आने के लिए तैयार हैं। मदाईन ने कहा कि यह बदलाव सीरियाई नागरिकों के आत्मविश्वास में वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि, लौटने वाले शरणार्थियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्याओं में रहने के लिए घरों की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनुपलब्धता और रोजगार के सीमित अवसर शामिल हैं। कई लोगों के पास वापस लौटने पर सिर छिपाने के लिए कोई जगह नहीं है, और उन्हें अस्थायी शिविरों में रहना पड़ रहा है। इसके अलावा, मानवीय संगठनों के लिए इन शरणार्थियों की जरुरतों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।

## अब बर्ड फ्लू को लेकर अमेरिका से जानकारी साझा करना बनी चुनौती : डब्ल्यूएचओ

**एजेंसी। जिनेवा**




अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हटने के कारण बर्ड फ्लू के प्रकोप से जुड़ी जानकारी साझा करने में कठिनाई हो रही है। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिश्चियन लिंडमियर ने जिनेवा में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका के साथ कम्युनिकेशन एक बड़ी चुनौती बन गया है हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। अप्रैल 2024 में अमेरिका में एच5एन1 बर्ड फ्लू का प्रकोप सामने आया था, जिसमें अब तक लगभग 70 लोग संक्रमित हो चुके हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बताया कि अब तक इस वायरस के मानव-से-मानव संक्रमण के कोई सबूत नहीं मिले हैं और आम जनता के लिए जोखिम कम है। लेकिन जो लोग पक्षियों, मुर्गियों या मवेशियों के संपर्क में रहते हैं, उनमें संक्रमण का खतरा अधिक है। डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के हटने के फैसले को लेकर चिंता जताई जा रही है, खासकर नई बीमारियों और वायरस के बारे में जानकारी साझा करने के मामले में। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण के दिन एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर अमेरिका को डब्ल्यूएचओ से बाहर निकाल दिया।

## अमेरिकी शिक्षक की घर वापसी, 2021 से रूसी जेल में थे बंद, ट्रंप से की मुलाकात

**एजेंसी। वाशिंगटन**

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की जेल से रिहा होने के बाद अमेरिकी स्कूल शिक्षक मार्क फोगेल का स्वागत किया। व्हाइट हाउस ने उनकी रिहाई को एक कूटनीतिक सफलता बताया। 61 वर्षीय मार्क फोगेल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस से बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। उनके अमेरिका लौटने पर व्हाइट हाउस में उनका स्वागत किया गया। ट्रंप के बगल में खड़े होकर फोगेल ने कहा, "इस समय मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति महसूस कर रहा हूं। आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। यहां वापस आकर बहुत खुश हूं।" पेंसिल्वेनिया के रहने वाले फोगेल को अगस्त 2021 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मारिजुआना रखने के कारण 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उनके परिवार और समर्थकों का मानना था कि उनकी हिरासत अन्यायपूर्ण थी। बाइडेन प्रशासन ने दिसंबर 2024 में आधिकारिक तौर पर फोगेल को गलत तरीके से हिरासत में लिया गया माना, लेकिन उन्हें पूर्व यूएस-रूस कैदी आदान-प्रदान में शामिल नहीं किया गया। फोगेल ने कहा कि वह अपनी रिहाई के लिए ट्रंप के हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भी सराहना की और उन्हें 'उदार राजनेता' बताया। शर्तों के बारे में बोलते हुए ट्रंप ने कहा, "यह बहुत निष्पक्ष और उचित था।

# रूस के नियंत्रण में आ सकता है यूक्रेन

**एजेंसी। वाशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि यूक्रेन किसी दिन रूस के नियंत्रण में आ सकता है। उन्होंने युद्ध प्रभावित देश से अमेरिकी सहायता के बदले में अपने प्राकृतिक संसाधनों को साझा करने की बात कही। ट्रंप ने सोमवार को फॉक्स न्यूज को बताया कि उन्होंने कीव से कहा था कि उन्हें '500 बिलियन डॉलर की दुर्लभ पृथ्वी तत्व (विशेष धातुओं का एक समूह) चाहिए।' उन्होंने दावा किया कि यूक्रेनी अधिकारियों ने प्रस्ताव पर "मूल रूप से सहमति" जताई थी। यूएस प्रेसिडेंट ने कहा कि यूक्रेन के पास दुर्लभ मिट्टी, तेल और गैस, अन्य चीजों के मामले में बहुत मूल्यवान भूमि है।" ट्रंप ने कहा, "मैं चाहता हूँ कि हमारा पैसा सुरक्षित रहे क्योंकि हम सैकड़ों अरब डॉलर खर्च कर रहे हैं।" उन्होंने कहा, "वे सौदा कर सकते हैं, वे सौदा नहीं भी कर सकते हैं। वे किसी दिन रूसी हो सकते हैं, या वे किसी दिन रूसी नहीं भी हो सकते हैं।" अमेरिकी राष्ट्रपति रूस यूक्रेन संघर्ष को जल्द खत्म करन की बात कहते आए हैं। उन्होंने पहले इस सप्ताह यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मिलने की बात कही थी। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ट्रंप की ये टिप्पणियाँ क्रेमलिन को खुश करने वाली हैं, जिसने अपने आक्रमण को शुरू करने के बाद से चार यूक्रेनी क्षेत्रों को अवैध रूप से अपने कब्ज़ में ले लिया है। क्रेमलिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणियों को दोहराया। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रंप ने यह भी कहा कि उनके प्रशासन ने रूस और यूक्रेन के बीच संभावित शांति वार्ता के लिए आधार तैयार करने में 'जबरदस्त प्रगति' की है।

## गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान कनेक्शन की जांच होनी चाहिए : हिमंता बिस्वा

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ को पाकिस्तान के प्रतिष्ठान से जोड़ने वाली रिपोर्ट्स पर टिप्पणी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में गंभीर सवाल उठते हैं, जिन्हें बिना जवाब दिए नहीं छोड़ा जा सकता। मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोगोई की पत्नी पर लगे कुछ आरोपों का जिक्र किया। कहा कि पाकिस्तान दूतावास में भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और ब्रेनवॉश करने के आरोप की गहन जांच होनी चाहिए। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा, "आईएसआई से संबंध, युवा व्यक्तियों को ब्रेनवॉश करने और कट्टरपंथी बनाने के लिए पाकिस्तान दूतावास में ले जाने और पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता लेने से इनकार करने के आरोपों के बारे में गंभीर सवालों के जवाब दिए जाने की आवश्यकता है।






### परीक्षा पे चर्चा : दीपिका पादुकोण ने बच्चों से कहा

# 'अपने स्ट्रेस के बारे में माता-पिता व शिक्षकों से करें बात'

**एजेंसी। नई दिल्ली**



● **मेरे माता-पिता कहते हैं कि आप दीपिका को कभी भी जमीन पर नहीं पाएंगे। मैं हमेशा सोफे, टेबल और कुर्सियों पर कूदती रहती थी। मुझे एक्स्ट्रा-करिकुलर गतिविधियों में अधिक रुचि थी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के आठवें संस्करण में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भाग लिया, जहां वो अपने व्यक्तिगत अनुभवों को छात्रों संग शेयर करती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा के दौरान तनाव को कैसे मैनेज करें इस पर भी बात की।

चर्चा के दौरान दीपिका ने अपने बचपन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका खेल और गतिविधियों के प्रति झुकाव था।

उन्होंने कहा, "मैं बचपन में बहुत शरारती थी। आज भी मेरे माता-पिता कहते हैं कि आप दीपिका को कभी भी जमीन पर नहीं पाएंगे। मैं हमेशा सोफे, टेबल और कुर्सियों पर कूदती रहती थी। मुझे एक्स्ट्रा-करिकुलर (पाठ्येतर) गतिविधियों में अधिक रुचि थी।"

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दीपिका ने 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद दिया।

अभिनेत्री ने छात्रों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों के दबाव से निपटने के बारे में बात करने के साथ उन्हें सलाह भी दी, दीपिका ने कहा, "उन चीजों पर फोकस करें जिन्हें आप कंट्रोल कर सकते हैं। अपने माता-पिता और शिक्षकों से अपने तनाव के बारे में बात करें, इसके कारण की पहचान करें और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को बताएं जिस पर आप भरोसा करते हैं।"

उन्होंने छात्रों को तनाव से निपटने के प्रभावी तरीकों के रूप में ध्यान और व्यायाम का अभ्यास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

दीपिका ने इस बात पर जोर दिया कि गलतियां करना सीखने का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने मौज-मस्ती, आराम के साथ प्रकृति और धूप के साथ की भी बात की।

एक इंटरैक्टिव सीजन के हिस्से के रूप में उन्होंने एक गतिविधि आयोजित की जिसमें छात्रों ने कागज के टुकड़ों पर अपनी ताकत लिखी और उन्हें एक बोर्ड पर प्रदर्शित किया।

उन्होंने कहा, 'यह गतिविधि आपको यह एहसास कराती है कि यदि आप अपनी कमजोरियों के बजाय अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप देखेंगे कि आप कितनी चीजों में अच्छे हैं।"

सीजन में एक मजेदार तत्व जोड़ते हुए दीपिका ने छात्रों के साथ कई गेम भी खेले।

इससे पहले मंगलवार को, उन्होंने परीक्षा पे चर्चा में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और इस एपिसोड के बारे में उत्साह व्यक्त किया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के तनाव और दबाव से निपटने में छात्रों की मदद करने के प्रयासों की सराहना की थी।